{ विश्वास वही रफ्तार नई }

बालाघाट
शुक्रवार 02 जनवरी 2026
पौस शुक्ल 14 विक्रम सम्वत 2082
वर्ष 16, अंक 101
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00

पद्मेश मीडिया समूह का प्रकाशन

# बालाघाट एक्सप्रेस

हिन्दी दैनिक

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | - | 85,188.60 |
| निफ्टी | - | 26,146.55 |
| सोना | - | 1,35,060 |
| चांदी | - | 2,38,000 |
| डॉलर | - | 89.99 |

/padmeshmedia /padmeshmedia epaper.balaghatexpress.in E-mail: balaghatexpress@gmail.com

## खास खबर

### वीरों के लिए स्तूप मंजूर किया

चेन्नई। मद्रास हाईकोर्ट ने 1755 की 'नाथम कनवाई जंग' के वीरों की याद में स्मारक स्तूप बनाने का रास्ता साफ कर दिया है। अदालत ने कहा कि जब फादर स्टेन स्वामी की याद में मेमोरियल बनाने के लिए अनुमति की जरूरत नहीं पड़ी, तो नाथम कनवाई युद्ध के वीरों के लिए स्तूप पर भी इजाजत की मांग नहीं की जा सकती। नाथम के तहसीलदार ने वकील सिवा कलैमणि अंबालम की निजी जमीन पर युद्ध स्मारक स्तूप बनाने के अनुरोध को खारिज कर दिया था। जस्टिस जी आर स्वामीनाथन ने 26 नवंबर के आदेश में कहा कि याचिकाकर्ता को अपनी बताई भूमि पर 'नाथम कनवाई वॉर' की याद में स्तूप बनाने की पूरी छूट है।

### एयर मार्शल नागेश कपूर बने वाइस चीफ ऑफ एयर स्टाफ

नई दिल्ली। एयर मार्शल नागेश कपूर ने 1 जनवरी को भारतीय वायुसेना के वाइस चीफ ऑफ एयर स्टाफ का पद संभाल लिया। दिसंबर 1986 में वायुसेना की फ्लाइंग ब्रांच में कमीशंड हुए कपूर ने फाइटर और ट्रेनर विमानों पर उड़ान भरने का व्यापक अनुभव हासिल किया है। चार्ज लेने के बाद उन्होंने नई दिल्ली के नेशनल वॉर मेमोरियल पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इससे पहले वे साउथ वेस्टर्न एयर कमांड (एसडब्ल्यूएसी) के एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ थे। कपूर को इस साल ऑपरेशन सिंदूर में नेतृत्व के लिए सर्वोत्तम युद्ध सेवा मेडल मिला था। उनके पास 3400 घंटे से ज्यादा उड़ान का अनुभव है। वे नेशनल डिफेंस अकादमी, डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज और नेशनल डिफेंस कॉलेज के पूर्व छात्र हैं।

### पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन गुवाहाटी-कोलकाता के बीच चलेगी

नई दिल्ली। पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन गुवाहाटी से कोलकाता के बीच चलेगी। थर्ड एसी का किराया 2,300 तय किया गया है। वहीं सेकेंड एसी का किराया 3,000 होगा। फर्स्ट एसी का किराया लगभग 3,600 प्रस्तावित किया गया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को बताया कि वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का ट्रायल, टेस्टिंग और सर्टिफिकेशन पूरा कर लिया है। स्लीपर ट्रेन को 1000 किलोमीटर से ज्यादा लंबी दूरी की यात्रा को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। इस साल के आखिर तक लगभग 12 वंदे भारत स्लीपर ट्रेनें तैयार हो जाएंगी। दो दिन पहले इस ट्रेन का ट्रायल रन किया गया था। यह ट्रेन 180 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से कोटा-नागदा रेलवे ट्रैक पर दौड़ी। लोको पायलट ने 4 ग्लास में पानी रखा, इतनी रफ्तार के दौरान भी ग्लास में से पानी नहीं छलका। उधर बुलेट ट्रेन को लेकर रेलमंत्री ने कहा कि यह 15 अगस्त 2027 तक बनकर तैयार हो जाएगी।

## कुछ ना कहना




## इंदौर का भागीरथपुरा दूषित जल हादसा

## मौत और बीमारी के बाद दौड़े अफसर...

चमड़ी बचाने जिम्मेदारों ने बड़ी शिद्दत से अपील जारी की रहवासी पानी को छानकर और उबालकर पीएं..।

लोग 15 दिन से चिल्ला रहे थे कि गंदा पानी आ रहा हे, किसी ने नहीं सुनी और...

# गंदे पानी में बह गईं 14 जिंदगी

इंदौर-बीबीसी, न्यूज। लगातार सात सालों तक देश के सबसे स्वच्छ शहर का तमगा हासिल करने वाले मध्य प्रदेश के इंदौर शहर के भागीरथपुरा में नर्मदा नदी की पाइपलाइन में ड्रेनेज लाइन का पानी मिल जाने से सप्लाई का पानी गंदा हो गया। बीते सप्ताह इंदौर के इस इलाके में 11 मौतें हुई हैं लेकिन सरकारी आंकड़ों के मुताबिक दूषित पानी की वजह से चार लोगों की मौत हुई है। बाकी लोगों की मौतें दूषित पानी से हुई है या नहीं इसका पता लगाने के लिए राज्य सरकार ने एक जांच कमिटी का गठन किया है। दूषित पानी से बीमार कई लोगों को अलग-अलग सरकारी और निजी अस्पतालों में भर्ती किया गया है। लेकिन दस दिन से ज्यादा समय हो जाने के बाद भी भागीरथपुरा के सभी इलाकों पीने का साफ़ पानी नहीं पहुंचा है और न ही इंदौर का नगर निगम इस बात का पता लगा कि उनके परिवार में माता पिता के साथ पत्नी और दस साल की पुत्री है। सुनील साहू कुरियर का काम करने वाले ने बताया कि ये गंदा पानी सप्लाई के पानी में कहां पर मिला।


भागीरथपुर में बीते दो दिन में गंदे पानी से जिन परिवारों ने अपनों को खोया वे मंगलवार को बदहवास दिखे। दूषित पानी पीने से हुई मौतों के बीच कई लोग अस्पतालों में भर्ती हैं जिनका उपचार टल रहा है।

### कैलाश विजयवर्गीय ने मानी गलती

इंदौर में दूषित पानी से हुई मौत के मामले में नगर प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने माना कि गलती हुई है। इंदौर के जिस इलाके में दूषित पानी से हाहाकार मचा हुआ है, वह भागीरथपुर क्षेत्र इंदौर विधानसभा क्षेत्र में आता है। यहां से भारतीय जनता पार्टी के विधायक कैलाश विजयवर्गीय हैं। मध्य प्रदेश के नगर प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के तहत ही इंदौर नगर निगम आता है। पानी की सप्लाई की जिम्मेदारी निगम की है। विजयवर्गीय ने बीबीसी से कहा, च्ये घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। ये नगर निगम के जोन के अधिकारी और कर्मचारियों की गलती से हुआ है। जब दूषित पानी सप्लाई के बारे में पता चला तो कर्मचारियों को अनाउसमेंट करना चाहिए था, लोग ये पानी नहीं लें। उन्हें पानी के टैंकर लगाना था। गलती उनकी थी इसलिए उन्हें सस्पेंड कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने एक जाँच कमिटी बनाई है। जिसने भी लापरवाही की है उसे बख्शा नहीं जाएगा। सरकार की ओर से मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये देने की घोषणा गई है। इसी इलाके में रहने वाली सपना पाल ने बताया कि अभी कोई समस्या का समाधान नहीं निकला है। सिर्फ ओरआरएस बांटा जा रहा है। उन्होंने बताया कि उनकी गली में भी एक शख्स की डायरिया से मौत हुई है। अब भी लोग अस्पताल में भर्ती हो रहे हैं।

### पीड़ितों ने क्या बताया ?

दूषित पानी की वजह से मारे गए पांच महीने के अव्यान साहू के पिता सुनील साहू ने बीबीसी को बताया पांच महीने पहले ही उनके यहां अव्यान ने जन्म लिया था। उन्होंने कहा, 'माँ के दूध के अलावा बच्चे को बाहर के दूध में पानी मिलाकर दिया जाता था। यह पता नहीं था कि नर्मदा का पानी दूषित है। जब बाहर के लोगों ने बताया की कई बच्चे बीमार हैं, तब पता चला कि नर्मदा का पानी दूषित है।' उन्होंने बताया, 'अचानक 26 दिसंबर को बच्चे को दस्त की शिकायत हुई, जिसके बाद उस मोहल्ले के ही एक डॉक्टर को दिखाया लेकिन दवाई के बाद भी उसे फर्क नहीं हुआ। लगातार दस्त होने के चले 29 दिसंबर की शाम जब उसकी हालत खराब हुई तो उसे डॉक्टर के यहां लेकर पहुंचे तो डॉक्टर ने चेक कर बताया कि देर हो चुकी है। अव्यान की मृत्यु हुई। उन्होंने कहा कि अब तक कोई भी सुध लेने नहीं आया है। प्रशासन को ध्यान देना चाहिए कि किसी और के साथ ऐसा ना हो। जो भी दोषी हैं, उन पर सख्त कारवाई होनी चाहिए।

टेलरिंग का काम करने वाले संजय यादव ने बताया, दूषित पानी पीने से मेरी 69 वर्षीय मां को 26 दिसंबर की शाम से उल्टी-दस्त शुरू हो गए। उन्हें दवा दी गई लेकिन जब कोई फर्क नहीं पड़ा तो क्लॉथ मार्केट अस्पताल में इलाज कराया गया। लेकिन 22 घंटे के इलाज के बाद उनकी मौत हो गई। संजय यादव ने बताया कि उनका 11 महीने का बच्चा अब भी भर्ती है। उसकी हालत कुछ सुधरी है लेकिन दस्त अब भी हो रहे हैं। उनका पड़ोसी भी बीमार है। उन्होंने बताया कि अभी तक प्रशासन का कोई शख्स हालात की पड़ताल करने नहीं आया है। पानी अभी तक खराब आ रहा है। भागीरथपुरा में ही रहने वाले रेलवे से रिटायर्ड 76 साल के नंदलाल पाल की बेटी सुधा पाल ने बताया कि उनके पिता को दो तीन दिन से उल्टी-दस्त लग रहे थे। उन्हें वर्मा अस्पताल में भर्ती कराया लेकिन उनकी हालत में कोई सुधार नहीं आया। सुधा पाल ने बताया कि संक्रमण से 30 दिसंबर को उनके पिता की मौत हो गई। सुधा पाल ने बताया कि अब भी घर में दूषित पानी आ रहा है। दिखने में पानी खराब नहीं है लेकिन इसमें से बदबू आ रही है। 50 साल की सीमा प्रजापत की भी दूषित जल पीने से 29 दिसंबर की मौत हो गई थी। उनके पुत्र अरुण प्रजापत ने बताया, 28 दिसंबर की रात को उनके पिता ने परिवार के साथ खाना खाया था। लेकिन 29 दिसंबर की सुबह पिता की तबीयत ख़राब हो गई। उन्हें उल्टी-दस्त होने लगे। अरुण प्रजापत उन्हें अस्पताल ले जाने लगे लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। उन्होंने कहा, पानी कड़वा तो था लेकिन पता नहीं था जानलेवा है। अब उबाल कर पी रहे हैं। मेरी भी तबीयत खराब हो रही है। पड़ोस में भी बच्ची बीमार हुई। लोग बीमार हैं लेकिन यहां पानी की कोई सुविधा नहीं है। वही पानी पीना पड़ रहा है। अब तक हमारी गली में तो कोई नहीं आया। सिर्फ पार्षद आए थे। उन्हें बताया कि पानी की समस्या है। गंदा पानी आ रहा है लेकिन वो दोबारा लौट कर नहीं आए।

### कांग्रेस ने भी बनाई जांच कमिटी

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भी इंदौर के दूषित जल मामले में अस्पताल पहुंचकर बीमारों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि इंदौर जहरीला पानी पी रहा है। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमिटी ने भी इस मामले में एक जांच कमिटी बनाई है। जिसमें पूर्व मंत्री सहित विधायकों को शामिल किया गया है। इस बीच, मुख्यमंत्री मोहन यादव ने 31 दिसंबर को उन अस्पतालों का दौरा किया जहां दूषित पानी पीने से बीमार भगीरथपुरा के लोग भर्ती हैं। उन्होंने कहा कि भागीरथपुरा में दूषित पानी से जुड़े मामले में 40 हज़ार से ज्यादा लोगों की स्क्रीनिंग की गई है। इनमें से अस्पताल में भर्ती हुए 221 लोगों में से 50 अब ठीक होकर घर लौट गए हैं।

### 'ऐसे सिस्टम में काम करना मुमकिन नहीं'- महापौर

भागीरथपुरा दूषित पानी कांड को लेकर गुरुवार को रेसीडेंसी कोठी में हुई बैठक में अधिकारियों के रवैये को लेकर महापौर पुष्यमित्र भार्गव का गुस्सा जमकर फूटा।



उन्होंने एसीएस (अपर मुख्य सचिव) संजय दुबे से यहां तक कह दिया कि अधिकारी सुनते नहीं हैं। मैं ऐसे सिस्टम में काम नहीं कर सकता। आप चाहो तो यह संदेश मुख्यमंत्री तक पहुंचा दो। एसओआर आया नहीं, इसके पहले अधिकारियों ने फाइल स्वीकारना बंद कर दी। अधिकारी संवाद तक नहीं करते।

## ईडी ने दिल्ली में पकड़ी करोड़ों की संपत्ति

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दक्षिण दिल्ली के सर्वप्रिय विहार में तलाशी अभियान चलाया था और 5.12 करोड़ रुपए नकद, 8.8 करोड़ रुपए के सोने और हीरे के गहने तथा 35 करोड़ रुपए की संपत्ति से जुड़े दस्तावेज जब्त किए थे। अब केंद्रीय जांच एजेंसी ने वेस्टएंड ग्रीन फार्म्स में सुनील गुप्ता के घर और फार्महाउस पर भी सर्च अभियान चलाया। यह सर्च अभियान 30 दिसंबर को शुरू हुआ था, जो सुनील गुप्ता के ठिकानों पर अभी भी चल रहा है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि सुनील गुप्ता ने पहले अमन कुमार को ऋण दिया था, जो इंदरजीत सिंह का साथी है। ईडी की जांच के बाद अमन कुमार ने सुनील गुप्ता को बड़ी रकम स्थानांतरित कर अपराध की आय को छिपाने की कोशिश की थी। वेस्टएंड ग्रीन फार्म्स में सुनील गुप्ता के ठिकानों से अब तक 1.22 करोड़ रुपए नकद और लगभग 8.50 करोड़ रुपए के गहने जब्त किए जा चुके हैं।

### राजस्व घाटे की भरपाई के लिए फैसला...सरकार ने सेस हटाकर एक्साइज ड्यूटी बढ़ाई

## सिगरेट-तंबाकू होंगे और महंगे...

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने तंबाकू प्रोडक्ट्स पर एक्स्ट्रा एक्साइज ड्यूटी लगाने का ऐलान किया है, जो देशभर में 1 फरवरी से लागू हो जाएंगे। यह लागू होते ही सिगरेट, तंबाकू और इससे जुड़े प्रोडक्ट्स महंगे हो जाएंगे। वित्त मंत्रालय ने तंबाकू, सिगरेट, पान-मसाला के इस नए नियम को 31 दिसंबर की देर रात नोटिफाई कर दिया। यह एक्स्ट्रा एक्साइज ड्यूटी 40 प्रतिशत जीएसटी दर के ऊपर है। पान-मसाले पर केंद्र सरकार ने सेस भी लगाया है। यह भी 40 फीसदी जीएसटी दर से ऊपर है। नए नियमों के तहत, सरकार ने पैकिंग मशीनों की सहायता से निर्मित और पाउच में पैक किए गए चबाने वाले तंबाकू, जर्दा सुगंधित तंबाकू और गुटखा को केंद्रीय उत्पाद शुल्क अधिनियम की धारा 3ए के तहत नोटिफाई किया है। नए नियम के तहत सिगरेट की लंबाई के आधार पर हर 1000 स्टिक्स पर 2050 रुपये से लेकर 8,500 रुपये तक की एक्साइड ड्यूटी लागू होगी। इसके ऊपर 40 फीसदी जीएसटी भी लागू किया जाएगा यानी इनकी कीमत दोगुना बढ़ेगी। इस बदलाव के साथ सरकार का उद्देश्य तंबाकू प्रोडक्ट्स पर टैक्स व्यवस्था को और ज्यादा मुश्किल करना है।



### बीड़ी पर 18 फीसदी टैक्स

जहां सिगरेट और पान मसाला पर 40 फीसदी जीएसटी लगेगा, वहीं बीड़ी पर टैक्स 18 फीसदी ही रखा गया है। इसके अलावा, पान मसाला मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स पर नया हेल्थ और नेशनल सिक्योरिटी सेस लागू किया जाएगा। यह सेस मशीनों की क्षमता के आधार पर वसूल किया जाएगा। यह फैसला टैक्स चोरी को रोकने के लिए लिया गया है।

### 40 फीसदी जीएसटी के ऊपर नया सेस और ड्यूटी

केंद्र सरकार ने सिन गुड्स पर 40 फीसदी का टैक्स लागू कर दिया है। लेकिन अब इसके ऊपर लगने वाले पुराने कंम्पसेशन सेस को खत्म करने जा रह है। हालांकि इसकी जगह पर नया सेस लागू होगा, जो हेल्थ और नेशनल सिक्योरिटी सेस और एडिशनल एक्साइज ड्यूटी होगा। यह 1 फरवरी 2026 से लागू होगा। दिसंबर 2025 में ही इन दो बिलों की मंजूरी मिल चुकी थी और संसद में बिल पास किया गया था।

## ममता सरकार में मां, माटी, मानुष तीनों असुरक्षित - अमित शाह

कोलकाता। केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के बीजेपी कार्यकर्ता सम्मेलन में 2026 के विधानसभा चुनाव को लेकर बीजेपी के लक्ष्य को स्पष्ट करते हुए कार्यकर्ताओं से कहा कि विधानसभा चुनाव में पश्चिम बंगाल में बीजेपी सरकार बनाना हमारा लक्ष्य है। गृह मंत्री शाह ने ममता बनर्जी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि इस सरकार में मां, माटी, मानुष तीनों असुरक्षित हैं। बंगाल में टीएमसी के भ्रष्टाचार, हिंसा, तुष्टीकरण और कुशासन के खिलाफ जनाक्रोश सत्ता परिवर्तन का सबसे बड़ा संकेत है। उन्होंने कहा कि घुसपैठिए पश्चिम बंगाल के अर्थतंत्र, सुरक्षा तंत्र और संस्कृति पर बोझ हैं, जिन्हें भाजपा सरकार बनते ही चुन-चुनकर निकाला जाएगा।



शाह ने कहा कि कार्यकर्ताओं द्वारा जनसंपर्क ही बंगाल में बीजेपी की प्रचंड जीत का आधार बनेगा। 2016-25 के बीच बंगाल में 300 से अधिक बीजेपी कार्यकर्ताओं ने बलिदान दिया, जिनके त्याग को सार्थक करने का समय आ गया है। ममता दीदी बीजेपी कार्यकर्ताओं पर कितना भी कहर बरपा लें, बंगाल में उनका सूपड़ा साफ होने वाला है।बंगाल में बीजेपी सरकार बनने पर केंद्र में आने वाले 25 सालों तक बीजेपी को कोई हिला नहीं सकता।

### हिड़मा का साथी खतरनाक बटालियन नंबर 1 का कमांडर देवा सरेंडर करने 17 माओवादियों के साथ पहुंचा

# टॉप नक्सल कमांडर बारसे देवा ने हैदराबाद में हथियार डाला

*हैदराबाद। एजेंसी। नए साल के पहले दिन ही नक्सलियों की आखिरी उम्मीद भी लग रहा है कि टूट गई है, क्योंकि हिड़मा का साथी व नक्सलियों की बटालियन का हेड बारसे देवा अपने 17 साथियों के साथ हैदराबाद में सरेंडर करने पहुंचा है. सुरक्षाबलों को इसकी लंबे समय से तलाश थी. बता दें कि देश से खतरनाक नक्सलियों का या तो सफाया हो चुका है, या फिर वह सरेंडर कर चुके हैं।*

*सूत्रों के अनुसार, हैदराबाद सरेंडर करने पहुंचा देवा कई दिनों से मुलगु के जंगलों में अपनी टीम के साथ छिपा हुआ था. बता दें कि हिड़मा के जीवित रहते ही संगठन ने देवा को बटालियन की कमान सौंप दी थी.*

### इस साल मार्च तक खत्म करना है नक्सलवाद

*केंद्र सरकार देशभर से नक्सलियों को खत्म करने के लिए अभियान चला रही है. नक्सली या तो सरेंडर कर रहे हैं और जो समर्पण नहीं कर रहे हैं, अभी भी हथियार उठाए हुए हैं तो वो सुरक्षाबलों के हाथों एनकाउंटर में ढेर हो रहे हैं. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देशभर से नक्सलवाद को खत्म करने के लिए मार्च 2026 तक का लक्ष्य रखा है.*



*बारसे देवा का आत्मसमर्पण नक्सली संगठन के लिए रणनीतिक हार है. आज पीपल्स लीब्रल गुरिल्ला आर्मी के बटालियन नंबर 1 के टूटने से बस्तर में नक्सलियों की ताकत कमजोर हो गई है. सुरक्षा एजेंसियों के लिए यह बड़ी सफलता है और बस्तर में शांति स्थापना की दिशा में अहम कदम.*

*छत्तीसगढ़ के बस्तर में नक्सलियों की सबसे खतरनाक मिलिट्री विंग क्व्र बटालियन नंबर 1 अब लगभग खत्म हो चुकी है. इसका कारण है इस बटालियन के कमांडर बारसे देवा का सरेंडर. देवा का आत्मसमर्पण नक्सली संगठन के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है, क्योंकि यह वही टीम थी जिसने पिछले एक दशक में सुरक्षा बलों पर सबसे घातक हमले किए. 18 नवंबर को नक्सलियों के सेंट्रल कमेटी मेंबर माड़वी हिड़मा (माड़वी हिदमा) का आंध्र प्रदेश के अल्लूरी सितारामा राजू जिले में एनकाउंटर हुआ. हिड़मा संगठन की सबसे मजबूत कड़ी था, जो माओवादियों और बस्तर के बीच पुल का काम करता था. उसके मारे जाने के बाद नक्सली नेटवर्क बिखरने लगा. हिड़मा ने ही बारसे देवा को PLGA बटालियन नंबर 1 का कमांडर बनाया था।*

### कौन है बारसे देवा?

*बारसे देवा सुकमा जिले के पूवर्ती गांव का रहने वाला है. करीब 2 साल पहले जब हिड़मा को सेंट्रल कमेटी में शामिल किया गया तो उसने ही बारसे देवा को क्स्त्र बटालियन नंबर 1 का कमांडर बनाया था. पहले डिजाइनर कमेटी का कैडर था, बाद में हिड़मा की टीम में प्रमोशन पाकर कमांडर बना. देवा के साथ बड़ी संख्या में नक्सली थे. लेकिन अब पुलिस के बढ़ते दबाव और लगातार हो रहे एनकाउंटर के बाद से बटालियन भी लगभग टूट गई है. नक्सलियों की बटालियन नंबर 1 को नक्सल संगठन की सबसे खतरनाक टीम माना जाता है. दंतेवाड़ा, बीजापुर और सुकमा इन 3 जिलों में बटालियन का ज्यादा प्रभाव रहा है. हालांकि, अब फोर्स ने इस टीम को काफी बैकफुट कर दिया है. इस टीम में,्य -47, इंसास, स्क्र् स्नाइपर गन जैसे हथियारों से लैस सैकड़ों नक्सली थे।*

### देवा की खासियतें - घातक हथियारों का देसी एक्सपर्ट

*-उडिया, तेलुगु, मराठी, हिंदी भाषा का ज्ञान*

*-तकनीकी और मीडिया स्किल्स, नक्सलियों की प्रेस टीम में काम किया, मीडिया हैंडलिंग में माहिर*

*-रणनीति विशेषज्ञ, हमलों की योजना और स्क्रिप्ट तैयार करने में दक्ष*

*-बैरेल ग्रेनेड लॉन्चर (क्व्ररु) बनाने में माहिर*

*-प्रेशर बम और देसी बम बनाने की ट्रेनिंग दी*

*-हथियार निर्माण में नक्सली कैडरों को प्रशिक्षित किया*

### देवा किन बड़े हमलों में शामिल रहा?

*25 मई 2013- झीरम घाटी हमला ड्ड कांग्रेस नेताओं पर हमला.*

*26 अप्रैल 2023- अरनपुर नक्सली हमला ड्ड 10 जवान शहीद।*

*सुकमा और दंतेवाड़ा के कई हमलों में फ्रंटलाइन लीडर रहा।*

शेष पृष्ठ 11 पर

# नव वर्ष का पहला दिन मनाने मंदिरों व पर्यटन स्थलों में उमड़ा जनसैलाब







पद्मेश न्यूज। बालाघाट। गुरुवार से शुरू हुए नए साल का पहला दिन जिले वासियों के लिए काफी खास रहा। इस दिन जिला मुख्यालय सहित अन्य तहसील व ग्रामीण अंचलों में लोगों ने वर्ष 2026 के पहले दिन को हर्षोल्लास, उमंग और भक्तिभाव के साथ मनाया। वर्ष का पहला दिन होने के चलते प्रतिवर्ष की तरहा इस वर्ष भी नगर के विभिन्न मंदिरों और दार्शनिक स्थलों में सुबह से देर शाम तक श्रद्धालुओं का ताता लगा रहा।जहां नगर के हनुमान मंदिर ,शंकर घाट, बजरंग घाट, साईं मंदिर सहित अन्य मन्दिरो में विशेष पूजा पाठ, हवन कीर्तन आदि धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न कराए। तो वही जगह जगह महा प्रसाद का वितरण किया गया।जहां साल का पहला दिन होने के चलते विभिन्न मंदिरों में पहुंचकर लोगों ने विशेष पूजा अर्चना कर साल के पहले दिन की शुरुवात की। तो वही साल के पहले दिन विभिन्न गार्डन, पर्यटक स्थल, जलाशयों के समीप और अन्य दर्शनीय स्थलों में देर शाम तक लोगों को पिकनिक पार्टी करते हुआ देखा गया। जहां जिले वासियों ने अपने-अपने अंदाज में नए साल का स्वागत किया। इस दौरान कई स्थानों पर लोग अपने परिवार, अपने मित्रों के साथ घूमते फिरते नजर आए तो कई स्थानों पर सार्वजनिक रूप से नृत्य कर लोगों ने नए वर्ष का स्वागत किया।

### इन स्थानों में उमड़ा रहा जन सैलाब

नए साल के पहले दिन को पूरे उत्साह के साथ मनाने के लिए नगर के पर्यटक स्थल उद्यानों और नदी के प्रमुख घाटों में लोगों की काफी भीड़ नजर आई।इसमें नगर के बॉटनिकल गार्डन में भी लोगों ने पहुंचकर सह-परिवार वक्त बिताया।वही हर किसी ने आज के दिन को खास बनाने का प्रयास किया इसके अलावा शंकर घाट, बजरंग घाट ,डेंजर रोड ,मोती गार्डन उद्यान, गांगुलपारा सहित अन्य जगह पर भी लोगों की भीड़ दिखाई दी।बॉटनिकल गार्डन में अपने परिवार व मित्रो के साथ लोगों ने वक्त बिताया। वहीं बच्चों में भी नए साल को लेकर काफी उत्साह नजर आया।जिन्होंने खेलकूद कर मनोरंजन किया। जहां नगर के विभिन्न मंदिरों सहित दार्शनिक स्थलों पर सुबह से लेकर शाम तक नया साल मनाने वाले लोगों का जनसैलाब उमड़ा रहा।

### मंदिरों में माथा टेककर मांगा आर्शीवाद

नववर्ष 2026 का पहला दिन गुरुवार को जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सुबह से मंदिरों में दर्शन करने के लिए भक्तों का तांता लगा रहा और पूजा-अर्चना कर विभिन्न प्रकार के संकल्प लेकर लोगों ने नववर्ष के पहले दिन की शुरुवात की। ज्यादातर लोगों ने नगर के विभिन्न मंदिरो में पहुँचकर नववर्ष के पहले दिन की शुरुवात की।जहा नगर के तमाम मंदिरों में भगवान के दर्शन करने के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। यहां सुबह होते ही लोगों ने मंदिर में पहुंचकर माथा टेका और नया साल चारों तरफ सुख-समृद्धि लेकर आए और लोगों के लिए आशा भरा हो ऐसी कामना कर आर्शीवाद मांगा।

### दार्शनिक स्थलों पर मनाई पिकनिक, सेल्फी खींचकर दिन को बनाया यादगार

नववर्ष के अवसर पर भारी संख्या में लोग नगर के पिकनिक स्थलों पहुंचे। यहां पहुंचकर उन्होंने सेल्फी खीची और न्यू ईयर 2026 को यादगार बनाते हुए अपनी फोटो को कैमरे में कैद किया। जहा लोग पिकनिक पार्टी कर , डांस व वीडियो रील बनाते नजर आए। यहां वनस्पति उद्यान, शंकरघाट, बजरंग घाट, वैनगंगा नदी के किनारे पहुंचकर लोगों ने पकवान बनाकर उसका लुत्फ उठाया वहीं छोटे-छोटे बच्चों ने झूला, फिसलपट्टी सहित अन्य संसाधनों का आनन्द उठाकर नववर्ष को यादगार बनाया।

### सबसे अधिक सोशल मीडिया में प्रसारित किए गए बधाई संदेश

प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी नए वर्ष की शुरुवात बधाई संदेशों से हुई। जहां देर रात से लोगों ने नए वर्ष की बधाई देने का सिलसिला शुरू कर दिया जो दूसरे दिन तक जारी रहा। बधाइयों का यह सिलसिला सबसे ज्यादा सोशल मीडिया पर देखा गया। जहां लोगों ने एक दूसरे को बधाई देने के लिए फेसबुक ,व्हाट्सएप ,ईमेल ,जीमेल ,इंस्टाग्राम, ट्विटर सहित सोशल मीडिया के अन्य प्लेटफार्म का उपयोग कर अपने परिचित, रिश्तेदारों ,सहपाठियों सहित अन्य को नए वर्ष से जुड़े वीडियो, फोटो, शेर- शायरी, कविताएं सहित शुभकामनाएं संदेश प्रेषित कर नए वर्ष की बधाइयां दी। इस तरह जिले भर में 31 दिसंबर की देर रात से लेकर जनवरी की देर रात तक शुभकामनाओं का दौर चलता

### सुरक्षा के दिखे पुख्ता इंतजाम

पुलिस प्रशासन के द्वारा नव वर्ष को लेकर नगर के विभिन्न पर्यटक स्थलों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।ताकि किसी भी प्रकार की अनहोनी को टाला जा सके। नगर के शंकर घाट सहित नगर के प्रमुख चौक चौराहों ,नदी घाटों दार्शनिक स्थलों और भीड़भाड़ वाली जगहों में पुलिस की बेहतर व्यवस्था नजर आई। जो यातायात व्यवस्था सहित विभिन्न मंदिरों और पर्यटक स्थलों पर घूमने वाले लोगों की सुरक्षा में मुस्तैद रही।वही नदी घाटों, व जलाशयों के समीप एसडीआरएफ की टीम भी दिखाई दी।

# ग्राम कुम्हारी में चल रहा एनएसएस का विशेष सात दिवसीय शिविर

## शिविर के चौथे दिन प्रेरणादायी बौद्धिक सत्र का हुआ आयोजन




पद्मेश न्यूज। बालाघाट। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालाघाट के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा ग्राम कुम्हारी में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिवस गुरुवार, 1 जनवरी 2026 को एक प्रेरणादायी बौद्धिक सत्र का आयोजन किया गया। यह विशेष शिविर 29 दिसंबर 2025 से 4 जनवरी 2026 तक ग्राम कुम्हारी स्थित पीएम श्री रानी अवंतीबाई शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में संचालित किया जा रहा है।

बौद्धिक सत्र का शुभारंभ भारतीय परंपरा के अनुरूप मां सरस्वती एवं युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा का वाचन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. सुखचंद्र ऐड़े (बालक इकाई) द्वारा किया गया। मुख्य वक्ता जय श्री सोनवाने ने महिला सशक्तिकरण से जुड़े विभिन्न प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत करते हुए केंद्र एवं राज्य सरकार की महिला सशक्तिकरण योजनाओं की जानकारी स्वयंसेवकों एवं स्वयंसेविकाओं को दी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं अंतिम वक्ता प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे ने भारत माता की जय एवं जय हिंद के उद्घोष के साथ अपने प्रेरक उद्बोधन की शुरुआत की। उन्होंने अपने एनएसएस समन्वयक काल के अनुभव साझा करते हुए सेवा, त्याग एवं राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत संदेश दिया और 卐नदियां न पिएं कभी अपना जल, वृक्ष न खाएं कभी अपना फल卐 जैसे भावपूर्ण गीत के माध्यम से स्वयंसेवकों को परमार्थ की भावना से प्रेरित किया। कार्यक्रम में प्राचार्य द्वारा शिविर दर्पण पत्रिका का विमोचन किया गया तथा रैली पोस्ट के समक्ष सामूहिक छायाचित्र लिया गया। इस प्रकार ग्राम कुम्हारी में संचालित एनएसएस विशेष शिविर के चौथे दिवस का बौद्धिक सत्र सफलतापूर्वक एवं उत्साहवर्धक वातावरण में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर रक्षित शौर्य फाउंडेशन की संयोजिका जय श्री सोनवाने, एनसीसी अधिकारी एवं प्राध्यापक डॉ. गजानन कटरे, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. पी. एस. कातूलकर, डॉ. अनिल कुमार पंचारिया, पूर्व जिला समन्वयक एवं सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉ. वाय. वी. कस्बे, पूर्व कार्यक्रम अधिकारी एवं सेवानिवृत्त प्राध्यापक प्रो. पी. के. जैन सहित महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# सरेआम तलवार लहरा कर युवक ने जमकर बवाल मचाया




पद्मेश न्यूज। बालाघाट। नए साल की शाम नगर के वार्ड नंबर 3 में उस वक्त हंगामा मच गया, जब नशे में धुत एक युवक, सरेआम हाथों में तलवार लहराते हुए एक बुजुर्ग के साथ विवाद करने लगा। जहां तू तू मैं मै से शुरू हुआ यह विवाद इतना अधिक बढ़ गया कि उस युवक ने तलवार से बुजुर्ग पर हमला कर दिया जिसे बुजुर्ग के हाथ की उंगली में चोट आई है। जिससे गुस्साए वार्डवासियों ने एक राय होकर मामले की शिकायत कोतवाली पुलिस से की, जहां वार्ड वासियों से मिली शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुँचकर आरोपी युवक को पकड़ लिया।आरोपी युवक का नाम वार्ड नंबर 3 ताज नगर निवासी शोएब पिता नौशाद खान बताया गया है,जिससे पुलिस ने मामले को लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। उधर इसी मामले में वार्ड वासियों ने कोतवाली पुलिस को रात्रि करीब 8 बजे ज्ञापन सौंपते हुए आरोपी शोएब को आदतन अपराधी बताया है। जिन्होंने आरोपी पर पहले भी कई मामले दर्ज होने और आए दोनों ऐसी घटना को अंजाम देने का आरोप लगाते हुए, आरोपी शोएब का जिला बदर किए जाने की मांग की है।

तलवार लहराते शोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो

उधर घटना के दौरान स्थानीय लोगों ने आरोपी सोहेल खान का एक वीडियो भी बनाया है। जिसमें आरोपी सोहेल, हाथों में तलवार लहराकर, वार्डवासी के साथ विवाद करता हुआ दिखाई दे रहा है।वार्डवासियों द्वारा बनाया गया वीडियो, घटना के तुरंत बाद ही सोशल मीडिया पर वायरल हो होगा।जिसकी जानकारी मिलने पर अन्य वार्डवासी भी मौके पर पहुंच गए और सभी ने मिलकर मामले की शिकायत कोतवाली पुलिस से करते हुए उक्त मामले में आदतन अपराधी शोएब खान का जिला बदर किए जाने की मांग को लेकर कोतवाली थाने में ज्ञापन सौपा है।जिसमें उन्होंने इस मामले में आरोपी युवक के पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही कर,वैधानिक सजा देने और तत्काल उसका जिला बदर कराए जाने की गुहार लगाई है।

### सलीम उर्फ भूरा खान पर किया हमला

वार्डवासियों के अनुसार आदतन अपराधी किस्म के एक युवक शोएब ने वार्ड के 55 वर्षीय बुजुर्ग सलीम खान उर्फ भूरा भाई पिता मरहूम वहाब खान पर तलवार से हमला कर दिया। जिससे उसके दाहिने हाथ की तीसरी उंगली कट गई।बताया गया कि शोएब आए दिन, तलवार लेकर लोगों को चमकाते रहता है। जिसका आज बुजुर्ग भूरा भाई से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। जिसके बाद उसने तलवार से उन पर हमला कर दिया। यह तो अच्छा रहा कि भूरा भाई ने तलवार को हाथ से रोका। जिससे उसके उंगली कट गई अन्यथा उनकी जान भी जान सकती थी। घटना के बाद युवक की अपराधिक हरकतों से परेशान होकर, बड़ी संख्या में वार्ड के लोग, कोतवाली पहुंचे और युवक पर कड़ी कार्यवाही किए जाने की मांग की।

### आरोपी का किया जाए जिला बदर- वार्डवासी

मामले को लेकर की गई चर्चा के दौरान वार्ड नंबर 3 पार्षद प्रतिनिधि सोहेल खान, हमले में घायल सलीम खान सहित अन्य वार्डवासियों ने सँयुक्त रूप से बताया कि आरोपी आदतन अपराधी है, जिसका जेल आना जाना अक्सर लगा रहता है।अभी कुछ दिन पूर्व ही वह जेल से छूटकर आया है और आए दिनों लोगों को डराकर, धमकाकर परेशान करते रहता है। इसके पूर्व भी वार्ड वासियों ने एसपी कार्यालय में ज्ञापन सौपकर अपराधी प्रवृत्ति के उक्त व्यक्ति के खिलाफ कार्यवाही किए जाने की मांग की थी,लेकिन वार्डवासियों की कोई सुनवाई नहीं हुई। वार्ड वासियों ने बताया कि आज शाम को सलीम खान घर पर थे ,तभी आरोपी तलवार लेकर आ धमका और गाली गलौज करके डराने धमकाने लगा, यहां तक की तलवार से हमला कर दिया जिससे बुजुर्ग के हाथ की एक उंगली में चोट आई है।इसके पूर्व भी जिला प्रशासन द्वारा आरोपी शोएब का जिला बदर किया गया था, तब वार्ड में काफी शांति थी, लेकिन जब से आरोपी वापस आया है तब से यह घटनाएं पुन: शुरू हो गई है।जिस पर अपना एतराज जताते हुए वार्ड वासियों ने आरोपी शोएब का तत्काल जिला बदर किए जाने की मांग की है।

# मोटरसाइकिल की टक्कर से महिला घायल



पद्मेश न्यूज। बालाघाट। भरवेली थाना अंतर्गत बैहर रोड पर स्थित ग्राम मानेगांव में मोटरसाइकिल की टक्कर से एक महिला घायल हो गई घायल महिला तरासन बाई पति जयराम दमाहे 50 वर्ष ग्राम मानेगांव निवासी को जिला अस्पताल बालाघाट में भर्ती किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार तरासन बाई अपने परिवार के साथ खेती किसानी मजदूरी करती है। 1 जनवरी को 10:30 बजे करीब तरासन बाई अपने घर के मवेशी का कचरा घुड़े में फेंकने के लिए रोड किनारे से जा रही थी। तभी पीछे से तेज रफ्तार से आ रही एक मोटरसाइकिल ने तरासन बाई को ठोस मार दी। मोटरसाइकिल की ठोकर से तरासन बाई घायल हो गई। जिसके चिल्लाने पर उसका बेटा कंकर दमाहे दौड़ते आया और उसे उठाया और उसने मोटरसाइकिल चालक को अपनी मां को अस्पताल तक ले जाने के लिए बोला। किंतु मोटरसाइकिल वाले ने मना कर दिया और बोला कि तुमसे जो बनता है। कर लो यह कहकर वह मोटरसाइकिल लेकर फरार हो गया। मोटरसाइकिल की ठोकर से घायल तरासन बाई को उसके परिवार वालों ने जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किए। जिला अस्पताल पुलिस ने तरासन बाई का बयान लेकर अस्पताल तहरीर अग्रिम कार्रवाई हेतु घटना स्थल से संबंधित पुलिस थाना भरवेली भिजवा दी है।

# विठली में मोटरसाइकिले आपस में टकराई, दो युवक घायल

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। बिरसा थाना अंतर्गत ग्राम बिठली में दो मोटरसाइकिल आपस में टकराने से दोनों मोटरसाइकिल में सवार दो युवक घायल हो गए। घायल दोनों युवक जिनमे राजेंद्र पिता दलपत धुर्वे 20 वर्ष ग्राम जैरासी थाना बिरसा और पवन कुमार पिता रायसिंह मरावी 25 वर्ष ग्राम गर्रा थाना रेंगाखार जिला कवर्धा छत्तीसगढ़ निवासी है। दोनो को जिला अस्पताल बालाघाट में भर्ती किया गया है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार पवन कुमार ऑटो मैकेनिक है। जिसके परिवार में माता-पिता के अलावा पत्नी और दो बच्चे हैं और राजेंद्र धुर्वे मजदूरी करता है और जिले की सीमा से लगे छत्तीसगढ़ राज्य के ग्राम बम्हनी सोसाइटी में हमाली करने गया है और वही वही रहता है। 31 दिसंबर को राजेंद्र धुर्वे ग्राम बम्हनी के ही युवक देवेंद्र धुर्वे के साथ चीचगांव मानेगांव मैच देखने के लिए आए थे और रात में मैच देखने के बाद दोनों मोटरसाइकिल में चीचगांव से बम्हनी जा रहे थे। मोटरसाइकिल राजेंद्र धुर्वे चला रहा था। इसी दौरान पवन कुमार मरावी मोटरसाइकिल में अपने गांव गर्रा से अपनी मौसी के गांव सुहाना नगर मलाजखंड आ रहा था तभी ग्राम बिठली के पास दोनों मोटरसाइकिल आपस में टकरा गई। इस दुर्घटना में पवन कुमार मरावी और राजेंद्र धुर्वे दोनों घायल हो गए और देवेंद्र धुर्वे को मामूली चोटे आई। घायल राजेंद्र धुर्वे और पवन कुमार मरावी को बिरसा के अस्पताल में भर्ती किया गया था। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायल को जिला अस्पताल बालाघाट रेफर किया गया है। इस दुर्घटना की जांच बिरसा पुलिस द्वारा की जा रही है।

# आमगांव में श्रीमद् शिव महापुराण संगीतमय ज्ञान का आयोजन 5 से

पद्मेश न्यूज। किरनापुर । तहसील किरनापुर स्थित ग्राम आमगांव में नव वर्ष के उपलक्ष में 11 दिवसीय श्रीमद् शिव महापुराण संगीतमय ज्ञान का आयोजन रखा गया है। जिसमें दिनांक 5 जनवरी दिन सोमवार 2026 को गांव से कलश यात्रा निकाली जायेगी, कलश यात्रा पश्चात् मूर्ति पूजन किया जायेगा। दिनांक 6 जनवरी दिन मंगलवार को दोपहर 2 बजे से प्रतिदिन श्रीमद् शिव महापुराण प्रारंभ होगा शाम 6 बजे तक एवं रात्रि में 8 बजे से 10 बजे तक। दिनांक 16 जनवरी दिन शुक्रवार को हवन पूजन एवं महाप्रसादी वितरित की जायेगी। जिसमें कथावाचक पंडित श्री राघव प्रसाद शास्त्री जी ग्राम धातुआ जिला सतना (मध्यप्रदेश) द्वारा कथावचन किया जायेगा। इस अवसर पर ग्राम आमगांव में उपस्थित होकर पुन्य लाभ लेने कि अपिल शैलेन्द्र सिल्हारे , श्रीमती संतोषी सिल्हारे सहित सहपरिवार ने समस्त ग्रामीणों से की है।

# नवेगांव 3 में दो दिवसीय राज्य स्तरीय व्हालीबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। खैरलांजी क्षेत्र में आने वाले ग्राम नवेगांव 3 में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी दो दिवसीय राज्य स्तरीय व्हालीवाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। 1 जनवरी से 2 जनवरी तक इस ग्राम के सुगा बाई स्कूल ग्राउंड में आयोजित इस दो दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता की मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत सदस्य गोकुल प्रसाद गौतम होंगे और कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच संदीप लिल्हारे द्वारा की जाएगी। अतिथि तेजराम नगपुरे अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी वारासिवनी और विशेष अतिथि दिलीप मौर्य थाना प्रभारी रामपायली होंगे। इस दो दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के समापन के मुख्य अतिथि वारासिवनी विधायक विवेक उर्फ विक्की पटेल, विशेष अतिथि कटंगी विधायक गौरव सिंह पारधी, अतिथि जावेद अली जिला अध्यक्ष राहुल गांधी विचार मंच होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता गोकुल प्रसाद गौतम अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी खैरलांजी द्वारा की जाएगी। आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रमोद डहारे, उपाध्यक्ष बसंत नगपुरे , टीम मैनेजर गायक गौतम, कोषाध्यक्ष महेश डहारे, सह कोषाध्यक्ष जितेंद्र मसखरे, कार्यक्रम संयोजक पप्पू मसखरे सरपंच नवेगांव, कप्तान राम प्रसाद मसखरे समस्त क्षेत्र वासियों से इस दो दिवसीय व्हालीबाल प्रतियोगिता में अधिक से अधिक संख्या में पधार कर इस प्रतियोगिता का लुफ्त उठाने की अपील की है।

# ग्राम भटेरा में श्रीमद् भागवत महापुराण का आयोजन

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। ग्राम भटेरा में आगामी 5 जनवरी से धार्मिक श्रद्धा और आध्यात्मिक चेतना का विशेष आयोजन होने जा रहा है। ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में श्रीमद् भागवत कथा महापुराण का भव्य आयोजन किया गया है । कथा का शुभारंभ सोमवार 5 जनवरी को प्रात: 11 बजे भव्य कलश यात्रा के साथ किया जाएगा। कलश यात्रा ग्राम के प्रमुख मार्गों से होकर कथा स्थल तक पहुंचेगी, जिसके पश्चात वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रीमद् भागवत कथा महापुराण का विधिवत आरंभ होगा। यह धार्मिक आयोजन 5 जनवरी से 11 जनवरी तक लगातार सात दिनों तक आयोजित किया जाएगा। इस दौरान प्रतिदिन शाम 5 बजे से रात्रि 9 बजे तक श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कराया जाएगा। कथा के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, भक्त प्रह्लाद, ध्रुव, गोवर्धन लीला सहित भक्ति, ज्ञान और वैराग्य से जुड़े प्रसंगों का विस्तार से वर्णन किया जाएगा। कथा के अंतिम दिन रविवार, 11 जनवरी को सायं 5 बजे से रात्रि 9 बजे तक पूर्णाहुति संपन्न होगी। इसके पश्चात श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी भक्तजन सादर आमंत्रित हैं। इस आयोजन में कथावाचक सुश्री अनन्या शर्मा अपने ओजस्वी वाणी और मधुर प्रवचनों के माध्यम से कथा का वाचन करेंगी। कार्यक्रम स्थल गणेश मंदिर के समीप, ग्राम भटेरा निर्धारित किया गया है। इस धार्मिक आयोजन के आयोजक समस्त ग्रामवासी भटेरा हैं। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कथा श्रवण करने और आध्यात्मिक लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

बारबेड वायर (कांटेदार तार) एवं चेन लिंक जाली उचित दाम पर उपलब्ध

लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध



निर्माता

तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स

मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट

फोन:- 07632-243531

मो:- 8989976858, 9425139998

## न्यूज गैलरी

### शराब में धुत बदमाशों ने ट्रैक्टर कंपनी के चौकीदार और चपरासी की डंडे से की पिटाई

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। नगर में 31 दिसंबर की देर रात बदमाशों ने ट्रैक्टर एजेंसी परिसर में चौकीदारी कर रहे चौकीदार और चपरासी के साथ डंडे से बेरहमी पूर्वक से मारपीट की गई। साथ ही इन बदमाशों ने डंडों से कुर्सी को भी तोड़फोड़ कर दिए। इस मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल वायरल हो रहा है। प्राप्त जानकारी के 31 दिसंबर की रात नगर कर वार्ड नं. 28 स्थित एक ट्रैक्टर एजेंसी में चौकीदार संजय कावरे चौकीदारी कर रहे थे । इसी दौरान देर रात कुछ युवक परिसर में पहुंचे और विवाद करने लगे। बदमाशों ने बिना वजह से चौकीदार संजय कावरे को अश्लील गालिया देना शुरू कर दी और और उसी के साथ इन बदमाशों ने डंडे से चौकीदार संजय कावरे के साथ मारपीट करना शुरू कर दी। जब ट्रैक्टर कंपनी का चपरासी बीच-बचाव करने पहुंचा तो उसे भी इन बदमाशों ने नहीं बख्शा गया। उसके साथ भी मारपीट कर कंपनी परिसर में भारी तोड़फोड़ भी मचाई कुर्सियां, मेज और अन्य सामान क्षतिग्रस्त कर दिये। इस पूरी घटना को वहां लगे सीसीटीवी कैमरे ने कैद किया तो वहीं मौजूद लोगों ने अपने मोबाइल से वीडियो भी बनाए। जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि किस तरह बदमाश बेखौफ होकर कर्मचारियों की पिटाई कर रहे हैं और आसपास मौजूद लोग दहशत में नजर आ रहे हैं।बताया जा रहा है कि घटना स्थल के पास ही एक ढाबा है, जहां इस ढाबे में इन बदमाश युवको ने शराब का सेवन किया। शराब के नशे में धुत्त इन युवकों ने ट्रैक्टर कंपनी परिसर में घुसकर उत्पात मचाया। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में देर रात तक शराबियों का जमावड़ा आम बात हो गई है, लेकिन पुलिस की सख्ती न होने के कारण ऐसे तत्वों के हौसले लगातार बढ़ते जा रहे हैं।इस घटना ने बालाघाट नगर की कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।जानकारी मिलते ही कोतवाली पुलिस हरकत में आई है और वायरल वीडियो के आधार पर बदमाशों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है और इन बदमाश युवकों को शिघ्र ही गिरफ्तार करने की बात कही जा रही है। हालांकि, इस वारदात के बाद इस क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है।

## चिखला में तीन दिनों तक चली छापामार कार्रवाई

# कार्रवाई: डहरवाल ट्रेडर्स पर जीएसटी छापा

# नतीजा: 40.14 लाख रूपये सरेंडर

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। जिले में कर चोरी के मामलों पर सख्ती जारी रखते हुए बालाघाट जीएसटी विभाग की टीम ने रामपायली क्षेत्र के चिखला में स्थित मेसर्स डहरवाल ट्रेडर्स के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। लगातार तीन दिन तक चली जांच और पड़ताल के बाद बुधवार देर रात कार्रवाई पूर्ण की गयी। जांच के दौरान अधिकारियों को व्यापारी द्वारा बोगस इनपुट टैक्स क्रेडिट क्लेम किए जाने के पुख्ता साक्ष्य मिले। इसके साथ ही मौके पर उपलब्ध स्टॉक और कागजी रिकॉर्ड में भी काफी अंतर पाया गया, जिससे कर अपवंचन की आशंका और गहरी हो गई। जीएसटी अधिकारियों ने पूछताछ और लेखा परीक्षण के बाद व्यापारी से 20 लाख 29 हजार रुपये नकद तथा 19 लाख 85 हजार रुपये आईटीसी के रूप में सरेंडर कराए। इस तरह कुल मिलाकर 40 लाख 14 हजार रुपये की राशि शासन के पक्ष में जमा कराई गई। बताया जा रहा है कि कार्रवाई के दौरान गोदाम और व्यापारिक



दस्तावेजों की बारीकी से जांच की गई। टीम ने लेन देन से जुड़े रिकॉर्ड, बिल-बाउचर और स्टॉक रजिस्टर को खंगाला। जीएसटी विभाग का कहना है कि मामले की आगे भी विस्तृत जांच जारी रहेगी और यदि अनियमितताओं के अन्य तथ्य सामने आते हैं तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

बोगस इनपुट टैक्स क्रेडिट क्लेम की सूचना के बाद वाणिज्यिक कर विभाग ने जिले में बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। आयुक्त वाणिज्यिक कर, इंदौर के निर्देश पर तथा संयुक्त आयुक्त राज्यकर, छिंदवाड़ा सुनीता वर्मा के मार्गदर्शन में वाणिज्यिक वृत्त बालाघाट की टीम ने रामपायली क्षेत्र के चिखला में स्थित मेसर्स डहरवाल ट्रेडर्स पर छापामार कार्रवाई की। यह कार्रवाई मध्यप्रदेश माल एवं सेवा कर अधिनियम 2017 की धारा 67(1)(2) के अंतर्गत की गई। टीम का नेतृत्व राज्य कर अधिकारी डी.एल. पटले ने किया। बताया गया कि संबंधित फर्म द्वारा लोहा एवं सीमेंट की खरीदी-बिक्री का व्यवसाय किया जाता है। छापामार कार्रवाई के दौरान फर्म के खरीदी, बिक्री और आउटवर्ड सप्लाई से जुड़े लेन-देन की गहन जांच की गई। इस दौरान आधा दर्जन से अधिक अधिकारियों ने मौके पर मौजूद रहकर दस्तावेजों, बिल-बाउचर और स्टॉक रजिस्टर का बारीकी से परीक्षण किया। जांच दल में राज्य कर अधिकारी संध्या यादव, अभय राहंगडाले, कराधान सहायक राज गुप्ता, राज्य कर निरीक्षक प्रतीक्षा नायक, मोतीराम साहू एवं हरिप्रसाद कुंभारे शामिल रहे। बोगस आईटीसी क्लेम के इस मामले में जीएसटी बालाघाट की टीम बीते तीन दिनों से लगातार कार्रवाई कर रही थी, जो बुधवार देर रात तक जारी रही। जांच पूर्ण होने तक टीम ने व्यवसायी के प्रतिष्ठान और गोदाम को सील कर रखा था, ताकि किसी प्रकार की सामग्री या दस्तावेजों से छेड़छाड़ न हो सके। राज्य कर अधिकारी डी.एल. पटले ने बताया कि जांच में फर्जी ट्रांजेक्शन के आधार पर आईटीसी क्लेम किए जाने और भौतिक स्टॉक व रिकॉर्ड में अंतर पाए जाने की पुष्टि हुई है। इसके बाद विभाग ने व्यापारी से 20 लाख 29 हजार रुपये नकद एवं 19 लाख 85 हजार रुपये आईटीसी के रूप में सरेंडर कराए। इस प्रकार कुल 40 लाख 14 हजार रुपये की राशि शासन के पक्ष में जमा कराई गई।

### समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए किसान 9 जनवरी तक करा लें स्लॉट बुक

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। राज्य शासन द्वारा जारी उपार्जन नीति के अनुसार जिले के किसानों से समर्थन मूल्य पर धान के विक्रय के लिये 9 जनवरी तक स्लॉट बुक कर लेने का आग्रह किया गया है, ताकि उन्हें अपनी उपज के समर्थन मूल्य पर विक्रय में किसी तरह की कठिनाई का सामना न करना पड़े। जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी श्री आर के ठाकुर ने बताया कि शासन द्वारा जारी धान उपार्जन नीति के क्रियान्वयन की मानक प्रक्रिया के अनुसार किसानों द्वारा अपनी उपज के विक्रय के लिए उपार्जन के अंतिम 10 दिवस को छोड़कर ही स्लॉट बुक किये जा सकेंगे तथा बुक किये गये स्लॉट की वैधता अवधि सात कार्य दिवस होगी। इसे देखते हुये जिले के सभी किसानों से 9 जनवरी तक धान विक्रय के लिए अपना स्लॉट बुक करने कहा गया है। किसानों को स्लॉट बुकिंग में यदि कोई समस्या आ रही हो तो वे उन समस्याओं के निराकरण के लिये खाद्य विभाग के क्षेत्रीय अधिकारियों से उनके मोबाईल पर सम्पर्क कर सकते हैं।

## श्री गुरू गोबिन्दसिंघ जी महाराज के 359 वें प्रकाश पर्व पर आज निकलेगा नगर कीर्तन

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। सिक्खो के दसवे गुरू श्री गुरू गोबिन्द सिंघ जी महाराज का 359 वां प्रकाश पर्व 5 जनवरी को गुरूद्धारा में मनाया जाएगा। श्री गुरूद्धारा प्रबंधक कमेटी अध्यक्ष हीरासिंघ भाटिया ने बताया कि श्री गुरू गोबिंदसिंघजी महाराज ऐसी महान शख्सियत थे। जिनके तुल्य कोई भी नहीं है। उनकी एक बहुत बड़ी विशेषज्ञता यह भी है कि वे स्वयं तो गुरू तो थे ही, अपने शिष्यों से अमृतपान करके, शिष्यों को गुरू के बराबर सम्मान दिया। जिसके कारण उन्हें आपे गुरू-आपे चेला भी कहा जाता है। सिक्खो के दसवें गुरू होने के कारण उन्हें दशमेश पिता भी कहा जाता है। जिन्होंने अपने माता-पिता चारो बेटो तथा अनेक सिक्खो के धर्म एवं न्याय की रक्षा के लिए स्वयं को बलिदान कर दिया। जिनका 359 वां प्रकाश पर्व आगामी 5 जनवरी को मनाया जाएगा। जिसके तहत विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है।

**नगर में कीर्तन के साथ रोजाना विभिन्न कार्यक्रमो के होंगे आयोजन**

बताया गया कि आज 2 जनवरी को दोपहर 2 बजे से नगर कीर्तन निकाला जाएगा।जिसमें गोंदिया के जत्थे का हम चाकर गोबिंद के शबद कीर्तन होगा। साथ ही अमृतसर से आने वाले वीरो द्वारा गतका प्रदर्शन, तवप्रसाद शस्त्र विद्या अखाड़ा का प्रदर्शन होगा। शाम 7 बजे नगर कीर्तन संपूर्णताई के बाद लंगर की सेवा स्व. पापाजी सुचेतसिंघ राजपूत एवं स्व. प्रीतमसिंघ जी भंगल कनाडा वाले




परिवार की ओर से की जाएगी। 3 जनवरी को प्रात: 8 बजे अखंड पाठ साहिब की आरंभता सेवा सरदार रविन्दरसिंग भाटिया परिवार की ओर से होगी। जबकि दोपहर 2 से 5 बजे तक बच्चो द्वारा गुरू गोबिंदसिंघ जी महाराज की जीवनी पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।4 जनवरी को सायंकाल 7 से 8 बजे तक साध संगत जी का शबद कीर्तन, रात्रि 8 से 9 बजे तक बालाघाट के हुजुरी जत्था भाई मनप्रीतसिंघ जी का शबद कीर्तन, रात्रि 9.30 से 10 बजे तक लंगर की सेवा, 5 जनवरी को प्रात: 8.30 बजे अखंड पाठ साहिब की संपूर्णताई, प्रात: 10 से 11 बजे तक साधसंगत जी का शबद कीर्तन, प्रात: 11 से दोपहर 12.30 बजे तक इंदौर से पहुंचे भाई अमृतपालसिंघजी का शबद कीर्तन और दोपहर 1 से 1.30 बजे तक लंगर की सेवा बलवीर कौर खंडूजा परिवार की ओर से की जाएगी। इन सभी कार्यक्रमो में सामाजिक बंधुओं से अधिकाधिक संख्या में उपस्थिति की अपील प्रबंधक कमेटी अध्यक्ष हीरासिंघ भाटिया, उपाध्यक्ष हरमिंदरसिंघ अतालिया, नरेन्द्रसिंघ छाब?ा, गुरूदयालसिंघ भाटिया, महेन्द्रपालसिंघ गांधी, गुरदीपसिंघ सौंधी, मनमीतसिंघ पसरिचा, हरमिंदरसिंघ कैथ, जसमीतसिंघ छाब?ा, राज गांधी, अमरजीत कौर अतालिया, शीतल पसरिचा, महेन्दर कौर सचदेवा, सुरेंद्र पाल सिंह कौशल, सुरजीत सिंह छाब?ा, दर्शन कौर, हरभजनसिंघ गांधी, पूरनसिंघ भाटिया, सतनामसिंघ सलूजा, गुरूदयालसिंघ सौंधी, दिलीप कौर छाबड़ा, परमजीत कौर गांधी, दर्शनसिंघ ढिल्लो, प्रितपालसिंघ सौंधी, जितेन्द्र गांधी, राजेश गांधी, अमरिकसिंघ सौंधी सहित खालसा सेवादल के वीरों ने की है।भीमा कोरेगांव युद्ध, और महार सैनिको के बलिदान को किया याद।

## अंबेडकर चौक भीमा कोरेगांव युध्द और महार सैनिको के बलिदान को किया याद

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। 31 दिसंबर 1817 को जब लोग, पुराने साल की बिदाई और नव वर्ष 1818 के स्वागत का जश्न मना रहे थे तब भीमा नदी के किनारे कोरेगांव में युद्ध हुआ था। जिसमें 500 महार सैनिकों ने स्वयं मांड (चावल का पानी) पीकर अदम्य शक्ति एवं साहस का परिचय देते हुए पेशवाओ के 25000 पैदल सैनिक, और 5000 घोडसवार को खदेड़ कर परास्त किया था। इसी विजय क्रांति को बौद्ध आम्बेडकर अनुयायियों द्वारा शौर्य दिवस के रूप में मनाया जाता है।जो प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी जिला मुख्यालय सहित अन्य तहसील व ग्रामीण अंचलों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।जिसके तहत जगह-जगह विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए गए। जिसका एक नजारा 1 जनवरी 2026 दिन गुरुवार को नगर के अंबेडकर चौक में भी देखने को मिला। जहां सभी बौद्ध अनुयायी शौर्य दिवस मनाने के लिए एकत्र हुए। जहां उन्होंने बाबा साहेब अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनका जय घोष किया, तो वही शौर्य दिवस पर कीर्ति स्तंभ में मोमबत्ती प्रज्वलित कर सलामी दी। जहां बौद्ध अनुयायियों द्वारा भीमा कोरेगांव युद्ध में शहीद हुए 500 महार शहीद सैनिको को नमन कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।तो वहीं धर्म देशना सांस्कृतिक व मंचीय कार्यक्रम, उद्बोधन सहित विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के साथ देर शाम भीमा कोरेगांव शौर्य दिवस का समापन किया गया।

**समता सैनिक दल ने कीर्ति स्तंभ को दी सलामी**

शौर्य दिवस के अवसर पर परमपूजनीय बोधिसत्व डॉ बाबासाहेब आंबेडकर द्वारा स्थापित संस्था ऑल इंडिया समता सैनिक दल जिला बालाघाट द्वारा 1 जनवरी 2026 को डॉ बाबासाहेब आंबेडकर चौक में सलामी का कार्यक्रम आयोजित किया गया।जिसमे उन्होंने वर्षो से चली



आ रही परम्परा के अनुसार परिधान धारण कर, उपस्थित बौद्ध अनुयायियों के साथ आम्बेडकर चौक में बनाए गए कीर्ति स्तंभ को सलामी दी।साथ ही उन्होंने भीमा कोरेगांव में शहीद हुए 500 महार शहीद सैनिको को नमन कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।बताया गया कि परमपूज्य बोधिसत्व डॉ बाबासाहेब आंबेडकर भी प्रतिवर्ष 1 जनवरी को भीमा कोरेगांव जाकर कीर्ति स्तंभ को सलामी दिया करते थे।

**भिमा कोरेगांव में 65 फिट उचा स्तंभ का किया गया है निर्माण**

बताया गया कि भीमा कोरेगांव में उन 500 महार सैनिकों की साहसी पराक्रम को याद रखने के लिए 65 फीट ऊंचा स्तंभ बनाया गया है, जिसे कीर्ति स्तंभ के नाम से जाना जाता है।यह कीर्ति स्तंभ पूना से 30 किलोमीटर की दूरी पर भीमा कोरेगांव में स्थित है। प्रति वर्ष हजारों की संख्या में भीम सैनिक (आंबेडकरी मिशन मानने वाले) भीमा कोरेगांव जाते।उन्ही को याद करने प्रतिवर्ष जिले भर में जगह जगह शौर्य दिवस का आयोजन कर महार सैनिकों के साहसी पराक्रम को याद किया जाता है।जिसके तहत 1 जनवरी को हर साल जगह जगह विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए जाते है।

**आज के दिन को शौर्य दिवस के रूप में मनाया जाता है- दयाल**

आयोजन को लेकर की गई चर्चा के दौरान महात्मा ज्योतिबा फूले एवं बाबा साहब डॉ. भीमराव आम्बेडकर सार्वजनिक जयंती समारोह समिति अध्यक्ष अधि. दयाल वासनिक ने बताया कि आज भीमा केरेगांव विजय दिवस मनाने, हम सभी एकत्रित हुए है। यहां बाबा साहब डॉ. आम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पूजा वंदना के साथ ही भीमा कोरेगांव में पेशवाओं के साथ लड़ी गई महार सैनिकों की लड़ाई में मिली जीत को विजय दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। समाज के सैनिकों ने पेशवाओ की बड़ी सेना से जंग लड़कर, यह बता दिया कि हम कमजोर नहीं, शक्तिशाली है।इसके तहत विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए गए है।भरवेली में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।वही 2 जनवरी को भी कार्यक्रम रखे गए है।

# 1111 फीट लंबी चुनरी माँ काली पाठ को चढ़ायी गई

## नववर्ष पर कोसमी से निकाली गयी भव्य चुनरी यात्रा

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। नववर्ष के पावन अवसर पर धार्मिक आस्था और श्रद्धा का अद्भुत दृश्य देखने को मिला, जब बब्बर सेना के तत्वावधान में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी भव्य चुनरी यात्रा का आयोजन किया गया। गुरुवार, 1 जनवरी को निकाली गई इस यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इस वर्ष माँ काली को अर्पित की जाने वाली चुनरी की लंबाई 1111 फीट रखी गई, जो यात्रा का प्रमुख आकर्षण रही। श्रद्धालुओं ने पूरे भक्तिभाव के साथ चुनरी को थामे हुए नगर भ्रमण किया और माँ काली के जयकारों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। चुनरी यात्रा का शुभारंभ ग्राम कोसमी स्थित मरकट बाबा अर्द्धनारेश्वर बब्बर शेर मंदिर से किया गया। यहां विधिवत पूजा-अर्चना के पश्चात यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए आगे बढ़ी। यात्रा सरेखा चौक, हनुमान चौक, सराफा बाजार, कालीपुतली चौक और जयस्तंभ चौक से होकर गुजरी, जहां जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया। नगर भ्रमण के दौरान डीजे, ढोल-नगाड़ों और जयकारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान रहा। यात्रा में युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अंत में चुनरी यात्रा माँ काली पाठ मंदिर पहुंची, जहां विधि-विधान से माँ काली को चुनरी अर्पित की गई और देश-प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की गई।

चुनरी यात्रा को लेकर जनपद पंचायत प्रतिनिधि मुकेश माहुले ने विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि इस पावन परंपरा की शुरुआत उनके मामा स्वर्गीय डाली दमाहे द्वारा लगभग 27 वर्ष पूर्व की गई थी। उन्होंने बताया कि उस समय उनके मामा की सोच थी कि जब लोग नववर्ष का स्वागत केवल पिकनिक, मनोरंजन और उत्सव के रूप में करते हैं, तो क्यों न वर्ष के प्रथम दिन की शुरुआत माँ काली की आराधना, भक्ति भाव और धार्मिक आस्था के साथ की जाए। इसी विचारधारा को साकार करने के उद्देश्य से ग्राम कोसमी से माँ काली पाठ मंदिर तक चुनरी यात्रा की शुरुआत की गई। प्रारंभ में यह यात्रा सीमित संख्या में श्रद्धालुओं के साथ निकाली जाती थी, लेकिन समय के साथ यह आयोजन जनआस्था का बड़ा रूप लेता चला गया। आज यह चुनरी यात्रा क्षेत्र की एक प्रमुख धार्मिक परंपरा बन चुकी है, जिसमें ग्राम कोसमी सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेने पहुंचते हैं। मुकेश माहुले ने बताया कि चुनरी यात्रा का मुख्य उद्देश्य केवल धार्मिक आयोजन करना नहीं, बल्कि समाज में आध्यात्मिक चेतना जागृत करना, आपसी भाईचारे को मजबूत करना और नई पीढ़ी को धार्मिक संस्कारों से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि आज चुनरी यात्रा के माध्यम से लोगों में भक्ति का भाव प्रबल हुआ है और माँ काली के प्रति श्रद्धा और विश्वास और अधिक गहरा हुआ है। उन्होंने यह भी बताया कि इस वर्ष माँ काली को 1111 फीट लंबी चुनरी



अर्पित की गई, जो श्रद्धालुओं की आस्था और समर्पण का प्रतीक है। चुनरी अर्पण के पश्चात काली पाठ मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। भंडारे में सभी वर्गों और समुदायों के लोगों ने सहभागिता करते हुए सामाजिक समरसता का संदेश दिया। जनपद पंचायत प्रतिनिधि ने आयोजन के सफल संचालन में सहयोग देने वाले समस्त ग्रामवासियों, बब्बर सेना के सदस्यों, युवाओं और महिला श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह चुनरी यात्रा आगे भी इसी श्रद्धा और परंपरा के साथ निरंतर आयोजित की जाती रहेगी, ताकि आने वाली पीढ़ियां भी इस धार्मिक विरासत से जुड़ी रहें।

**लंबी चुनरी रही आकर्षण का केंद्र**

चुनरी यात्रा के दौरान इस वर्ष 1111 फीट लंबी चुनरी श्रद्धालुओं के बीच विशेष आकर्षण का विषय बनी रही। यात्रा में शामिल लोग इसे देखने और इसकी भव्यता को निहारने के लिए रुकते नजर आए। चुनरी की लंबाई इतनी अधिक थी कि वह एक चौराहे से दूसरे चौराहे के अंतिम छोर तक फैली हुई दिखाई दी। ग्रामीण श्रद्धालुओं ने पूरे श्रद्धाभाव के साथ अपने हाथों में चुनरी को थामे रखा और माता के जयकारों के बीच यात्रा में सहभागी बने रहे।

**डीजे की धुन पर थिरके श्रद्धालु**

भक्ति और उत्साह से सराबोर यह चुनरी यात्रा ग्राम कोसमी से प्रारंभ हुई। डीजे और बैंड-बाजों की तेज ध्वनि पर बजते माँ काली के भक्ति गीतों और गूंजते जयघोषों के साथ श्रद्धालु झूमते हुए आगे बढ़ते रहे। पूरे मार्ग में धार्मिक उल्लास और भक्तिरस की लहर बनी रही। चुनरी यात्रा ग्राम कोसमी से निकलकर ओवरब्रिज होते हुए हनुमान चौक पहुंची। इसके बाद यात्रा मेन रोड़, चक्र चौराहा, राजघाट चौक और कालीपुतली चौक से गुजरते हुए जयस्तंभ चौक पहुंची, जहां से यह माँ काली पाठ मंदिर की ओर आगे बड़ी । यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पुलिस बल पूरी तरह तैनात रहा। पुलिस कर्मी चुनरी यात्रा की अगुवाई करते हुए आगे बढ़ते रहे, जिससे यातायात व्यवस्था और कानून-व्यवस्था सुचारू बनी रही।

## आस-पास की खबरें

## गायत्री प्रज्ञापीठ मानपुर में मनाया गया 26 वाँ वार्षिकोत्सव

### 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं भंडारा का हुआ आयोजन

**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** नगर मुख्यालय से सटी ग्राम पंचायत मानपुर स्थित गायत्री प्रज्ञापीठ मंदिर में 1 जनवरी को गायत्री प्रज्ञापीठ का 26 वां वार्षिकोत्सव धूमधाम के साथ मनाया



गया। इस अवसर पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम परमपूज्य गुरूदेव वेदमूर्ति तपोनिष्ठ पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य एवं परम वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा के दिव्य संरक्षण में प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर मंदिर में विधि-विधान से पूजा अर्चना की गई। जिसके बाद गायत्री शक्तिपीठ की श्रीमती संगीता पारधी, श्रीमती शुभांगी सोनी एवं अन्य महिला व पुरूष के द्वारा दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक गायत्री महायज्ञ एवं विभिन्न संस्कार संपन्न करवाये गये। जिसके बाद आरती की गई तत्पश्चात भंडारा रूपी महाप्रसादी का वितरण किया गया। साथ ही विचार गोष्ठी का भी आयोजन हुआ जिसमें उपस्थित ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने सभी को धार्मिक एवं आध्यात्मिकता से जुड़कर सत्य के मार्ग पर चलने की बात कही। गायत्री प्रज्ञापीठ मंदिर मानपुर के सदस्य हेमंत पारधी ने बताया कि अखिल विश्व गायत्री परिवार के द्वारा मानपुर स्थित गायत्री प्रज्ञापीठ में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी विश्व कल्याण के लिये गायत्री परिवार के द्वारा गायत्री प्रज्ञापीठ का 27 वां वार्षिकोत्सव मनाया गया एवं पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें विविध संस्कार संपन्न करवाये है और यह विश्व, जन एवं आत्म कल्याण के लिए किया जाता है एवं इस कार्यक्रम में लालबर्रा विकासखण्ड के भाई-बहन पहुंचकर धर्मलाभ अर्जित किये है। श्री पारधी ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य है कि मानवों में देवत्व का उदय हो, सभी का कल्याण हो, भाई चारा बना रहे, मानवता का जन्म होने के साथ ही सभी आपस में एक-दुसरे से स्नेह कर सत्य के मार्ग पर चले और सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं देने के साथ ही गायत्री माता से सभी के जीवन में सुख, शांति व समृध्दि बनाये रखने की कामना की गई है। इस अवसर पर गायत्री प्रज्ञापीठ मानपुर के पदाधिकारी एवं श्रध्दालुजन उपस्थित रहे।

# कंजई घाटी में ट्रक और पेट्रोल टैंकर की भीषण भिड़त

## बालाघाट-सिवनी हाईवे मार्ग पर लगा घंटों लंबा जाम, यात्रीगण हुए परेशान






**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।**

**बालाघाट-सिवनी हाईवे मार्ग स्थित कंजई घाटी में गुरूवार की सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। कंजई घाटी के मजार के समीप एक ट्रक और पेट्रोल से भरे टैंकर के बीच आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई। वहीं ट्रक व टैंकर में हुई जबरदस्त भीषण टक्कर में किसी प्रकार की जनहानि नही हुई है। लेकिन दोनों वाहनों के क्षतिग्रस्त होकर सड़क के बीचों-बीच फंसने के कारण मार्ग पूरी तरह अवरूध्द हो गया था। जिससे आने-जाने वालों को खासा परेशानियों का सामना करना पड़ा और कड़ी मशक्कत करने के बाद दोपहर करीब 3 बजे जेसीबी मशीन की मदद से सड़क के बीच में फंसे ट्रक व पेट्रोल से भरे टैंकर को अलग कर रोड़ किनारे किया गया। इस तरह से कंजई घाटी मजार के आगे ट्रक एवं टैंकर के बीच हुई जबरदस्त भिड़त से सड़क के बीचों-बीच दोनों वाहनों के फंस जाने से करीब 8 घंटे तक बालाघाट से सिवनी हाईवे मार्ग से आवागमन बाधित रहा। ऐसी स्थिति में इस मार्ग से आवागमन करने वाले लोगों को खासा परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं दोपहर 3 बजे सड़क के बीच में फंसे दोनों वाहनों के हट जाने के बाद आवागमन सुचारू रूप से प्रारंभ हुआ और मार्ग के दोनों साईड खड़े वाहन एवं यात्रीगण अपने गंतव्य की ओर रवाना हुए।**

### प्रात: 7 बजे से थमे रहे पहिये, 8 घंटे बाद खुला रास्ता

प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरूवार की प्रात: 7 बजे सिवनी की ओर से पेट्रोल से भरा ट्रक लालबर्रा की ओर आ रहा था एवं लालबर्रा से सिवनी की ओर खाली ट्रक जा रहा था। तभी कंजई घाटी मजार के आगे ट्रक एवं पेट्रोल से भरे टैंकर में जबरदस्त भिड़त हो गई। वहीं टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहन क्षतिग्रस्त होकर सड़क के बीच में फंस गये और ऐसे फंस गये थे कि छोटे वाहनों के निकलने की जगह भी नही बची थी। जिसके बाद मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई और देखते ही देखते सड़क के दोनों साइड चौपहिया सहित अन्य वाहनों की लंबी कतारे लग गई। जिससे आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गया। वहीं ट्रक एवं पेट्रोल से भरे टैंकर में हुई जबरदस्त भिड़त के चलते आग टैंकर में आग लग जाती तो बहुत बड़ा हादसा घटित हो सकता था किन्तु ऐसा कुछ नही हुआ सिर्फ दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हुए है एवं दोनों वाहनों के चालक व कंडेक्टर को मामूली चोटे आई है। वहीं पुलिस को कंजई घाटी में ट्रक एवं पेट्रोल से भरे टैंकर में भिड़त होने से आवागमन बाधित हो जाने की जानकारी लगने पर थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ घटना स्थल पहुंचे और दोनों वाहनों के चालकों से घटना की जानकारी ली। वहीं दोनों वाहन सड़क के ऐसे स्थान में बीच में फंसे थे कि उन्हे अलग करने में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ा। वहीं ट्रक एवं पेट्रोल से भरे टैंकर में हुई जबरदस्त भिड़त होने के बाद सड़क के बीचो-बीच दोनों वाहनों के फंस जाने से बालाघाट से सिवनी हाईवे मार्ग से आवागमन बाधित हो गया। ऐसी स्थिति में छोटे वाहन चालक कंजई बेरियर से छपारा होते हुए सिवनी की ओर आवागमन किये किन्तु बड़े वाहन एवं ट्रक फंसे ही रहे जिन्हे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। जिसके बाद एसडीओपी वारासिनी अभिषेक चौधरी भी घटना स्थल पहुंचे और मौके स्थल का मुआयना करने के बाद सड़क के बीच में फंसे वाहनों को अलग करने की योजना बनाई गई और दोपहर करीब 3 बजे जेसीबी मशीन के माध्यम से कड़ी मशक्कत कर सड़क के बीच में फंसे दोनों वाहनों को अलग किया गया। जिसके बाद आवागमन सुचारू रूप से प्रारंभ हुआ। इस तरह से कंजई घाटी के आगे ट्रक एवं पेट्रोल से भरे टैंकर सड़क के बीचों-बीच फंस जाने से करीब 8 घंटे तक बालाघाट से सिवनी हाईवे मार्ग से आवागमन बाधित रहा। जिससे यात्रीगणों को खासा परेशानियों का सामना करना पड़ा।

## बीएससी, बीएड, डी.एल.एड. महाविद्यालय में वार्षिक उत्सव एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** बिसोनी स्थित पाली एकेडमिक इंस्टीट्यूशन बीएससी, बीएड, डी.एल.एड. महाविद्यालय का वार्षिक उत्सव एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम 30 दिसंबर 2025 को हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। यह संस्थान जिले का एकमात्र शिक्षण संस्थान है जहां बी.एस.सी.बी.एड., बी.एड. तथा डी.एल.एड. पाठ्यक्रम संचालित होते हैं और निरंतर सतप्रतिशत परीक्षा परिणामों के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाती है। उक्त कार्यक्रम ग्राम पंचायत बिसोनी की सरपंच श्रीमती वर्षा वारे के मुख्य आतिथ्य में एवं प्रखर देशना कैरियर एण्ड वेलफेयर सोसायटी की उपाध्यक्ष श्रीमती पद्मा बोरकर के विशेष आतिथ्य में हुआ। संस्था प्रमुख श्रीमती वंदना वैद्य तथा प्राचार्य बी.जे. लिल्हारे की गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत में छात्र-छात्राओं एवं अध्यापकों द्वारा संगीतमय सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। इसके बाद अतिथियों का शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया गया। डी.एल.एड. एवं बी.एस.सी.बी.एड. के प्रशिक्षणार्थियों ने गीत, नृत्य एवं नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्राचार्य बी.जे. लिल्हारे ने संस्थान की उपलब्धियों एवं गतिविधियों की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। संस्थान संचालिका श्रीमती वंदना वैद्य ने अपने उद्बोधन में नारी सशक्तिकरण एवं कैरियर मार्गदर्शन पर प्रकाश डाला तथा निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा दी। पूर्व सरपंच विजय वारे ने प्रशिक्षणार्थियों को नैतिकता, लक्ष्य निर्धारण, संविधान अध्ययन एवं मानवाधिकारों के प्रति जागरूक रहने




का मार्गदर्शन किया। उन्होंने छात्रों को प्रशासनिक पदों पर चयनित होकर समाज एवं देश की सेवा करने तथा संस्थान का नाम रोशन करने की सलाह दी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रथम सेमेस्टर की वर्षा सोनवाने, दिशा मेश्राम एवं उनके ग्रुप द्वारा प्रस्तुत भूतनी नृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पंचम सेमेस्टर की जिंत कावड़े एवं ग्रुप द्वारा महिला उत्पीड़न पर आधारित एकांकी प्रस्तुति काफी प्रेरणादायी रही, जिसमें वास्तविक जीवन की महिला प्रताड़ना को संवेदनशीलता से दर्शाया गया। समारोह के अंत में प्रो. सी.एस. मेश्राम ने मुख्य अतिथि, विशेष अतिथि, गणमान्य नागरिकों, अभिभावकों एवं सभी प्रशिक्षणार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## आमाटोला ददिया में दिन-रात का मेला आज

**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** नगर मुख्यालय से लगभग 5 किमी. दूर ग्राम पंचायत ददिया के अन्तर्गत आने वाले ग्राम आमाटोला में नववर्ष के अवसर पर जन जाग्रति आमाटोला के तत्वावधान में 2 जनवरी को दिन-रात के मेले का आयोजन किया गया है। चर्चा में मंडई मेला समिति अध्यक्ष लकेश पंचेश्वर ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नववर्ष के अवसर पर 1 जनवरी को प्रात: 10 बजे से एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एवं 2 जनवरी को दिन-रात के मेले का आयोजन किया गया है। श्री पंचेश्वर ने बताया कि मेले के अवसर पर ग्रामीणजनों के रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए रात 9 बजे से दुय्यम महिला शायरी का आयोजन किया गया है। जिसमें नारवांजपार वारासिवनी की गायिका श्रीमती अनुपमा नागेश्वर एवं गर्राटोला रामपायली की गायिका श्रीमती भामिनी शेंडे के द्वारा शायरी की प्रस्तुती दी जायेगी और 3 जनवरी को मरार समाज आमाटोला ददिया के द्वारा माता सावित्रीबाई फुले की जयंती मनाई जायेगी। इस अवसर पर क्षेत्रीयजनों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील मंडई मेला समिति आमाटोला ददिया अध्यक्ष लकेश पंचेश्वर, उपाध्यक्ष डुलीचंद मरठे, कोषाध्यक्ष पंकज पंचेश्वर, अरूण पंचेश्वर, संदीप पंचेश्वर, खिलेंद्र पंचेश्वर, गोपाल बरले, आदित्य आचरे, बालकृष्ण कावरे, प्रदीप बिसेन, कमलेश कावडे, रामप्रसाद मोरध्वरे, शिवा मरठे, सतीष नागेश्वर, निर्मल कुर्वे, देवेंद्र पंचेश्वर, सुभाष पंचेश्वर, आसाराम पंचेश्वर, जगदीश पंचेश्वर, जगदीश कावरे, राजू पंचेश्वर सहित ग्रामीणजनों ने की है।

## नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा बना वृध्दजन सम्मान समारोह - झामसिंह

### पोंडी (नेवरगांव ला.) में स्वास्थ्य शिविर और वृध्दजन आशीर्वाद सम्मान समारोह कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** नगर मुख्यालय से लगभग 9 किमी. दूर ग्राम पंचायत नेवरगांव (ला.) के अंतर्गत आने वाले ग्राम पोंडी में नववर्ष के आगमन पर माँ अन्नपुर्णा विशाल भंडारा समिति के द्वारा 1 जनवरी को स्वास्थ्य शिविर एवं वृध्दजन आशीर्वाद सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला पंचायत सभापति झामसिंह नागेश्वर के मुख्य आतिथ्य, ग्राम पंचायत नेवरगांव ला. सरपंच संतोष पंचेश्वर की अध्यक्षता एवं बेलगांव सरपंच अरविंद पंचेश्वर, ब्लाक मरार माली समाज लालबर्रा अध्यक्ष कैलाश मात्ते, दीपक पंचेश्वर सहित अन्य पदाधिकारियों के विशेष आतिथ्य में प्रारंभ हुआ। जिसमें सर्वप्रथम उपस्थितजनों ने माँ अन्नपूर्णा माता के छायाचित्र के समक्ष दीप प्र'वलित कर माल्यार्पण किया तत्पश्चात स्वास्थ्य शिविर वृध्दजन आशीर्वाद सम्मान समारोह कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। जिसमें स्वास्थ्य विभाग के द्वारा उपस्थित ग्रामीणजनों का स्वास्थ्य परीक्षण कर नि:शुल्क दवाईयां प्रदान कर स्वास्थ्य संबंधित उचित मार्गदर्शन भी दिया गया। जिसके बाद उपस्थित अतिथियों एवं माँ अन्नपुर्णा विशाल भंडारा समिति के पदाधिकारियों ने ग्राम के वृध्दजनों का तिलकवंदन, शाल व श्रीफल भेंट कर सम्मान किया एवं उनका आशीर्वाद व मार्गदर्शन प्राप्त किये। साथ ही प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का भी सम्मान किया गया एवं सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सभापति झामसिंह नागेश्वर ने कहा कि नये वर्ष पर अक्सर लोग नई जगहों पर जाकर जश्न मनाते है, मौज मस्ती करते है। लेकिन



पोंडी ग्राम के माँ अन्नपूर्णा भंडारा समिति के युवाओं के द्वारा नया वर्ष अपने गांव के वृध्दजनों का सम्मान करके मनाया जाता है जो नई पीढ़ी में वृध्दजनों के प्रति सम्मान को दर्शाता है। साथ ही यह नई पीढ़ी में अपने बुजुर्गों के प्रति आदर और सम्मान की भावना को जीवित रखने का एक सशक्त माध्यम है। आगे नागेश्वर ने कहा कि बुजुर्ग हमारे परिवार और समाज की नींव हैं, उनके अनुभव और आशीर्वाद से ही एक सभ्य समाज का निर्माण होता है। जब नई पीढ़ी के युवा अपने हाथों से बुजुर्गों का तिलक लगाकर और उपहार देकर सम्मान करते हैं, तो इससे समाज में सकारात्मकता का संचार होता है। चर्चा में सरपंच संतोष पंचेश्वर ने बताया कि नये वर्ष के अवसर पर अन्नपूर्णा विशाल भंडारा समिति एवं युवाओं के द्वारा बुजुर्गों का सम्मान कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त करके अपने नये वर्ष की शुरूआत करते हैं। इसी कड़ी में 1 जनवरी को ग्राम पोंडी में स्वास्थ्य शिविर एवं वृध्दजन आशीर्वाद सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चिकित्सकों के द्वारा ग्रामीणजनों का स्वास्थ्य परीक्षण कर नि:शुल्क दवाई प्रदान की गई। जिसके बाद ग्राम के वृध्दजनों का शाल, श्रीफल भेंट कर सम्मान कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया गया है। श्री पंचेश्वर ने बताया कि आजकल के युवा वर्ग नये साल में पिकनिक के नाम पर विभिन्न स्थानों पर घुमने जाते है एवं गलत व्यसन करते है और दुर्घटना के शिकार हो जाते है। लेकिन इस तरह के आयोजनों से ग्राम के बुजुर्गों का सम्मान होता है और आने वाली पीढ़ी को भी एक अच्छा संदेश मिलता है। इसलिए अन्य लोग भी ग्राम में कार्यक्रम आयोजित कर ग्राम के वृध्दजनों का सम्मान कर नये वर्ष मनाये जिससे समाज में एक अच्छा संदेश जायेगा। इस अवसर पर माँ अन्नपूर्णा भंडारा समिति पोंडी के पदाधिकारी, सदस्यगण एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# पिकनिक स्पॉट एवं पार्क रहे गुलजार, नये वर्ष को लेकर लोगों में दिखा उत्साह

**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** वर्ष 2025 की खट्टी-मीठी यादों को संजोकर क्षेत्रवासियों ने बीती रात 12 बजते ही हर्षोल्लास के साथ नववर्ष 2026 का भव्य स्वागत किया। कैलेंडर बदलते ही समूचा नगर मुख्यालय और ग्रामीण अंचल आतिशबाजियों की रोशनी से जगमगा उठा। युवाओं की टोलियों ने नाच-गाने और नई उम्मीदों के साथ नई वर्ष का अभिनंदन किया। वहीं गुरूवार 1 जनवरी की सुबह होते ही समूचा क्षेत्र पिकनिक स्पॉट और पार्क गुलजार रहे। आपकों बता दें कि नववर्ष के पहले दिन की शुरूआत लोगों ने ईश-वंदना से की। क्षेत्र के सुप्रसिध्द कंजई शिव मंदिर वाटिका और कव्हरगढ़, सांई मंदिर जैसे दार्शनिक स्थलों पर सुबह से ही श्रध्दालुओं का तांता लगा रहा। लोगों ने परिवार सहित भगवान के दर्शन कर वर्ष 2026 के सुखद और मंगलमय होने की कामना की। वहीं क्षेत्र के प्राकृतिक पर्यटन स्थलों पर मेले जैसा दृश्य रहा। ढूटी घाट, सर्राटी जलाशय और पोटियापाट घाट पर लोगों ने बहते पानी के बीच अपनों के साथ पिकनिक का आनंद लिया। युवाओं और ब'चों ने समूह में पहुंचकर सामूहिक भोज का भी लुत्फ उठाया और नये साल की खुशियां साझा की। सोशल मीडिया के दौर में नये साल की बधाई देने का सिलसिला बुधवार रात से ही शुरू हो गया था। वॉट्सऐप, फेसबुक और इंस्टाग्राम पर शुभकामनाओं के संदेशों की बाढ़ आ गई। अपनों से दूर रहने वाले लोगों ने वीडियो कॉल, टेक्ट मैसेजों व कुछ रोचक चित्रों के माध्यम से नववर्ष 2026 की शुभकामनाएं एक दूसरे को प्रेषित की।

### पांढरवानी गार्डन में रही खासी रौनक

नगर मुख्यालय की ग्राम पंचायत पांढरवानी-लालबर्रा का गार्डन इस बार भी स्थानीय लोगों की पहली पसंद बना रहा। सुंदर तालाब और व्यवस्थित गार्डन के नजारे को यादगार बनाने के लिए युवाओं में सेल्फी लेने की होड़ मची रही। जहां एक ओर बच्चों ने जहां झूलों और घिसरन पट्टी का आनंद लिया तो वहीं वयस्कों ने ओपन जिम में अपनी सेहत के प्रति सजगता दिखाई। गार्डन आये पर्यटकों ने बताया कि पांढरवानी सरपंच के सार्थक प्रयासों से यहां एक व्यवस्थित और सुंदर गार्डन का निर्माण किया गया है जो नगर का एकमात्र गार्डन है। जहां पर लोग नये वर्ष सहित विभिन्न दिनों पर पिकनिक मनाने पहुंचते है और यह नगर का सबसे बढिया पिकनिक स्पॉट भी है। जहां पर नगर के अलावा




अन्य क्षेत्रों से भी लोग बड़ी संख्या में पहुंचे है और नये वर्ष में गार्डन में मेला सा लगा हुआ है। साथ ही यह भी बताया कि पूर्व में सरपंच अनीस खान के प्रयासों से यहां बोटिंग की शानदार सुविधा शुरू हुई थी, जो फिलहाल तकनीकी कारणों से बंद है। पर्यटकों ने मांग की है कि इस लोकप्रिय सुविधा को पुन: बहाल किया जाये ताकि लालबर्रा का यह गार्डन जिले के प्रमुख पर्यटन मानचित्र पर मजबूती से टिका रहे।

### क्षेत्रीयजनों का पंसदीदा पिकनिक स्पॉट है लालबर्रा गार्डन - अखिलेश

अधि. अखिलेश देशमुख ने बताया कि नये वर्ष के अवसर पर सुबह से ही गार्डन में चहल-पहल दिखाई दे रही है और लोग दूर-दूर से नया वर्ष मनाने लालबर्रा गार्डन पहुंच रहे हैं। यह पिकनिक का एक अच्छा स्पॉट बन चुका है जहां पर लोग अपनी खुशियां मनाने पिकनिक मनाने बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। श्री देशमुख ने बताया कि पांढरवानी पंचायत के सरपंच



अनीस खान के द्वारा पांच तालाबों को आपस में जोड़ा गया है और लालबर्रा का बड़ा तालाब एवं गार्डन लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र है और यह गार्डन तालाब के बीचो-बीच बनाया गया जो कि बहुत सुंदर है और पर्यटकों का मनमोह लेता है। यही वजह है कि बड़ी संख्या में लोग इस सुंदर गार्डन में घूमने के लिए पहुंचते हैं। साथ ही सोनेवानी अभ्यारण क्षेत्र में दुर-दराज के पर्यटक वन्यप्राणियों का दीदार करने आते है तो वे लोग भी इस गार्डन में घुमने आते है और यह गार्डन पर्यटकों का एक पसंदीदा स्पॉट बन चुका है।

### गार्डन को और सुन्दर बनाया जाये - संतोष

संतोषकुमार येरके ने बताया कि लालबर्रा गार्डन में बालाघाट जिले के आसपास के लोग बड़ी संख्या में घूमने के लिए आते हैं और नये वर्ष पर लोग परिवार सहित नववर्ष सेलिब्रिशन करने पहुंचे है। साथ ही गार्डन में बच्चों के लिए झुला, घिसरन पट्टी सहित



अन्य सामग्री है और नववर्ष के अवसर पर गार्डन में लोगों की काफी भीड़ नजर आ रही है। श्री येरके ने बताया कि पूर्व में लालबर्रा में घुमने का कोई स्थान नही होने पर लोग बाहर जाते थे, लेकिन अब लालबर्रा में गार्डन बन जाने के बाद तीज-त्यौहार एवं नववर्ष पर लोग लालबर्रा गार्डन घुमने आकर बच्चों के साथ पिकनिक मनाकर खुशियां जाहिर करते है और हमारी मांग है कि इस गार्डन को और सुन्दर बनाया जाये।

# झालीवाड़ा में श्री सांई मंदिर वार्षिकोत्सव कार्यक्रम संपन्न

## मंदिर में श्रद्धालुओं का लगा ताता विशाल भंडारे का हुआ आयोजन

पद्मेश न्यूज। वारासिवनी। वारासिवनी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम झालीवाड़ा में २२ दिसंबर से जारी श्री सांई मंदिर वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का नववर्ष १ जनवरी २०२६ को विशाल भंडारे एवं संगीतमय भजन संध्या कार्यक्रम के साथ समापन किया गया। जिसमें सुबह मंदिर से कलश शोभायात्रा निकाली गई जो ग्राम के विभिन्न चौक चौराहों का भ्रमण कर नदी पहुची जहाँ कलश विसर्जन कर शोभायात्रा वापस मंदिर पहुंची। जहां विधि विधान से भगवान सांई नाथ का पूजन अर्चन कर महाआरती की गई तत्पश्चात विशाल भंडारा प्रारंभ किया गया। इसमें शाम में संगीतमय भजन संध्या रुद्रकांत ठाकुर का विशेष आयोजन कर वार्षिक उत्सव का समापन किया गया। विदित हो कि २२ दिसंबर २०२५ को प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी श्री सांई मंदिर वार्षिकोत्सव के १६ वे संस्करण का प्रारंभ किया गया था। जिसमें दिन में श्री भक्तमाल कथा का आयोजन किया गया जहाँ राजस्थान बीकानेर नोखा से पधारे संत माधवदास महाराज के द्वारा संगीतमय कथा का वाचन किया गया ।








वहीं रात्रि में सांस्कृतिक धार्मिक आयोजन जीवंत झांकियों के साथ किया गया। जिसमें सुप्रसिद्ध कलाकारों के द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी गई। जिसमें ३१ दिसंबर को हवन पूजन कर कथा स्थगित की गई तत्पश्चात १ जनवरी को नववर्ष के अवसर पर सांई महाप्रसादी विशाल भंडारे का आयोजन कर कार्यक्रम का समापन किया गया। जिसमें करीब ३० हजार से अधिक लोगों ने प्रसादी ग्रहण कर भगवान सांई नाथ का आशीर्वाद ग्रहण किया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने कार्यकर्ताओं के साथ श्री साई मंदिर झालीवाड़ा के वार्षिक उत्सव में शामिल होकर सांईनाथ महाराज के सामने माथा टेकर नगर क्षेत्र जिले एवं प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की गई। इस अवसर पर श्री साईं मंदिर ट्रस्ट एवं समस्त ग्राम वासियों का सराहनीय योगदान रहा।

### दूसरे राज्यों के श्रृध्दालु लोगों ने भी उपस्थिति दर्ज कराकर धर्म लाभ अर्जित किया-जगदीश

पद्मेश से चर्चा में समिति अध्यक्ष जगदीश पटेल ने बताया कि श्री सांई वार्षिक उत्सव का यह १६ वां वर्ष था। जिसमें प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी २२ दिसंबर २०२५ से कार्यक्रम प्रारंभ किये गये। जिसमें कथा और संगीतमय कार्यक्रम हुए और नववर्ष के अवसर पर कथा का समापन कर १ जनवरी को कलश यात्रा निकालकर नदी में कलश विसर्जन किया गया। तत्पश्चात भंडारे का प्रारंभ किया गया । वहीं रात्रि में संगीतमय भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस पूरे कार्यक्रम के दौरान नगर सहित क्षेत्र व दूसरे राज्यों से भी श्रृध्दालु लोगों ने उपस्थिति दर्ज कराकर धर्म लाभ अर्जित किया है।

### हमारे युवा प्रेरणा लेकर अपने जीवन को सुखी और समृद्ध बनाएं- कमल

समिति के सचिव कमल टेंभरे ने बताया कि यह १६ वां वार्षिक उत्सव है जो सभी जन समुदाय मंदिर के कार्यकर्ता पोषक ग्राम नगर मुख्यालय के अतुल्य योगदान से हुआ। इस कार्यक्रम के माध्यम से संदेश है कि भाईचारे की भावना बनाए रखें बाबा के श्रद्धा सबूरी का विश्वास बाटे अध्यात्म का स्वरूप बना रहे। हमारे युवा प्रेरणा लेकर अपने जीवन को सुखी और समृद्ध बनाएं। २२ दिसंबर से यह कार्यक्रम चालू हुआ था जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने कथा का श्रवण कर उसे आत्मसात किया। समापन पर सांई बाबा की विशाल रसोई आयोजित की गई है। जिसमें ३५००० लोग प्रसाद ग्रहण किया है वहीं रात्रि में रुद्रकांत ठाकुर की भजन संध्या के साथ यह कार्यक्रम का समापन किया है।

# खेलों से होता है शारीरिक और बौद्धिक विकास-विवेक

पद्मेश न्यूज। वारासिवनी। खैरलांजी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत खैरी में ओपन जिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बालक बालिकाओं
की मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, उत्तरप्रदेश की कुल १८ टीमों ने हिस्सा लिया। जिसका समापन मैच बुधवार को बालक वर्ग में नागपुर आर्मी व गुड़गांव दिल्ली और बालिकाओं वर्ग में बालाघाट पुलिस लाइन ए व बालाघाट पुलिस लाइन बी के बीच खेला गया। जिसमें नागपुर आर्मी की टीम ने अच्छा प्रदर्शन कर एक तरफा ३.० से जीत दर्ज कर ली। वहीं बालिका वर्ग में ३.१ से बालाघाट पुलिस लाइन ए की टीम विजेता रही। विजेता और उपविजेता टीम को विधायक विवेक पटेल के हस्ते पुरुस्कृत किया गया। जिसके बाद खिलाड़ियों का आतिथियों के द्वारा परिचय करवाकर खेल की शुरुआत की गई।




### एक भी मैच नहीं हारी नागपुर आर्मी की टीम

खैरी में बुधवार को फ इनल मैच में नागपुर आर्मी की टीम ने ३.० से जीत दर्ज की पूरे टूर्नामेंट के चैंपियन बन गई। नागपुर आर्मी की टीम ही सिर्फ ऐसी टीम थी जो एक भी मैच नहीं हारी। मैच की शुरुआत से ही नागपुर की टीम गुड़गांव दिल्ली की टीम पर हावी रही और लगातार अपने अंक बढ़ाते रही। नागपुर की टीम ने गुड़गांव दिल्ली की टीम को कभी भी अपने ऊपर हावी होने नहीं दिया और शुरुआत से ही अपने अंक बढ़ाते रहे। जिससे नागपुर आर्मी की टीम ने अच्छा प्रदर्शन कर एक तरफ ा जीत दर्ज कर ली। विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा की खेल हमारे देश की सदियों पुरानी परंपरा है । विश्व के सभी देश अपने देश के युवाओं के लिए खेल प्रतियोगिता और प्रोत्साहन के लिए करोड़ों रुपये का व्यय अपने बजट में शामिल करते है। खेलों से हमारे देश की तरुणाई का शारीरिक व बौद्धिक विकास होता है ,पिछले कोरोनाकाल में यहां टूर्नामेंट नही हो पा रहा था मगर अब यह कभी नही रुकेगा। यह खेल अब हमेशा निरंतर चलता रहेगा खेलो से सभी का भाईचारा बना रहता है । यहां शुरू से ही अच्छे खिलाड़ी आते रहें है जो खिलाडी आये है उनसे हमें अच्छा खेल सिखने मिले और नई पीढी के युवाओं को अच्छा देखने मिले। यहां कई वर्षो से अच्छी वॉलीबाल प्रतियोगिता खेली जाती है । जीवन पर खेलो का बहुत बड़ा महत्व है खेलो से मानसिक शारीरिक भावनात्मक विकास के साथ साथ लोगों को जुड़ाव महत्वपूर्ण है। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य सुनीता मानसिंह बहेटवार, जनपद सदस्य योगेश सुलकिया, विनय अग्रवाल, मन्नू रामटेके, नरेंद्र राहंगडाले, पुष्पेंद्र देशमुख, रोशन मते, गन्नू माहुले, रंजित लिल्हारे, अनिल अग्रे, पलाश बिसेन, दिनेश तितरमारे, बंटी तितरमारे, शुभम बिंजारे, धर्मेंद्र तुमसरे, राहुल अग्रे, प्रदीप राहंगडाले ,शाहिल बालाधारे, शौर्य बोरे, सुजल अग्रवाल, अक्षय नागबीरे, फि रोज तुरकर, वंश तितरमारे सहित खेलप्रेमी मौजूद रहे।

# भागवत कथा का मुख्य उद्वेश्य ही आत्मा का परमात्मा से मिलन कराना -प्रदीप

पद्मेश न्यूज। वारासिवनी। वारासिवनी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम मदनपुर में श्रीमद भागवत कथा के पश्चात दोपहर समय में श्री सांई मंदिर के १६ वे वार्षिक उत्सव सांईधाम झालीवाडा के समापन में आयोजित विशाल भंडारा और शाम के समय कोस्ते रोड़ पर श्रीसांई वार्षिक उत्सव में पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल शामिल हुये। ग्राम मदनपुर में अमृत वर्षा रूपी भागवत कथा में व्यासपीठ पर कथावाचिका प्रियंका किशोरी व्रंदावन धाम को नमन करने के बाद महाआरती में भी शामिल होने का कार्य किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने कहा की इस कथा का मुख्य उद्वेश्य ही आत्मा का परमात्मा से मिलन कराना है। भक्ति और ज्ञान के माध्यम से जीवन को सार्थक बनाकर अपने मन को शांति दिलवाना है। जिसके लिये श्रीकृष्ण की लीलाओं और उपदेश का श्रवण किया जाता है। जिससे आध्यात्मिक विकास होता है और मोक्ष का मार्ग प्रशस्त होता है। इसी दौरान दोपहर समय में श्री सांई मंदिर के १६ वें वार्षिक उत्सव सांईधाम झालीवाड़ा के समापन में आयोजित सांई की रसोई विशाल भंडारा में शामिल होकर भोजनरूपी प्रसाद ग्रहण किया। इसी समय कंटगी के विधायक गौरव सिंह पारधी ने जैसे ही पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल को भोजन करते देखा वैसे ही उन्होने भी भोजन परोसने वाली टीम में शामिल होकर भोजन परोसकर अपने स्नेह का परिचय दिया। वहीं वार्ड एक शंकर नगर कोस्ते रोड़ पर परपंरा के अनुसार चैनलाल जैतवार के द्वारा आयोजित श्री सांई पूजा, सांई महाप्रसाद भंडारा कार्यक्रम में शामिल होकर सांईनाथ महाराज की स्तुति की। इस अवसर पर प्रसिद्व भजन गायक आदित्य खंजाची के भजनो के बीच सजीव झांकी हनुमान जी ने उन्हे नृत्य करने के लिये जैसे ही आमंत्रित किया वैसे ही पुरे परिसर में भक्तो में एक नया उत्साह सा




परिलक्षित होते देखा गया। इस दौरान जसवंत पटले, मिलिंद नगपुरे, मनोज दांदरे ,प्रदीप शरणागत, जगदीश पटले, गुडडा पटले, राम खंडेलवाल, अजय पटले, अशीष देशमुख, छोटू टेंभरे, ओरेलाल बघेले, पुलकित पटले, अरविंद देशमुख मौजूद रहे।

## विशाल कलश शोभायात्रा निकाल श्री शिवपुराण का हुआ प्रारंभ

पद्मेश न्यूज। वारासिवनी। नगर के श्री हनुमानलला मनोकामना पूर्ति मंदिर सराफा बाजार से १ जनवरी नववर्ष के अवसर पर भव्य कलश शोभायात्रा निकालकर श्री शिव पुराण महोत्सव का शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम श्री सकल समाज महिला मण्डल के तत्वाधान में श्रीराम मंदिर में संगीतमय श्री शिव महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है। जिसमें दोपहर करीब १२ सराफ ा बाजार हनुमान मंदिर से बैंड बाजे की धुन पर भव्य कलश यात्रा निकल गई। जो नगर के गोलीबारी चौक ,आंबेडकर चौक ,नेहरू चौक ,जय स्तंभ चौक सहित विभिन्न चौक चौराहा और गलियों का भ्रमण करते हुए वापस श्री राम मंदिर पहुंची। जहां शोभायात्रा का समापन कर श्री शिवमहापुराण यज्ञ सप्ताह अंतर्गत संगीतमय कथा का प्रारंभ किया गया। इसमें विधि विधान से पूजन उपरांत श्रीधाम वृंदावन से पधारे कथावाचक पूज्य गुरुदेव अन्तराष्ट्रीय कथा वाचक रामकृपाल त्रिपाठी के द्वारा व्यास आसन पर विराजीत होकर



अपनी रसमयी ललित अमृत वाणी के द्वारा सभी भक्तो को जीवन उध्दारक कथा का वाचन किया गया। यह कथा १ से ७ जनवरी तक प्रतिदिन दोपहर ३ बजे से शाम ५ बजे तक की होंगी। इसमें ७ जनवरी को पुर्ण आहुति एवं प्रसादी वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। वही प्रतिदिन श्रध्दालुओं के द्वारा पार्थिव रूद्री निर्माण करवाकर रूद्राभिषेक सुबह ९ बजे से होगा। इस अवसर पर नगर सहित क्षेत्र से अधिक संख्या में लोगों से उपस्थित होकर धर्म लाभ अर्जित करने की अपील श्री सकल समाज महिला मण्डल वारासिवनी ने की हैं।

## दिगम्बर जैन मंदिर में श्री शांतिनाथ विधान का हुआ आयोजन

पद्मेश न्यूज। वारासिवनी। नगर के दिगंबर जैन मंदिर में १ जनवरी नव वर्ष के अवसर पर दिगंबर जैन पंचायत कमेटी के तत्वाधान में श्री शांतिनाथ विधान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सम्पूर्ण विश्व में शाँति भावना एवं सभी जीवों के कल्याण हेतु किया गया। जिसमें विधान के पूर्व नवीन पाषाण जिनालय में विधि विधान से अभिषेक पूजन किया गया। दिगम्बर जैन



पँचायत कमेटी के उपाध्यक्ष दीपक जैन ने बताया कि शान्तिनाथ भगवान के विधान के माध्यम से वारासिवनी नगर भारत देश एवं सम्पूर्ण विश्व में शाँति सद्भावना की कामना की गयी। आज से ठीक एक वर्ष पूर्व निर्यापक श्रमण श्री समता सागर का भव्य नगर प्रवेश हुआ था जिनके सानिध्य में आचार्य श्री १०८ विद्यासागर महामुनिराज की परम अनुकम्पा एवं आचार्य श्री १०८ समय सागर के आशीर्वाद से भव्य पंचकल्याणक गजरथ महोत्सव सम्पन्न हुआ था। आगामी समय में कमेटी के द्वारा पंचकल्याणक स्मृति महोत्सव मनाने की भूमिका भी बनाई जा रही है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में दिगंबर जैन पंचायत कमेटी के पदाधिकारी सदस्य सहित स्वजातीय बंधु मौजूद रहे।

# जनमानस ने पिकनिक के साथ मनाया नववर्ष



### धार्मिक व पर्यटन स्थल पर रही भीड़

पद्मेश न्यूज। वारासिवनी। नववर्ष के प्रथम दिन लोगों ने अपने परिवार के साथ रहकर ही वर्ष के पहले दिन का स्वागत करते हुये पूरा दिन साथ में व्यतीत किया। इस दौरान लोग नगर से क्षेत्र के विभिन्न पिकनिक स्पॉट सहित नगर के गांधी बाल उद्यान में पहुंचकर खुशियां मनाई। विदित हो कि इस दौरान लोगों ने अच्छे नये कपड़े पहन कर सुबह से मंदिरों में अपनी उपस्थिति दर्ज करा कर भगवान से पूरे वर्ष मंगलमय व्यतीत होने की कामना कर दिन की शुरुआत की। जिसके बाद पूरे परिवार के साथ गांधी बाल उद्यान, गोटाडोल, सांई मंदिर झालीवाड़ा, रामपायली या क्षेत्र के अन्य स्थानों पर जाकर अपना पहला दिन मनाया। इस दौरान बच्चों ने पिकनिक का जमकर आनंद लिया। जहाँ सुरक्षा की दृष्टि से सभी स्थानों पर पुलिस बल मुस्तैद रहा वहीं शाम तक किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। जिससे लग रहा है कि लोगों ने शांतिपूर्वक सादगी से अपना पहला दिन मनाया। इस दौरान घूमने वाले लोगो की संख्या में कुछ कमी दिखी परन्तु सभी स्थानों पर बड़ी संख्या में लोगों मौजूद रहे।

# मदनपुर में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का हुआ समापन






पद्मेश न्यूज। वारासिवनी। वारासिवनी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत मदनपुर में भागवत कथा समिति एवं समस्त ग्रामवासी के तत्वाधान में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का समापन १ जनवरी को कथा विश्राम कर हवन पूजन एवं महाप्रसादी वितरण के साथ किया गया। यह श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ २६ दिसंबर से किया गया था जिसमें प्रतिदिन दोपहर १२ से शाम ४ बजे तक श्रीधाम वृंदावन से पधारी कथावाचिका प्रियंका किशोरी के मुखारविंद से संगीतमय प्रवचन के माध्यम से किया जाता रहा। जहां बड़ी संख्या में ग्रामीण जनों के द्वारा उपस्थित होकर कथा श्रवण कर धर्मलाभ अर्जित किया गया। इस दौरान २६ दिसंबर को श्रीमद् भागवत कथा का प्रारंभ विशाल कलश शोभायात्रा निकालकर किया गया। जिसमें यह शोभायात्रा ग्राम के विभिन्न चौक चौराहा और गलियों का भ्रमण कर कार्यक्रम स्थल पहुंची। जहां व्यास पूजा करने के उपरांत कथा प्रारंभ की गई जिसमें प्रतिदिन महात्मा एवं धुंधकारी मोक्ष एवं भक्ति महारानी ज्ञान एवं वैराग्य की मुरछादूर श्रीमद भागवत कथा, सुकदेव महाराज का जन्म श्री परीक्षित महाराज की जन्म कथा एवं भगवान के २४ अवतार की कथा का वामन भगवान अवतार वर्णन भक्त प्रहलाद चरित्र ध्रुव चरित्र राम जन्म श्री कृष्ण जन्म उत्सव पुतना वध बाल लीला माखन चोरी लीला एवं गोर्वधन महाराज पूजन महारास लीला भगवान मथुरा गमन, उध्दव चरित्र कंसवध एवं श्री कृष्ण रूखमणी विवाह एवं १ जनवरी को भागवान के १६ १०८ विवाह का वर्णन श्री सुदामा चरित्र परीक्षित महाराज का मोक्ष की कथा सुनाकर कथा विश्राम करने के उपरांत हवन पूजन कर पूर्णाहूति के पश्चात् महाप्रसादी स्वरूप ग्राम भोज कर कार्यक्रम का समापन किया गया। आयोजक सदस्य अशोक पटले ने बताया की श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन ग्राम में किया गया था पुराणों में कहते हैं कि गांव में श्रीमद् भागवत कराई जाती है तो ग्राम के हर व्यक्ति के कष्ट दूर हो जाते हैं। इसी के तहत यह आयोजन का चौथा वर्ष है हमारा संदेश यही है कि हिंदुत्व एकत्रित हो युवा पीढ़ी जो गलत रास्ते में जा रही है। वह भागवत ज्ञान प्राप्त कर सही दिशा पर लौटे लोग नशा छोड़ें। ग्राम में सद्भाव प्रेम भाईचारा बढे और यह जो धर्म परिवर्तन के तरफ लोग आकर्षित हो रहे हैं तो वह रुके सभी एक समुदाय बनाकर आस्था के साथ रहे। यह कथा २६ दिसंबर से प्रारंभ की गई थी नववर्ष के अवसर पर हवन पूजन भंडारा कर समापन किया गया है। इसमें एक ग्राम एक चूल्हा का नारा दिया गया है आज किसी भी घर में चूल्हा नहीं जलेगा। इस अवसर पर भागवत कथा समिति एवं मदनपुर के ग्रामवासियों का सराहनीय योगदान रहा।

## शौर्य दिवस पर नगर में निकली बाइक रैली



पद्मेश न्यूज। वारासिवनी। नगर में १ जनवरी भीमा कोरेगांव शौर्य दिवस के अवसर पर बौद्ध अनुयायियों के द्वारा बाइक रैली का आयोजन किया गया। यह बाइक रैली नगर से लगी पंचायत सिकंद्रा से निकाली गई जो नगर के विभिन्न चौक चौराहों का भ्रमण करते हुए सिकंद्रा पहुंची जहां पर रैली का समापन किया गया। इस दौरान कॉलेज चौक पर महात्मा ज्योतिबा फूले, आंबेडकर चौक में मोमबत्ती जलाकर डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में बौद्ध अनुनायी मौजूद रहे।

**आवश्यकता है**
**वारासिवनी कार्यालय में केबल में कार्य हेतु लड़कों की आवश्यकता है**
स्थानीय या आसपास रहने वालों को प्राथमिकता
- संपर्क करें -
**पद्मेश सिटी केबल**
**बस स्टेण्ड, वारासिवनी**

## बालाघाट एक्सप्रेस

### संपादकीय

**सत्य एक व्रत की तरह है**

सत्यमेव व्रतं यस्य दया दीनेषु सर्वदा।
कामक्रोधौ वशे यस्य स साधुः - कथ्यते बुधैः।।




# सुरक्षा की चिंता और भारत की बात

बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों को निशाना बनाने की हिंसक घटनाओं का सिलसिला थम नहीं रहा है। पिछले दो सप्ताह में वहां तीन हिंदू नागरिकों की हत्या कर दी गई। इससे हिंदू समुदाय के भीतर सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। ये हमले ऐसे समय में हो रहे हैं, जब बांग्लादेश में आए दिन विरोध प्रदर्शनों से अराजक स्थिति पैदा हो रही है। सवाल है कि ऐसे हमले अचानक हो रहे हैं या फिर किसी गहरी साजिश के तहत इस तरह की हिंसा का जाल बुना जा रहा है! ऐसे में वहां की अंतरिम सरकार और सुरक्षा एजेंसियों की कार्यप्रणाली भी सवालों के घेरे में है। हालांकि, सरकार का दावा है कि इन घटनाओं को सांप्रदायिकता से नहीं जोड़ा जाना चाहिए, क्योंकि इनके पीछे व्यक्तिगत कारण हो सकते हैं। अगर यह सही है, तो फिर क्या वजह है कि अल्पसंख्यकों को ही लक्षित तरीके से निशाना बनाया जा रहा है? कानून व्यवस्था बनाए रखने और आम नागरिकों की सुरक्षा की जिम्मेदारी आखिर किसकी है? जाहिर है कि जिस तरह की अराजक स्थिति पैदा हो रही है, उसके लिए शासन एवं प्रशासन ही जवाबदेह हैं।

बांग्लादेश में अगस्त 2024 में तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार के खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शनों के बाद हिंसा का सिलसिला शुरू हुआ था। अंतरिम सरकार बनने के बाद वहां माहौल थोड़ा शांत और स्थिर हुआ था, लेकिन हाल के दिनों में हिंसा फिर से जोर पकड़ने लगी है। खासकर अब हिंदू समुदाय के लोगों को निशाना बनाया जा रहा है। इसी क्रम में पिछले दो सप्ताह के भीतर तीन हिंदू नागरिकों की हत्या कर दी गई। पहले भालुका इलाके में भीड़ ने ईशनिंदा के आरोप में एक हिंदू व्यक्ति को पीट-पीट कर मार डाला और फिर उसे आग के हवाले कर दिया गया। इसके कुछ दिन बाद मैमनसिंह जिले में एक हिंदू नागरिक की हत्या कर दी गई। हाल ही में कपड़े के कारखाने में एक हिंदू कर्मी को गोली मार दी गई, जिससे उसकी मौत हो गई। इस मामले में स्थानीय पुलिस का दावा है कि आरोपी ने मजाक में हिंदू व्यक्ति की तरफ बंदूक तानी थी और इस दौरान अचानक गोली चल गई। जबकि घटना के चश्मदीद का कहना है कि आरोपी ने जान-बूझकर गोली चलाई। बयानों के इस विरोधाभास से पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठना स्वाभाविक है।

# भरोसे की आग की पहली चमक

सोचिए, हम अनजानों पर कैसे भरोसा करते हैं? रेस्तरां में ऑर्डर करते हैं और मानते हैं कि वेटर जो खाने के लिए लाएगा वह शुद्ध होगा। वेटर भरोसा करता है कि आप खाने के बाद बिल चुकाएंगे। आप सैलून में सिर झुकाकर बैठते हैं और विश्वास से कैंची चलने देते हैं।

वह दिन भी आएगा जब अंतरिक्ष, हवा, समुद्र और धरती की शक्तियों का दोहन करने के बाद हम ईश्वर की प्रेम की शक्ति का दोहन करेंगे। और जब ऐसा होगा, तब हम संसार के इतिहास में दूसरी बार आग की खोज करेंगे।



ऐसा लगता है, जिंदगी का हर क्षण सिर्फ इवेंट हो गया है, जिसे या तो प्रायोजक की तलाश है या एक ऐसे 'एंडोर्समेंट' की जिसमें हम कह सकें कि हमने यह कर दिखाया। दिखाने के लिए, दिखाने को, दिखाने का मोल करती खिड़कियों ने हमारे सुखों, दुखों और आकांक्षाओं को इवेंट के ईंधन में बदल दिया है। हम भौंचक हैं, विश्वास खोज रहे हैं। विश्वास का क्यूआर कोड दक्षिणी मेडागॉस्कर के 60 प्रतिशत लोग 'अकेलापन' महसूस करते हैं। सैलानियों से चौंधियाया हुआ दुकानदार कहता है, आसपास ग्राहक ज्यादा हैं, दोस्त नहीं।

स्कैन करते हैं और नए अविश्वास के लिंक पर पहुंच जाते हैं। आपमें से बहुतों को मेडागॉस्कर नाम याद आते ही नाचते लीमर दिखाई देते होंगे। कुछ को खूबसूरत जंगलों के साथ कोई राजनीतिक घटना भी याद आती होगी लेकिन अधिकांश, हॉलीवुड की मेहरबानी से एक नाचते-गाते कॉर्निवाल को ही मेडागाँस्कर का पर्याय समझते हैं। मगर क्या आप जानते हैं कि दक्षिणी मेडागॉस्कर के 60 प्रतिशत लोग 'अकेलापन' महसूस करते हैं। क्यों? क्योंकि सैलानियों की जगमग से चौंधियाया हुआ दुकानदार कहता है, आसपास ग्राहक ज्यादा हैं, दोस्त नहीं।

इस दूसरे आंकड़े को देखिए। बर्तानवी पालतू जानवरों की दीवानगी का आलम यह है कि दो हजार के सैम्पल में सारे वे लोग थे जिन्होंने इंस्टाग्राम पर पालतू के फोटो अपने पार्टनर के मुकाबले, तीन गुना ज्यादा पोस्ट किए। लंदन की लैंडमार्क कही जाने वाली जगहों पर पालतुओं के पोट्रेट खिंचवाने का नया दौर चल पड़ा है। 2025 में 49 प्रतिशत बिल्ली पालने वाले प्रोफेशनल थे और 16 प्रतिशत वे थे जिन्होंने अपने पालतू का सोशल मीडिया एकाउंट बना रखा था।

और, ताजा खबर है कि ओपन एआई ने एक एप लॉन्च किया है 'टेक्स्ट विद् जीसस'! आप अपनी आत्मिक परेशानियों के सवाल वहां कर सकते हैं। बिल्कुल जीसस जैसा एक अवतार आपको जवाब देता है। करीब डेढ़ लाख यूजर हो गए हैं जो अपनी आशा, निराशा, संदेह और भ्रम उस अवतार से दूर करवाने को प्रस्तुत हैं। पोप लियो ने कहा है, इस 'एग्रीगेटेड डेटा' उर्फ 'संकलित ज्ञान भंडार' से अपनी जिंदगी का ज्ञान मत लो। जीवन है, जीवन की तरह, जीवन से जीवनी शक्ति लो।

नए साल पर ऐसी बातें इसलिए कि सर्वाधिक लोकप्रिय शब्दों को चुनने वाले शब्दकोश भी सिर्फ और सिर्फ ऑनलाइन जिंदगी से सत्व लेने पर मजबूर हैं। वेब्स्टर को स्लॉप (Slop) शब्द सर्वाधिक महत्वपूर्ण लगा है जिसका सीधा अर्थ है एआई से बना घटिया कन्टेंट। ऑक्सफोर्ड को रेज बेट (Rage Bait) स्वाभाविक ही इसलिए उचित जान पड़ा क्योंकि उकसाने के इरादे से डाले गए कन्टेंट की बहार है। जब कुछ न हुआ तो कैम्ब्रिज की पकड़ में आया-पैरा सोशल (Para Social)। इसे यूं समझिए कि सोशल में तो कुछ इधर के, कुछ उधर के हो सकते हैं। इसमें सिर्फ एकतरफा ही चाहिए।

सोशल साइंटिस्ट रॉबर्ट पटनम का निष्कर्ष है कि लोग दूसरों पर भरोसा करना छोड़ रहे हैं। साठ के दशक में अगर 55 प्रतिशत भरोसा था तो नब्बे के दशक तक आते-आते 34 प्रतिशत रह गया। अभी के नए आंकड़े और डरा सकते हैं। 'उबन्तू' एक दक्षिण अफ्रीकी जीवन दर्शन है। उसका सार है-'मैं' हूं क्योंकि 'हम' हैं। एक आदमी दूसरे आदमियों से आदमी बनता है। मगर विश्व स्वास्थ्य संगठन का 150 देशों का सर्वे कहता है, उबन्तू के देश में भी 'उबन्तू' छीज रहा है।

तो हमें क्या नए साल की सुबह संदेह और अविश्वास से शुरू करना चाहिए? क्षमा कीजिए, मेरा ख्याल है, आपको एक बार फिर विश्वास के खेल या ट्रस्ट गेम के नियमों से गुजर जाना चाहिए।

सोचिए, आखिर हम अनजानों पर कैसे भरोसा करते हैं? रेस्तरां में ऑर्डर करते हैं और मानते हैं कि वेटर जो खाने के लिए लाएगा वह शुद्ध और सेहतमंद होगा। वेटर भरोसा करता है कि आप खाने के बाद बिल चुकाएंगे। मालिक विश्वास करता है कि वेटर रोजाना सही वक्त पर काम पर आएगा। वेटर विश्वास करता है कि महीने की तय तारीख पर उसे तनख्वाह मिलेगी। आप सैलून में सिर झुकाकर बैठते हैं और विश्वास से कैंची चलने देते हैं। प्लंबर और ड्राईक्लीनर या ड्राइवर के भरोसे नल, कपड़े या गाड़ी छोड़ देते हैं। मगर जब ऑनलाइन ऑर्डर करते हैं तो विश्वास की दिशा बदल जाती है। आप पैसा पहले देते हैं और विश्वास करते हैं कि ऑर्डर तय वक्त पर घर पहुंच जाएगा। दूसरी तरफ आपकी अलार्म क्लॉक धोखा दे जाए और सही वक्त पर अलार्म न बजे तो 'विश्वास धोखा निराशा' का जो समीकरण होगा क्या वही तब भी होगा जब कोई करीबी दोस्त तय वक्त पर एक महत्वपूर्ण मिलन की बेला में न पहुंचे। यानी एक तरफ घड़ी है, एक तरफ आदमी। विश्वास भी जीवन के होने न होने से बदल जाता है।

अब थोड़ी सी कहानी 'रेशनल एक्टर मॉडल' की। जब आपको पता होता है कि किसी का फायदा उठाने से उसका कुछ नुकसान नहीं होगा तो आप उसके विश्वास का फायदा उठा लेते हैं। डेविड लुडन ने 'ट्रस्ट गेम' का उदाहरण देते हुए एक जगह कहा है, 'ए' को पांच रुपए दो और कहो कि वह 'बी' को देगा तो चौगुने हो जाएंगे। 'बी' के पास बीस होने पर वह दस 'ए' को दे देगा। तो इस हिसाब से खेल के लिए दोनों तैयार हो जाएंगे। क्योंकि अंततः दोनों के पास दस-दस होंगे जो मूल पांच से ज्यादा ही होंगे। लेकिन यही बात उनसे ऐसे कही जाए कि पांच लॉटरी में लगा दो। पचास-पचास प्रतिशत जीत-हार के चांस रहेंगे, ये पचास हो सकते हैं। तो? तब शायद कोई तैयार नहीं होगा। वजह? 'लॉटरी' आदमी नहीं है। आदमी, अनजान आदमी पर भरोसा कर सकता है, बनिस्बत किसी प्राणहीन वस्तु के। किसी 'लॉटरी' या 'घड़ी' पर उसकी आशाएं-निराशाएं बिल्कुल अलग होती हैं।

हम परोपकार भी इसलिए करते हैं कि अच्छा लगता है। ऐसा करना चाहिए-इस सामूहिक विश्वास की दीवार पर खड़े होकर भरोसे की चमक देखते हैं। संदेह का लाभ भी तभी तक किसी को मिलता है, जब लाभ का भरोसा हो।

कई बार जब भरोसे सिकुड़ते हैं तो अस्तित्व सिकुड़ता है। इस दौरान मानवीय आकांक्षाओं और आत्मिक उलझनों की पहचान के दुर्लभ चित्र भी खड़े हो जाते हैं। रूस के प्रहार और चीन की दंबगई के बीच अमेरिका से परित्यक्त यूरोप अपनी अस्मिता और शक्ति, खाने में खोज रहा है। हाल में इटली की कृषि मंत्री इस बात पर भड़क गई थीं कि ब्रसेल्स में एक दुकान जो रेडीमेड 'कार्बोनारा सॉस' (Carbonara Saus) बेच रही थी, उसके मूल तत्व रेसिपी से अलग थे। उनका कहना था, क्रीम मिला कार्बोनारा कैसे बेचा जा सकता है? पिज्जा पर पाइन एपल कैसे होगा? सबकी अपनी शुद्ध रेसिपी हैं। करंसी और कानून एक करने को तैयार यूरोप खाने पर क्यों हिल रहा है? इसलिए कि, उसे उसमें अस्तित्व का बचा आकाश दिखाई देता है।

यह स्वयं को बचा लेने की एक सभ्यतागत तरकीब है। दुनिया के सर्वाधिक कमाई करने वाले यूट्यूबर मिस्टर बीस्ट ने मशहूर जादूगर डेविड ब्लेन के एक स्टंट की कॉपी फिल्माई और उसे 285 मिलियन बार देखा गया। तो असली जादूगर कौन हुआ? मिस्टर बीस्ट या डेविड ब्लेन?

ठहर कर सोचिए। अपने भीतर के भरोसे की आग की पहली चमक को याद कीजिए। आप डेविड ब्लेन के साथ जाएंगे।

शुभकामनाएं।

**-यशवंत व्यास**




## -आचार्य महाप्रज्ञ

व्यक्ति जितना अपने-आप को समझ सकता है, दूसरा उसे बीस प्रतिशत से ज्यादा नहीं समझ सकता। आदत को बदलने का सबसे पहला सूत्र है आत्म आलोचना यानी स्वयं का निरीक्षण करना।

### सबसे बड़ा चमत्कार है अपनी आदतों को बदलना

पुरानी आदत को बदलना और नई आदत डालना मुश्किल है। दोनों कठिन काम हैं। आदत बदलने के लिए बहुत शक्ति चाहिए। सामान्य प्रयत्न से न तो किसी आदत का निर्माण किया जा सकता है और न पुरानी आदत को बदला जा सकता है। उसके लिए एक प्रक्रिया की जरूरत है। उस प्रक्रिया का पहला अंग है आलोचना-अपने आपको देखना। जो अपनी आदत को देखता ही नहीं, उसे बदलने की बात ही कहां उठेगी। जिसने अपनी आदत को देखना सीख लिया, वह चाहे, तो उसे बदलने के लिए पहला चरण उठा सकता है। आत्म आलोचना से व्यक्ति छोटी, बड़ी, सूक्ष्म और स्थूल - सभी प्रवृत्तियों को देखता है। जो दूसरे का जजमेंट होता है, वह अस्सी प्रतिशत गलत होता है, बीस प्रतिशत ही सही हो सकता है। हर व्यक्ति अपने भाव जगत में जीता है और दूसरा केवल उसका व्यवहार पकड़ता है। भाव जगत में जीने वाला व्यक्ति जैसा व्यवहार करता है, वैसा दूसरा कैसे कर सकता है? व्यवहार के आधार पर सही निर्णय नहीं किया जा सकता है। एक व्यवहार दो हेतुओं से भी उत्पन्न हो सकता है। आचरण के पीछे दो कारण हो सकते हैं। एक व्यवहार के पीछे मारने का कारण भी हो सकता है और जिलाने का भी। जिलाना चाहता है, पर व्यवहार वह मारने वाला कर रहा है। मारना चाहता है, पर व्यवहार वह जिलाने वाला कर रहा है। व्यवहार दोनों के समान, किंतु हेतु दोनों के बिल्कुल भिन्न हैं। डॉक्टर ऑपरेशन करता है, चाकू चलाता है। यह व्यवहार कोई अच्छा नहीं लगता है, किंतु इसके जो प्रेरक तत्व हैं, वे बहुत अच्छे हैं। डॉक्टर उसे स्वस्थ एवं दीर्घायु बनाना चाहता है। वही चाकू दूसरा आदमी चलाता है, छुरा घोंपता है और पेट फाड़ कर किसी व्यक्ति को मार डालता है। डॉक्टर ने भी छुरा चलाया और उस व्यक्ति ने भी छुरा चलाया। एक ही क्रिया है, पर उसके दो अर्थ हो जाते हैं। एक ने छूरा चलाया जीवन के लिए और दूसरे ने छुरा चलाया जीवन-हरण के लिए। व्यवहार के आधार पर किसी भी व्यक्ति की व्याख्या नहीं की जा सकती है। हमारी व्याख्या का मूल सूत्र है भाव जगत। कहां जी रहा है, किस भाव में जी रहा है? अपूर्णदृष्टि वाला आदमी व्यवहार में जीता है और व्यवहार के आधार पर आदमी को अच्छा या बुरा बताता है। किंतु आलोचना करने वाला व्यक्ति स्थूल बात को नहीं पकड़ेगा, वह सूक्ष्म बात तक जाएगा। इसलिए यह कहना मुझे बहुत पसंद है कि व्यक्ति जितना अपने आप को समझ सकता है, दूसरा उसे बीस प्रतिशत से ज्यादा नहीं समझ सकता। जो आदमी अपनी आलोचना करता है, अपने आपको देखता है, वह अपने आपको जिस तरह समझ सकता है, दूसरा कभी नहीं समझ सकता। दुनिया का सबसे बड़ा चमत्कार है अपनी आदतों को बदलना। इससे बड़ा कोई दिखा ही नहीं सकता और जो व्यक्ति अपनी आदत को बदल देता है, वह दुनिया का सबसे बड़ा चमत्कारी है।

### सूत्र - स्वयं को जानें

कोई किसी को नहीं बदल सकता है। आपके भीतर प्रेक्षा का भाव नहीं है, तो आप नहीं बदल सकते। प्रेक्षाध्यान का मर्म है-अपने आपको देखना। जीवन में सफलता, खुशी और प्रेम चाहिए, तो सबसे जरूरी है, स्वयं को जानना। इसके बाद ही आप एक बेहतर इन्सान बन सकते हैं।

## नूतन अभिनन्दन

# 2026: उम्मीदों की एक नयी सुबह

नूतन वर्ष को विश्वभर में नए आरंभ, अवसर और नवीकृत आशाओं के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। यह वह समय होता है जब लोग पिछले वर्ष पर चिंतन करते हैं। सफलताएं, गलतियां, चुनौतियां और जो जीवन की सीख मिली हैं और अपने आप को मानसिक एवं भावनात्मक रूप से आने वाले समय के लिए तैयार करते हैं। दरअसल, एक से दूसरे वर्ष में परिवर्तन केवल कैलेंडर की संख्या बदलने जैसा है, लेकिन इसका मनोवैज्ञानिक महत्त्व बहुत गहरा होता है। यह लोगों को जीवन में एक प्रकार की समाप्ति का अनुभव कराता है और नए लक्ष्य निर्धारित करने का अवसर देता है। यही वजह है कि नूतन वर्ष आत्मनिरीक्षण, प्रेरणा और आत्म-सुधार का समय बन जाता है। इस दृष्टिकोण को अपनाकर व्यक्ति न केवल अपने व्यक्तिगत जीवन में, बल्कि पेशेवर जीवन में भी इस अवसर को एक महत्त्वपूर्ण मोड़ के रूप में उपयोग कर सकता है।

यह हमें आत्म निरीक्षण की ओर प्रेरित करता है, जो व्यक्तिगत विकास की दिशा में पहला और अहम कदम है। पिछले वर्ष को पीछे मुड़कर देखना यह समझने में मदद करता है कि हमारे जीवन में क्या सफल रहा और क्या नहीं। यह समय होता है अपनी उपलब्धियों को पहचानने का, चाहे वे कितनी भी छोटी क्यों न हों, और उन प्रयासों की सराहना करने का, जिनका परिणाम हमेशा उम्मीद के अनुसार नहीं आया। आत्म निरीक्षण में असफलताओं और गलतियों को स्वीकार करना भी शामिल है, लेकिन इसके लिए आत्म-आलोचना की आवश्यकता नहीं है। अपने पिछले अनुभवों को समझना लोगों को मूल्यवान सबक सिखाता है, उन्हें मानसिक दृढ़ता विकसित करने में मदद करता है और भविष्य में बेहतर निर्णय लेने की क्षमता देता है। यह सजग आत्म निरीक्षण एक उद्देश्यपूर्ण और सतत जीवन की नींव रखता है, जो केवल दिनचर्या या संयोग से संचालित न होकर जानबूझ कर चुने गए रास्ते पर आधारित होता है।

यह मौका एक खाली कैनवास की तरह है, जो हमें यह तय करने का अवसर देता है कि हम वास्तव में क्या हासिल करना चाहते हैं। सार्थक लक्ष्य निर्धारित करने से व्यक्ति अपनी ऊर्जा को व्यक्तिगत विकास, करिअर, स्वास्थ्य, रिश्तों और आत्मिक उन्नति जैसे क्षेत्रों में केंद्रित कर सकता है। लक्ष्य निर्धारित करने की प्रक्रिया में प्राथमिकताओं को पहचानना, बड़े लक्ष्यों को छोटे और साध्य हिस्सों में बांटना और बाधाओं को पार करने की रणनीति बनाना शामिल है। छोटे-छोटे लक्ष्यों को पूरा करने से न केवल उत्पादकता बढ़ती है, बल्कि आत्म-विश्वास और प्रेरणा में भी वृद्धि होती है, क्योंकि हर छोटी सफलता व्यक्ति को संतोष और आत्मविश्वास देती है।

जीवन स्वाभाविक स्प से अप्रत्याशित है और वर्ष के बदलने का समय यह याद दिलाता है कि बदलाव आवश्यक और विकास के लिए अहम है। यह व्यक्ति को अपने आराम क्षेत्र से बाहर कदम रखने, सोच-समझकर जोखिम लेने और नए अवसरों का सामना करने के लिए प्रेरित करता है, जिन्हें पहले भय या हिचकिचाहट के कारण टाला गया हो।

जीवन निरंतर विकास की यात्रा है और प्रत्येक वर्ष बेहतर आदतें अपनाने, हानिकारक व्यवहारों को छोड़ने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का अवसर प्रस्तुत करता है। चाहे वह नया कौशल सीखने के लिए समय समर्पित करना हो, शरीर की सेहत और क्षमता सुधारना, समय का बेहतर प्रबंधन करना या ध्यान और कृतज्ञता का अभ्यास करना हो, नया वर्ष एक स्वाभाविक संकेत है कि व्यक्ति अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास करे। छोटे और नियमित प्रयास समय के साथ बड़ी उपलब्धियों में बदल सकते हैं, जिससे जीवन अधिक संतुलित, पूर्ण और सार्थक बनता है।

मानवीय संबंध भावनात्मक संतुलन और जीवन की खुशी के लिए अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। नए साल का जश्न परिवार, मित्रों और सहयोगियों के साथ मनाने से अपनापन, कृतज्ञता और साझा खुशी की भावना उत्पन्न होती है। इसके अलावा, यह समय पिछले मतभेदों को माफ करने, रंजिश को छोड़ने और संबंधों में सकारात्मकता और सहानुभूति के साथ फिर से शुरुआत करने का भी होता है। मजबूत रिश्ते न केवल भावनात्मक समर्थन प्रदान करते हैं, बल्कि अधिक सामंजस्यपूर्ण और सहानुभूतिपूर्ण समाज के निर्माण में भी योगदान करते हैं।

जीवन स्वाभाविक रूप से अप्रत्याशित है और वर्ष के बदलने का समय यह याद दिलाता है कि बदलाव आवश्यक और विकास के लिए अहम है। यह व्यक्ति को अपने आराम क्षेत्र से बाहर कदम रखने, सोच-समझकर जोखिम लेने और नए अवसरों का सामना करने के लिए प्रेरित करता है, जिन्हें पहले भय या हिचकिचाहट के कारण टाला गया हो। नए वर्ष को बदलाव को अपनाने के अवसर के रूप में देखने से व्यक्ति में अनुकूलन क्षमता, रचनात्मकता और मानसिक दृढ़ता विकसित होती है, ये सभी आधुनिक जीवन की जटिलताओं में सफलतापूर्वक समाहित करने के लिए आवश्यक गुण हैं। साथ ही पिछले वर्ष की उपलब्धियों और अपने तथा दूसरों के प्रयासों की सराहना करने से व्यक्ति जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित कर सकता है। ध्यान, या दैनिक उद्देश्यों को निर्धारित करने जैसी सजगता की प्रथाएं लोगों को केंद्रित रहने, तनाव कम करने और मानसिक स्पष्टता बनाए रखने में मदद करती हैं। कृतज्ञता और सजगता मिलकर आंतरिक शांति और संतोष की भावना उत्पन्न करते हैं, जिससे व्यक्ति चुनौतियों का सामना आशावाद और शक्ति के साथ कर सकता है।

नया वर्ष एक प्रतीकात्मक अवसर है जो आत्मनिरीक्षण, लक्ष्य निर्धारण, आत्म-सुधार और संबंधों को मजबूत करने की प्रेरणा देता है। पिछले अनुभवों पर विचार करके, सार्थक लक्ष्य निर्धारित करके, बदलाव को अपनाकर, सकारात्मक आदतों का विकास करके और कृतज्ञता को प्रोत्साहित करके व्यक्ति सुनिश्चित कर सकता है कि नूतन वर्ष केवल समय का परिवर्तन न रहकर जीवन को रूपांतरित करने वाला अवसर बन जाए।

**-मोनिका राज**

## लीक से हटकर

*नए कपड़ों को बनाने में इस्तेमाल होने वाला प्लास्टिक पर्यावरण के लिहाज से बेहद खतरनाक हो सकता है।*

# कपड़े खरीदते वक्त पर्यावरण की भी सोचें

कभी दिवाली, होली और जन्मदिन पर मिलने वाले कपड़ों को लेकर मन में ललक और साल भर की प्रतीक्षा रहती थी, लेकिन बदलते माहौल में तो हर दिन नया कपड़ा भी मिल जाता है और उसके बावजूद निरंतर बदलाव की चाहत बनी रहती है। अभी तो यह संकट पूरी तौर पर समझ में नहीं आ रहा, लेकिन वह दिन दूर नहीं जब प्लास्टिक की तरह कपड़ों को कतरने और उनसे उत्पन्न संकट पर आंसू बहाने में दुनिया लग जाएगी। वैसे इस बाबत राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चा शुरू हो गई है और सरोकार प्रकट किया जाने लगा है कि कपड़ों का भंडारण अपरिग्रह के सिद्धांत के अनुरूप ही हो, लेकिन दिखावे की इस दुनिया में सबसे आसान है अपने पहनावे में नित नए बदलाव कर और फास्ट फैशन के नाम पर सुलभ होते सस्ते कपड़े बदल कर प्रवाह में बने रहना। हममें से ज्यादातर इस तथ्य से अनभिज्ञ हैं कि कपड़ों को बनाने में प्लास्टिक का इस्तेमाल बहुत बड़ी मात्रा में होता है। तथ्य यह भी है कि जहां पूर्व में कपड़ों को बनाने के लिए कपास से बने सूत का ही बहुतायत में उपयोग होता था, वहीं आज इसका स्थान सिंथेटिक धागों ने ले लिया है। सूती कपड़े तो आर्थिक रूप से सक्षम व्यक्तियों की पहुंच तक ही सीमित रह गए हैं। अभी पहनने के कपड़े बनाने वाली कंपनियों पर किसी भी प्रकार का उत्तरदायित्व संबंधित कानून लागू नहीं होता, जबकि कपड़ा बनाने में प्लास्टिक का उपयोग भी किया जाता है, जो उत्तरदायित्व संबंधी कानून के दायरे में है। अतएव प्लास्टिक रेशे से बने प्रदूषणकारी कपड़े भी उत्तरदायी नियमों के दायरे में रहने चाहिए। नियम और कानून के अभाव में उसका लाभ लेते हुए बड़े-बड़े औद्योगिक घराने भी फास्ट फैशन की दौड़ में शामिल हो चुके हैं और उसे बढ़ावा देने संबंधी विपणन को प्राथमिक व्यापार के रूप में अपना चुके हैं। उचित तो यह हो कि शुरुआती दौर में ही नियम-कायदे बना कर उत्पादन एवं निष्पादन पर प्रभावी नियंत्रण कायम किया जाए। साथ ही आमजन के मध्य भी पर्यावरण को हो रहे प्रत्यक्ष आघात के बारे में चेतना जागृत की जाए। अन्यथा समस्या के विकराल होने के पश्चात नियंत्रण में जहां संसाधन तो विपुल मात्रा में लगेंगे, वहीं आदत पड़ जाने के कारण जनता उसके मोह से अपने को अलग करने में भी कष्ट महसूस करेगी। भारत एवं अन्य विकसित एवं विकासशील देशों में आदिकाल से कपड़ों को उनकी पूर्ण जीवन श्रृंखला तक उपयोग करने की परंपरा रही है, जो कि कालांतर में लुप्त होती जा रही है। हालांकि इसके कुछ अपवादों में अहमदाबाद के दिल्ली दरवाजे और कुछ दक्षिण अमेरिकी एवं अफ्रीकी शहरों के उपयोग में लगाए जा रहे बाजारों में अभी भी सेकेंडहँड कपड़ों का व्यापक स्तर पर व्यापारिक लेन-देन हो रहा है। इनकी विशेषता यह है कि देश कोई भी हो, सेकेंडहँड कपड़ों के बाजार में प्रभुत्व तथाकथित रूप से अनपढ़, ग्रामीण और पिछड़ी महिलाओं का ही रहता है। ये अनौपचारिक बाजार मूलतः महिलाओं में स्वरोजगार का बड़ा माध्यम होते थे, जिनके माध्यम से इन महिलाओं में व्याप्त नैसर्गिक व्यावसायिक प्रतिभा को अभिव्यक्त किया जाता था। लेकिन पूर्व की भांति यह परंपरा अथवा बाजार शहरी नियोजन के दायरे से बाहर निकलते जा रहे हैं। यदि सेकेंडहैंड बाजार के उन्नयन की चर्चा भी होती है, तो यूरोप में स्थापित रिवाइटल श्रृंखला के प्रकार की बड़ी दुकान स्थापित करने की ही वकालत की जाती है। भारत में परंपरागत रूप से सेकेंडहँड कपड़ों के बदले बर्तन एवं घरेलू उपयोग की वस्तुओं की अदला-बदली एक आम चलन हुआ करता था, जिससे सभी के हित सध जाते थे। सेकेंडहँड सामान के व्यापार को भी औपचारिक रूप प्रदान करने हेतु स्टोर कायम कर देने से लाभ चंद व्यक्तिओं तक सीमित रह जाएगा।



**-विवेक एस अग्रवाल**

# जीएसटी कलेक्टशन ने भर दिया सरकार का खजाना, दिसंबर में 6.1 प्रतिशत की बढ़ोतरी, 1.74 लाख करोड़ के पार

**नई दिल्ली।एजेंसी।** वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) से केंद्र सरकार की आय में लगातार मजबूती देखने को मिल रही है। सरकार ने गुरुवार, 1 जनवरी 2026 को दिसंबर 2025 के जीएसटी कलेक्शन के आंकड़े जारी किए, जो उत्साहजनक रहे। साल के आखिरी महीने में जीएसटी संग्रह सालाना आधार पर 6.1 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 1.74 लाख करोड़ रुपये से अधिक पहुंच गया है। दिसंबर 2024 में यह आंकड़ा करीब 1.64 लाख करोड़ रुपये था। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, बड़े पैमाने पर जीएसटी दरों में कटौती के बावजूद राजस्व संग्रह में यह बढ़ोतरी दर्ज की गई है। दिसंबर 2025 में घरेलू लेन-देन से प्राप्त ग्रॉस रेवेन्यू 1.2 फीसदी बढ़कर 1.22 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। वहीं, आयातित वस्तुओं से मिलने वाला राजस्व तेजी से बढ़ा और इसमें 19.7 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई, जिससे यह 51,977 करोड़ रुपये तक पहुंच गया।इस दौरान जीएसटी रिफंड में भी उल्लेखनीय उछाल देखने को मिला। दिसंबर महीने में रिफंड की राशि 31 फीसद बढ़कर 28,980 करोड़ रुपये हो गई। रिफंड समायोजित करने के बाद नेट जीएसटी रेवेन्यू 1.45 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा रहा, जो पिछले साल की तुलना में 2.2 फीसदी अधिक है। हालांकि, सेस कलेक्शन में गिरावट दर्ज की गई है। दिसंबर 2025 में सेस कलेक्शन घटकर 4,238 करोड़ रुपये रह गया, जबकि दिसंबर 2024 में यह 12,003 करोड़ रुपये था। विशेषज्ञों के मुताबिक, इसका मुख्य कारण कंपन्सेशन सेस के दायरे में बदलाव है।

### जीएसटी रेट कट का दिखा असर

रिपोर्ट के अनुसार, 22 सितंबर 2025 से सरकार ने करीब 375 वस्तुओं पर जीएसटी दरों में कटौती की थी। इस फैसले से रोजमर्रा के लगभग 99 फीसदी सामान सस्ते हुए, जिससे आम उपभोक्ताओं को राहत मिली। हालांकि, दरों में कमी का असर राजस्व वृद्धि की रफ्तार पर पड़ा है। अब कंपन्सेशन सेस केवल तंबाकू और उससे जुड़े उत्पादों पर ही लगाया जा रहा है, जबकि पहले यह लग्जरी और अन्य सिन प्रोडक्ट्स पर भी लागू था।

# भारत का रूस से कच्चे तेल का आयात दिसंबर में सबसे निचले स्तर पर पहुंचा

**नई दिल्ली।एजेंसी।** भारत के लिए रूस से कच्चे तेल का आयात दिसंबर में दो साल के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया। एक रिपोर्ट के मुताबिक दिसंबर में भारत ने रूस से करीब 12 लाख बैरल प्रतिदिन तेल आयात किया, जबकि नवंबर में यह आंकड़ा 18.4 लाख बैरल प्रतिदिन था। यह गिरावट दिसंबर 2022 के बाद सबसे कम स्तर मानी जा रही है। हालांकि रिपोर्ट में साफ लिखा है कि यह बदलाव स्थायी नहीं बल्कि अस्थायी कारणों से हुआ है और जनवरी से आयात में धीरे-धीरे सुधार होने की उम्मीद है। रिपोर्ट के मुताबिक दिसंबर में रूसी तेल आयात में आई तेज गिरावट की सबसे बड़ी वजह अमेरिका द्वारा रूस की प्रमुख तेल कंपनियों पर लगाए गया प्रतिबंध रहा। इन प्रतिबंधों के बाद भारत की कई बड़ी रिफाइनरियों ने रूसी कच्चे तेल की खरीद अस्थायी रूप से कम कर दी। एक अन्य रिपोर्ट में कहा गया है कि दिसंबर में भारत की रूसी तेल की भूख अचानक ठंडी पड़ी, लेकिन यह एक शॉर्ट-टर्म एडजस्टमेंट है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस गिरावट के पीछे रिलायंस इंडस्ट्रीज और न्यू मैंगलोर रिफाइनरी जैसे बड़े खरीदारों की भूमिका अहम रही। इन रिफाइनरियों ने दिसंबर में रूसी कच्चे तेल की खरीद में भारी कटौती की है। अमेरिका के प्रतिबंधों के बाद रिलायंस इंडस्ट्रीज, हिंदुस्तान पेट्रोलियम, एचपीसीएल-मित्तल एनर्जी और मैंगलोर रिफाइनरी जैसी कंपनियों की रूसी तेल सप्लाई कुछ समय के लिए रुक गई थी। हालांकि, रोसनेफ्ट समर्थित नयारा एनर्जी इस मामले में अपवाद रही, जिसने रूसी तेल पर निर्भरता बनाए रखी। दिसंबर में जब रूसी तेल की सप्लाई बाधित हुई, तब भारतीय रिफाइनरियों ने मध्य पूर्व, पश्चिमी अफ्रीका और अमेरिका जैसे क्षेत्रों से कच्चे तेल की खरीद बढ़ाई। इसके साथ ही गैर-प्रतिबंधित रूसी कंपनियों से भी सीमित मात्रा में तेल खरीदा गया। विशेषज्ञों का कहना है कि रूसी तेल पर सीधे बैन नहीं लगा है, बल्कि कुछ सप्लायर कंपनियां ही निशाने पर हैं। यही वजह है कि नए और गैर-प्रतिबंधित विक्रेता इस खाली जगह को भरने में सक्षम हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि दिसंबर की गिरावट सतह पर दिखने वाली तस्वीर है। हकीकत यह है कि रूसी कच्चा तेल अब पहले की तुलना में ज्यादा बिचौलियों, ट्रेडर्स और वैकल्पिक लॉजिस्टिक रास्तों के जरिए भारत आ रहा है। डायरेक्ट खरीद भले ही कम हुई हो, लेकिन भारत की कुल मांग मजबूत है। कीमतों में आकर्षण, भारतीय रिफाइनरियों के लिए उपयुक्त ग्रेड और सीमित विकल्पों के चलते रूसी तेल की मौजूदगी आगे भी बनी रहने की संभावना है। रिपोर्ट के मुताबिक रूस से भारत को तेल निर्यात सामान्य होने लगेगा। दिसंबर में रूस की हिस्सेदारी भारत के कुल तेल आयात में घटकर एक-चौथाई से नीचे आ गई, जबकि नवंबर में यह करीब एक-तिहाई थी। इसके बावजूद रूस भारत का सबसे बड़ा तेल आपूर्तिकर्ता बना हुआ है और जनवरी से रूसी तेल आयात के आंकड़ों में सुधार की उम्मीद है।

# नए साल के पहले दिन सोना हुआ सस्ता, चांदी भी गिरी

**नई दिल्ली।एजेंसी।** नए साल 2026 के पहले ही दिन सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट देखने को मिली है। 1 जनवरी की सुबह घरेलू बाजार में सोने के भाव फिसल गए। राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत घटकर 1,35,030 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,23,790 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा है। मुंबई में 24 कैरेट सोने का भाव 1,34,880 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज किया गया है, वहीं 22 कैरेट गोल्ड 1,23,640 रुपये प्रति 10 ग्राम पर है। चेन्नई और कोलकाता में भी यही भाव बने हुए हैं। पुणे और बेंगलुरु में भी 24 कैरेट सोना 1,34,880 रुपये और 22 कैरेट 1,23,640 रुपये प्रति 10 ग्राम पर मिल रहा है। अन्य शहरों की बात करें तो अहमदाबाद और भोपाल में 24 कैरेट सोना 1,34,930 रुपये, जबकि जयपुर, लखनऊ और चंडीगढ़ में यह 1,35,030 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है। सोने के साथ-साथ चांदी की कीमतों में भी गिरावट दर्ज की गई है। 1 जनवरी की सुबह चांदी का भाव घटकर 2,38,900 रुपये प्रति किलोग्राम रह गया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में चांदी 71.67 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही है।अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने का हाजिर भाव 4,308.30 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया है। जानकारों के अनुसार घरेलू सोने की कीमतों पर ग्लोबल संकेतों के साथ-साथ डॉलर की चाल, ब्याज दरों और निवेशकों की मांग का सीधा असर पड़ता है।

# शेयर बाजार साल के पहले दिन सपाट बंद हुआ

**मुम्बई।एजेंसी।** शेयर बाजार में गुरुवार को साल के पहले ही कारोबारी दिन मिला-जुला कारोबार हुआ । दुनिया भर से मिले कमतोर संकेतों के साथ ही आज दिन भर बाजार में उतार-चढ़ाव रहा और बाजार एक दायरे में ही सीमित रहा। सुबह हालांकि बाजार की तेज शुरुआत हुई थी पर कुछ समय बाद ही गायब हो गयी। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 32 अंकों की हल्की गिरावट के साथ ही 85,188.60 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं दूसरी ओर 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 16.95 अंकों की बढ़त रही और यह 26146.55 के लेवल पर बंद हुआ है। आज अधिकतर शेयर बढ़त पर बंद हुए। सबसे ज्यादा खरीदारी महिंद्रा एंड महिंद्रा , एलएंडटी इंटरग्लोब एविएशन जैसे शेयरों में रही। वहीं दूसरी ओर आईटीसी, बजाज फाइनेंस , एशियन पेंट्स , बीएचईएल के शेयर नुकसान में रहे। आज एनएसई पर मिड और स्मॉलकैप शेयरों का प्रदर्शन मिश्रित रहा। निफ्टी मिडकैप



इंडेक्स में आज 0.48 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई जबकि निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 0.02 फीसदी तक गिरा। विदेशी निवेशकों गत दिवस करी 3,597 करोड़ के शेयर बेच दिए। इसके साथ ही उनकी बिकवाली का सिलसिला लगातार सातवें दिन भी जारी रहा। जिससे भी बाजार पर दबाव आया। इस साल की आज पहली वीकली डेरिवेटिव्स एक्सपायरी थी। इस कारण बाजार पर दबाव था। इससे पहले आज सुबह नए साल 2026 के पहले कारोबारी दिन बाजार की सकारात्मक शुरुआत रही। सुबह सेंसेक्स मामूली बढ़त के साथ 85,255 अंक पर खुला। इसी तरह निफ्टी भी हल्की तेजी के साथ 26,173 अंक पर खुला और सुबह 26,174.45 के स्तर पर पहुंच गया। एशिया के अधिकांश प्रमुख शेयर बाजार नए साल के अवसर पर गुरुवार को बंद रहे। वहीं अमेरिकी शेयर बाजार वॉल स्ट्रीट पर पिछले कारोबारी सत्र में दबाव देखने को मिला। एसएंडपी 500 और नैस्डैक क्रमश: 0.74 फीसदी और 0.76 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुए। हालांकि, गिरावट के बावजूद इन दोनों इंडेक्स ने लगातार तीसरे साल दोहरे अंकों की वार्षिक बढ़त दर्ज की, जो 2021 के बाद उनकी सबसे लंबी तेजी की श्रृंखला है।

# सिगरेट-तंबाकू के रेट में होगा इजाफा, केंद्र सरकार ने कर दिया नए सेस और अतिरिक्त एक्साइज ड्यूटी का ऐलान

**नई दिल्ली।एजेंसी।** केंद्र सरकार ने तंबाकू उत्पादों पर कर व्यवस्था को और सख्त करते हुए बड़ा फैसला लिया है। सरकार ने सिगरेट, तंबाकू, पान-मसाला और गुटखा जैसे उत्पादों पर अतिरिक्त एक्साइज ड्यूटी और नया सेस लगाने का ऐलान किया है, जो 1 फरवरी 2026 से पूरे देश में लागू होगा। इस फैसले के लागू होते ही तंबाकू उत्पादों की कीमतों में बड़ा इजाफा होना तय माना जा रहा है। वित्त मंत्रालय ने 31 दिसंबर की देर रात इस संबंध में अधिसूचना जारी की है। नए नियमों के तहत तंबाकू और सिगरेट पर लगने वाली यह अतिरिक्त एक्साइज ड्यूटी 40 फीसदी जीएसटी दर के ऊपर होगी। इसके साथ ही पान-मसाले पर भी केंद्र सरकार ने अलग से सेस लगाने का निर्णय लिया है, जो जीएसटी के अतिरिक्त वसूला जाएगा। सरकार ने पैकिंग मशीनों की सहायता से बनाए जाने वाले और पाउच में पैक चबाने वाले तंबाकू, जर्दा सुगंधित तंबाकू और गुटखा को केंद्रीय उत्पाद शुल्क अधिनियम की धारा 3ए के तहत नोटिफाई किया है। इसका उद्देश्य टैक्स चोरी पर रोक लगाना और कर संग्रह को अधिक प्रभावी बनाना है। नए नियमों के अनुसार सिगरेट की लंबाई के आधार पर प्रति 1000 स्टिक पर 2050 रुपये से लेकर 8500 रुपये तक की अतिरिक्त एक्साइज ड्यूटी लगेगी। इसके ऊपर 40 फीसदी जीएसटी भी लागू होगा, जिससे सिगरेट की खुदरा कीमत लगभग दोगुनी हो सकती है। सरकार का कहना है कि इससे तंबाकू उत्पादों की खपत को हतोत्साहित किया जा सकेगा।

# जनवरी 2026 से आम आदमी की जिंदगी में छह बड़े बदलाव

**नई दिल्ली।एजेंसी।** जनवरी 2026 से आम आदमी की जिंदगी में कई अहम बदलाव देखने को मिलेंगे, जो सीधे रोजमर्रा के खर्च, यात्रा और वित्तीय फैसलों को प्रभावित करेंगे। सबसे पहले, 1 जनवरी से कॉमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम बढ़कर 111 रुपए हो गए हैं। इससे रेस्टोरेंट और होटलों की लागत बढ़ेगी और खाने के दामों पर असर पड़ सकता है। इसी महीने कई कार कंपनियों ने अपनी कीमतों में वृद्धि की है। मर्सिडीज-बेंज की कारों के दाम 2 प्रतिशत बढ़ गए हैं, निसान की मैग्नाइट कार 3 प्रतिशत महंगी हुई है, जबकि एमजी मोटर की हैकर, एस्टर और जीएस ईवी कारों के दाम 2 प्रतिशत बढ़ गए हैं। हुंडई इंडिया की क्रेटा, आई 20 और वेन्यू कारों के दाम 0.6 प्रतिशत बढ़ाए गए हैं। इससे कार खरीदने वालों की जेब पर सीधा असर पड़ेगा। रेल यात्रा को भी नई शर्तों से प्रभावित किया गया है। 12 जनवरी से आईआरसीटीसी अकाउंट में आधार लिंक होना अनिवार्य हो जाएगा। जिन यात्रियों का अकाउंट आधार से लिंक नहीं होगा, वे सुबह 8 बजे से रात 12 बजे तक टिकट बुक नहीं कर पाएंगे। इसका मकसद फर्जी अकाउंट्स को रोकना और असली यात्रियों को सुविधा देना है। वहीं एविएशन फ्यूल के दाम घटने से हवाई यात्रा में राहत मिलने की संभावना है। दिल्ली में एविएशन फ्यूल के दाम घटकर 92,323 रुपए प्रति किलोलीटर हो गए हैं। इससे एयरलाइन कंपनियों की लागत कम होगी और हवाई टिकट सस्ते होने की उम्मीद है। मुंबई, कोलकाता और चेन्नई में भी दाम घटाए गए हैं। सरकारी कर्मचारियों के लिए भी बड़ी खबर है। केंद्र सरकार ने आठवें वेतन आयोग लागू करने की घोषणा की है। इससे केंद्रीय कर्मचारियों की बेसिक सैलरी, पेंशन और भत्ते बढ़ सकते हैं। अनुमान है कि कुल सैलरी 65,500 रुपए से बढ़कर 1 लाख रुपए के पार जा सकती है। इन सभी बदलावों का असर आम आदमी की जेब और जीवनशैली पर सीधे दिखाई देगा। गैस और कारें महंगी होंगी, रेलवे और हवाई यात्रा के नियम बदलेंगे, जबकि कर्मचारियों की सैलरी बढ़ने से उनकी खरीद क्षमता में सुधार होगा।




**मेष**- आज के दैनिक राशिफल में मेष राशि के जातकों के लिए दिन नई शुरुआतों का संकेत दे रहा है। कार्यस्थल पर नए मित्र बनेंगे अधिकारियों के साथ अच्छा सहयोग बनेगा। आपकी कार्यकुशलता परख में आएगी इसलिए रचनात्मक विचारों को आगे बढ़ाएं। छोटी यात्रा या योजनाओं में बदलाव संभव है। आर्थिक रूप से थोड़ी सावधानी बरतें खर्च बढ़ सकते हैं। कई बार आप केवल काल्पनिक योजनाएं बना लेते हैं जिसकी वजह से आपके बनते हुए काम बिगड़ भी जाते हैं। इसलिए हकीकत का सामना करें और वर्तमान परिस्थितियों के अनुसार ही अपने फैसले लें।

**वृषभ**- आज के दैनिक राशिफल में वृषभ राशि वालों को साल के दूसरे दिन में दिखाई देगा कुछ चेंज। आज भाग्य का मजबूत साथ मिलेगा। कार्यस्थल पर आपकी मेहनत की सराहना होगी और कोई महत्वपूर्ण कार्य बन सकता है। पारिवारिक माहौल में तालमेल अच्छा रह सकता है, आर्थिक स्थिति सुदृढ़ रहेगी। सेहत सामान्य रहेगी बस मौसम के बदलाव में खुद को संभाले रखें। अपनी व्यक्तिगत और गुप्त बातों को किसी के भी सामने जाहिर न करें वरना आपका अपना ही नुकसान हो सकता है। दूसरों की बातों में न आएं।

**मिथुन**- आज के दैनिक राशिफल में मिथुन राशि वालों के लिए साल के दुसरे दिन चंद्रमा और गुरु की स्थिति देगी कुछ बेहतर, ये समय उत्साह और लाभ से भरा रहेगा। आपके विचारों और शब्दों का असर दूसरों पर गहरा पड़ेगा। किसी प्रस्ताव या समझौते को आगे बढ़ाने के लिए समय अनुकूल है। काम में तेजी आएगी और आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कोई लंबे समय से रुका हुआ कार्य आज पूरा होगा। संघर्ष के बाद मिलने वाली सफलता बहुत ही बेहतरीन रहेगी।

**कर्क**- आज के दैनिक राशिफल में कर्क राशि वालों को आज अपने निर्णयों में सावधानी रखनी होगी। पारिवारिक इच्छाएं या लोगों की चाहतें थोड़ी दबाव में डाल सकती हैं। कार्यक्षेत्र में सहयोगी मददगार रह सकते हैं बस जरूरी है कि अनावश्यक विवादों से दूरी बनाएं। आर्थिक योजनाओं को फिलहाल टालना बेहतर होगा। परिवार के बुजुर्गों को इस समय आपकी देखभाल और साथ की बहुत जरूरत है इसलिए उनका ध्यान रखें। विद्यार्थियों को किसी कठिन विषय को समझने में दिक्कत हो सकती है इसलिए पढ़ाई पर ज्यादा फोकस करें।

**सिंह**- आज के दैनिक राशिफल में सिंह राशि के जातकों को आज पारिवारिक या ससुराल पक्ष से लाभ होने के योग हैं। मित्रों के साथ समय अच्छा बीतेगा। आपकी नेतृत्व क्षमता काम आएगी और कार्यक्षेत्र में सराहना मिलेगी। यात्रा की योजना में बदलाव संभव है, इसलिए लचीलापन बनाए रखें।

**कन्या**- आज के दैनिक राशिफल में कन्या राशि वालों का सामाजिक दायरा और प्रभाव दोनों बढ़ेंगे। आपकी सूझबूझ और व्यवस्था-कौशल की तारीफ होगी। कामकाजी जीवन में सफलता के साथ सम्मान भी मिलेगा। घरेलू मामलों में मतभेद हो सकते हैं, जिन्हें शांत संवाद से सुलझाएं। मानसिक रूप से संतुलित रहें।

**तुला**- आज के दैनिक राशिफल में तुला राशि के लिए आज का दिन थोड़ा चुनौतीपूर्ण हो सकता है। बजट से जुड़ी दिक्कतें सामने आ सकती हैं। रिश्तों में छोटी गलतफहमियाँ तनाव पैदा कर सकती हैं। काम में संतुलन बनाए रखें और किसी भी वादे को सोच-समझकर करें। संयम सफलता की कुंजी रहेगा।

**वृश्चिक**- आज के दैनिक राशिफल में वृश्चिक राशि के जातकों के लिए दिन फलदायी रहेगा। व्यापार या नौकरी में लाभ के अवसर मिल सकते हैं। अधूरे काम पूरे होंगे और मानसिक शांति का अनुभव होगा। स्वास्थ्य को लेकर थोड़ी सतर्कता रखें और दिनचर्या में ध्यान या हल्का व्यायाम शामिल करें।

**धनु**- आज के दैनिक राशिफल में धनु राशि वालों को आज सतर्कता बरतनी होगी। प्रतिस्पर्धा और विरोधियों से थोड़ा सावधान रहें। घरेलू मामलों में समझौता करने से स्थिति बेहतर होगी। आर्थिक निर्णय सोच-समझकर लें। छोटी यात्रा या परिजनों के साथ संवाद लाभदायक रहेगा। अपनी संतान की सकारात्मक गतिविधियों और तरक्की को देखकर आपका मन बहुत प्रसन्न और गर्वित रहेगा। नेगेटिव- इस समय सामाजिक और

**मकर**- आज के दैनिक राशिफल में मकर राशि के जातकों के लिए दिन सफलता का संदेश लेकर आया है। टीम वर्क और साझेदारी से लाभ होगा। नए संपर्क और समझौते आपके पक्ष में रहेंगे। सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। कुछ अनावश्यक खर्चों को नियंत्रित करना जरूरी रहेगा।

**कुंभ**- आज के दैनिक राशिफल में कुंभ राशि वालों के दिन की शुरुआत सामान्य होगी, लेकिन दोपहर के बाद भावनात्मक उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार में मतभेद की संभावना है। कार्यस्थल पर प्रतिस्पर्धा बढ़ सकती है। सेहत और नींद का ध्यान रखें। आत्मसंयम बनाए रखें सब ठीक होगा।

**मीन**- आज के दैनिक राशिफल में आज के दैनिक राशिफल में मीन राशि के लिए दिन शुभ संकेत दे रहा है। पुराने काम पूरे होंगे और कानूनी या कागजी मसलों में सफलता मिलेगी। नए अवसरों का आगमन होगा। प्रेम जीवन में सकारात्मक मोड़ संभव है। किसी पर अधिक भरोसा करने से पहले स्थिति परख लें।

## शब्दजाल - 8128

*शब्दजाल में 'म' से शुरु होने वाले दस शब्द ढूंढिए. दिये गए शब्द उपर से नीचे व तिरछे हो सकते हैं.*

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| र | क | ल | ड्री | म | ही | ला | धी | सी | ल | ज |
| र | जि | ल | दे | क्रां | ति | ड | इं | म | ला | ई |
| त | स | म | ल | र्म | छ | रा | रा | औ | म | द |
| ब | ज | ज | हा | पु | र | म | प | र | हा | ब |
| म | गा | म | ग | दे | लं | हा | तू | गी | रा | र्नि |
| स | म | व | श | ह | व | रा | ना | म | णा | ग |
| त्ते | ज | स | त | हू | प | जा | श | स | ला | ट्रे |
| पे | बू | दा | ई | ह | र | सा | फ | ल | श | न |
| स | र | चे | न | म | हा | न | री | ना | प | रु |
| त्ता | पा | ला | ल | शो | ले | दु | म | ज | दू | र |
| ह | रा | जी | व | गां | धी | रा | क | या | म | त |

महान,मजबूर,मजदूर,महिला,महाराणा, महादेव,मसलना,मलाई,मशहूर,महाराजा

### शब्दजाल - 8127 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | घा | त | ह | दा | प | र | तू | ग | झ | आ |
| ज | अ | ल | म | आ | त | ता | यी | तें | शा | ई |
| अं | इ | बु | दि | ल | दा | ल | ढा | र | ला | ना |
| आ | कु | अ | ल | बे | ला | क | ई | रि | श | लौ |
| स | मा | श | आ | तं | क | स | अ | ग | वी | ट |
| री | रं | दा | चु | व | लि | आ | वा | ग | म | न |
| आ | गा | ल | के | गा | आ | म | र | कौ | या | ले |
| ग | बा | आ | रा | म | क | रो | प्रे | ग | श | थ |
| म | स | मि | न | व | न | ज | ग्य | शा | जू | द |
| न | र | ल | म | ह | र | औ | के | स | प | ना |
| थो | आ | स | मा | न | हो | ग | या | दु | र | क |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## फिल्म वर्ग पहेली- 7072

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | 3 | | 4 | | ■ | 5 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | 6 | |
| 7 | 8 | | ■ | 9 | 10 | | ■ | ■ | |
| ■ | | ■ | 11 | ■ | | ■ | 12 | 13 | |
| 14 | ■ | 15 | | 16 | | ■ | ■ | | ■ |
| 17 | | | ■ | | ■ | 18 | 19 | | 20 |
| | ■ | | ■ | 21 | 22 | ■ | | ■ | |
| ■ | 23 | ■ | 24 | ■ | 25 | | | ■ | |
| 26 | | | | ■ | | ■ | ■ | 27 | |
| ■ | | ■ | 28 | | | | ■ | | ■ |

**बायें से दायें:-**

१. 'तुम्हें और क्या' गीत वाली राजेंद्र कुमार, सायरा की फिल्म-२,३,१,२
६. अमिताभ, जया भादुड़ी की 'मैं ने कहा फूलों से' गीत वाली फिल्म-२
७. 'दिल्ली की सर्दी' गीत वाली अजय देवगन, अभिषेक बच्चन, बिपाशा बसु की फिल्म-३
९. संजयदत्त, विवेक मुशरान, मनीषा कोइराला की 'आँखों में नींदें ना' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'मार ओडारी नी कुकिए' गीत वाली मनोज बाजवेयी, उर्मिला की फिल्म-३
१५. अजय देवगन, अमीषा की 'जो पल्लू गिरा दिया' गीत वाली फिल्म-४
१७. 'मैं निकला गड्डी लेके' गीत वाली सनी देओल, अमीषा पटेल की फिल्म-३
१८. मनोजकुमार, आशा की 'लो आ गई उनकी' गीत वाली फिल्म-१,३
२१. 'कमसिन कली हूँ' गीत वाली नाना पाटेकर, पुरू राजकुमार, अनुपमा वर्मा की फिल्म-२
२५. 'पाप दी ग्रेट' में किशनकुमार के साथ नायिका कौन थी?-३
२६. 'छोड़ दे जवानी में' गीत वाली राजेश खन्ना, राखी की फिल्म-४
२७. कमल सदाना, दिव्या की 'दिल चीर के देख' गीत वाली फिल्म-२
२८. 'एक लड़की दिल से गई' गीत वाली शरदकुमार, नंदा की फिल्म-२,२

**ऊपर से नीचे:-**

१. सुनील, सुष्मिता, नम्रता की 'दोस्ती हो गई रे' गीत वाली फिल्म-३
२. 'बोल गोरी बोल' गीत वाली सुनीलदत्त, नूतन की फिल्म-३
३. फिल्म 'बाबुल' में दिलीपकुमार के साथ नायिका कौन थी-३
४. 'यारा ओ यारा इश्क ने मारा' गीत वाली अमिताभ, मौसमी की फिल्म-३
५. धर्मेन्द्र, जीनत अमान की 'हम बेवफा हरगिज न थे' गीत वाली फिल्म-४
८. फिल्म 'शारदा' में राज कपूर के साथ नायिका कौंन थी?-२
१०. ऋषिकपूर, श्रीदेवी की फिल्म-३
११. 'खोया है तूने जो' गीत वाली लक्की अली, गौरी कार्णिक की फिल्म-२
१३. 'चिनाई चुन चुन' गीत वाली फिल्म-३
१४. फरदीन खान, उर्मिला की फिल्म-३
१५. वसंत चौधरी, मोतीलाल, साधना की 'ओ सजना बरखा बहार' गीत वाली फिल्म-३
१६. संजयदत्त, नम्रता शिरोडकर की 'मेरी दुनिया है' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'जीने की तमन्ना हो' गीत वाली फिल्म-३
२०. वी. शांताराम की 'आधा है चंद्रमा रात आधी' गीत वाली फिल्म-४
२२. 'नाजुक सी कली थी' गीत वाली अजय, मनीषा, करिश्मा की फिल्म-४
२३. 'दिल जंगली कबूतर' गीतवाली फिल्म-३
२४. नवीन निश्चल, आशा की फिल्म-३
२७. फिल्म 'क्रोध' में सुनील शेट्टी के साथ नायिका कौन थी-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 7071

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ह | म | तु | म | ■ | बं | दि | श | ■ | जं |
| स्ती | ■ | म | हा | रा | जा | ■ | रा | जा | जी |
| ■ | दी | ■ | न | ■ | र | ■ | बी | ■ | र |
| दी | वा | ना | ■ | जी | न | त | ■ | क | ■ |
| ■ | र | ■ | अं | त | ■ | ला | वा | रि | स |
| आ | ■ | दा | दा | ■ | जो | श | ■ | श्मा | ■ |
| क्रो | ध | ■ | ज | मी | र | ■ | अ | ■ | इं |
| श | ■ | आ | ■ | रा | ■ | ज | मा | न | त |
| ■ | म | ह | ल | ■ | जीं | ■ | न | ■ | का |
| दो | स्त | ■ | क्ष्य | ■ | स | पू | त | ■ | म |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**2 जनवरी 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ | समय |
|---|---|---|---|
| सूर्य | धनु में | मकर | 07.36 बजे से |
| चंद्र | वृष में | कुंभ | 09.22 बजे से |
| मंगल | धनु में | मीन | 10.55 बजे से |
| बुध | धनु में | मेष | 12.26 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | वृष | 14.06 बजे से |
| शुक्र | धनु में | मिथुन | 16.04 बजे से |
| शनि | मीन में | कर्क | 18.17 बजे से |
| राहु | कुंभ में | सिंह | 20.34 बजे से |
| केतु | सिंह में | कन्या | 22.45 बजे से |
| | | तुला | 00.56 बजे से |
| | | वृश्चिक | 03.11 ब.से |
| | | धनु | 05.27 बजे से |

**राहुकाल** 10.30 से 12.00 बजे तक

**शुक्रवार** 2026 वर्ष का दूसरा दिन
**दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** हेमन्त।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** पौष **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** चतुर्दशी 18.54 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** मृगशीर्ष 20.04 बजे को समाप्त।
**योग** शुक्ल(शुक्र) 13.07 बजे को समाप्त।
**करण** गर 08.38 बजे, वणिज 18.54 बजे तदनन्तर विष्टि 05.12 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 12.9 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 22° 56'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1872577
**जूलियन दिन** 2461042.5
**कलियुग संवत्** 5126
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** रज्जब **तारीख** 12

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से | 07.23 बजे तक | | रोग | 05.38 से | 07.1 बजे तक |
| लाभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | | काल | 07.11 से | 08.43 बजे तक |
| अमृत | 08.51 से | 10.19 बजे तक | | लाभ | 08.43 से | 10.15 बजे तक |
| काल | 10.19 से | 11.47 बजे तक | | उद्वेग | 10.15 से | 11.47 बजे तक |
| शुभ | 11.47 से | 01.15 बजे तक | | शुभ | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| रोग | 01.15 से | 02.43 बजे तक | | अमृत | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से | 04.10 बजे तक | | चर | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| चर | 04.10 से | 05.38 बजे तक | | रोग | 04.23 से | 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## प्रसंगतः विनम्रता का पाठ

एक राजा बहुत अहंकारी था। एक दिन उसके मंत्री ने उसे बताया कि नगर में बुद्ध पधारे हैं, चलकर उनका स्वागत किया जाए। राजा ने कहा, 'मैं बुद्ध का स्वागत करने क्यों जाऊं? मैं राजा हूं और सभी मुझसे मिलने मेरे महल में आते है। बुद्ध को यदि मुझसे मिलना होगा, तो वह स्वयं मेरे महल में आएंगे।' राजा की बात सुनकर मंत्री बोला, 'आप राजा हैं इसलिए सभी आपसे मिलने आते है लेकिन संत पुरुष राजा से भी ऊपर होते है। चूंकि प्रजा के लिए भी वे श्रद्धा के पात्र होते है, इसलिए उनका आदर करके आप प्रजा के भी प्रियपात्र बनेंगे।' राजा कुतर्की था। उसने पलटकर कहा, 'क्या मैं प्रजा का दास हूं कि जो वह करे और चाहे, वही मैं करूं? मैं राजा हूं, इसलिए मैं जो चाहूंगा, वही करूंगा।' मंत्री को राजा का व्यवहार उचित नहीं लगा। उसने अपना त्यागपत्र राजा को दे दिया और कहा, 'मैं आपकी सेवा में नहीं रह सकता। आप में तनिक भी बड़प्पन नहीं है।' राजा ने कहा, 'मैं अपने बड़प्पन के कारण ही बुद्ध के स्वागत हेतु नहीं जा रहा हूं।' मंत्री ने कहा, 'अपने घमंड को बड़प्पन मत समझिए। बुद्ध भी कभी महान सम्राट के पुत्र थे। उन्होंने राज्य का त्याग कर भिक्षु बनना स्वीकार किया। इसका अर्थ है कि राज्य के मुकाबले उनका त्याग अधिक बड़ा है। विनम्रता ही व्यक्ति को बड़ा बनाती है। इसके अभाव में व्यक्ति किसी लायक नहीं रह जाता। राजा बात का मर्म समझ गया और न केवल बुद्ध का स्वागत करने गया, बल्कि उनसे दीक्षा भी ग्रहण की।

## सूडोकु नवताल- 7381

मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | 9 | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | 1 | | 6 | 2 |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7380 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8596

**बाएँ से दाएँ**

1. दैत्य,असुर-3
3. रुकावट,बाधा-4
6. सम्मान-2
7. नियंत्रण,घोड़े की रास-3
8. मूल,कंद-2
9. सलाह,मशवरा-2
10. मोटा आटा-2
12. सलाह देने वाला-5
14. जलाना-3
17. माला का मोती-3
19. उग्रवाद,हिंसा वाद-5
22. शराब,मदिरा-2
24. दुख,कष्ट-2
25. चेतना,ध्यान-2
27. सालन,रसा-3
28. घ्राणेंद्रिय,इज्जत-2
29. राजकुमार (उर्दू-4)
30. अस्तित्व,प्राण तत्व-3

**ऊपर से नीचे**

1. खैरात,दक्षिणा-2
2. गोलाकार-5
3. नश्वर,जो कभी न मरे-3
4. प्रतिदिन-2
5. हृदय स्पंदन-4
6. विचार-3
9. मार्ग,रास्ता-2
11. अदालत में प्रस्तुत दावा-2
13. बब्बर शेर (अंग्रेजी-3)
15. सीरा,एक मिष्ठान्न-3
16. पतंग के पेच लड़ाना-5
17. बेसुध,अलमस्त-4
18. कार्य-2
20. जरा,थोड़ा-2
21. दरवाजा खटखटाना-3
23. इन्होंने कृष्ण को पाला था,कृष्ण की दूसरी मां-3
26. उकसावा,बढ़ावा-2
28. मैदे की एक प्रकार की रोटी-2

### शब्द पहेली -8595 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| न | ट | व | र | ना | ग | र | ■ | ■ |
| ■ | क्र | ■ | म | ■ | ज | ■ | का | ■ |
| ज | र | ■ | जा | हि | रा | ■ | जी | त |
| ब | ■ | ज | न | ■ | ज | मा | ■ | ल |
| र | च | ना | ■ | ■ | ■ | ज | बा | ब |
| द | ■ | ना | स | ■ | दा | रा | ■ | गा |
| स्त | र | ■ | मा | न | ना | ■ | ख | र |
| ■ | थ | ■ | धा | ■ | पा | ■ | ल | ■ |
| ■ | ■ | स | न | स | नी | फै | ल | ना |

Jagrutidaur.com, Bangalore

# बोलेगांव में नौ दिनों से जारी श्री शिव महापुराण कथा का हुआ भव्य समापन

## हजारों श्रद्धालुओं ने कार्यक्रम में शामिल होकर की महाप्रसादी ग्रहण






**पद्मेश न्यूज। लांजी।**

**धर्म नगरी लांजी मुख्यालय से 10 किमी दुरी पर स्थित ग्राम बोलेगांव में श्री शिव महा पुराण आयोजन समिति के द्वारा भव्य श्री शिव महापुराण का आयोजन दिनांक 24 दिसंबर 2025 से 1 जनवरी 2026 तक आयोजित किया गया। श्री वृन्दावन धाम से पधारी पूज्य रश्मि मिश्रा जी की श्रीवाणी संपूर्ण श्री शिव महापुराण कथा का अद्भुत अविस्मरणीय वाचन किया गया जिसे सुनकर समस्त श्रृद्धालु श्रोता गण अभिभूत हुये।**

समिति के द्वारा आयोजित कार्यक्रम के अनुसार 24 दिसंबर को शिव महापुराण महात्मय, चंचुला की कथा, शिव महापुराण श्रवण विधी,25 दिसंबर को सूत-सौनक संवाद, शिललिंग पूजन महत्व, शिवलिंग महिमा, रूद्राक्ष के प्रकार तथा महिमा, 26 दिसंबर को नारद मोह प्रसंग, श्रृष्टि उत्पत्ति वर्णन, अग्नि स्तंभ प्रकट कथा, शिव पूजन विधि, 27 दिसंबर को सदा शिव से त्रिदेव उत्पत्ति, संध्या व सति चरित्र कथा, 28 दिसंबर को पार्वती चरित्र, शिव विवाह कथा, 29 दिसंबर को कार्तिकेय जन्म, तारकासूर वध, गणपति चरित्र, 30 दिसंबर को त्रिपुरासुर, शंखचुड़ वध, गजासुर तपस्या,कन्दुकेश्वर की स्थापना, 31 दिसंबर को शिव जी के पंचावतार कथा अष्ट मुर्ती कथा, ग्यारह रूद्र वर्णन, द्वादश ज्योर्तिलिंग वर्णन, शिवरात्रि व्रत कथा। 1 जनवरी 2026 नरको का वर्णन, देवी चरित्र, प्रणव का महत्व, अर्धनारिश्वर अवतार, उपमन्यू चरित्र के साथ कथा का विश्राम हवन पूजन महाप्रसादी के साथ किया गया।

दीदी रश्मि मिश्रा की श्रीवाणी से कथा सुनकर अभिभूत हुये श्रोता भक्त गण कहते है जहां शिव कथा होती है वहां शिव की कृपा होती है शिव भक्त और संस्कार श्रृद्धा का अनूठा संगम है। बोलेगांव में श्री शिव महापुराण कथा का वाचन कर रही दीदी रश्मि मिश्रा जी के श्रीवाणी से श्री शिव कथा सूनकर तमाम श्रोता श्रृद्धालु भक्त गण अभिभूत हुये।‸पूज्य रश्मि मिश्रा जी के द्वारा शिव की महिमा सृष्टि की उत्पत्ति शिव पार्वती विवाह, ज्योतिर्लिंगों की महत्ता, कार्तिकेय, श्री गणेश जी कथा, शिवभक्तों की कथाओं का भावपूर्ण वर्णन दीदी रश्मि मिश्रा जी के द्वारा किया गया जिनकी ओजस्वी वाणी से उक्त संपूर्ण कथा सूनकर समूचा पंडाल हर हर महादेव, के जयघोष से गूंजायमान नजर आता रहा। कथा समापन के पश्चात भक्त गणो के द्वारा व्यास पीठ पर पंहुचकर व्यास पीठ को नमन कर दीदी रश्मि मिश्रा जी का आशीर्वाद प्राप्त किया गया। अनेको भ्भक्तो के द्वारा दीक्षा भी ली गई। आयोजन समिति के द्वारा दर्शन आदि के लिये व्यवस्था बनाई गई थी।

### प्रतिदिन श्रृद्धालु भक्तो की भारी भीड़ कथा श्रवण एवं दर्शन हेतु उमड़ी

आयोजित श्री शिव महापुराण में 24 दिसंबर से 1 जनवरी तक प्रतिदिन श्रृद्धालु भक्त गण श्रोताओं की भारी भीड़ उमड़ती नजर आई। ग्राम बोलेगांव सहित लांजी एवं आस पास के भक्त गण भी रोजाना कथा समय पर बोलेगांव में आयोजन स्थल पर पंहुचते नजर आये तथा सुबह से शाम तक शिव की भक्त में लीन रहे। संध्या काल में आरती के पश्चात व्यास पीठ एवं दीदी रश्मि मिश्रा जी जी दर्शन लाभ लेकर ही अपने अपने घरो के लिये प्रस्थान किये यह नजारा रोज देखने को मिला। वही आयोजन समिति के द्वारा भी बताया गया कि रोजाना श्रोताओं की भीड़ बढती नजर आती थी जिसके चलते हमे रोज पण्डाल के विस्तार के लिये व्यवस्था करनी होती थी। हजारो की संख्या में भक्त गणो ने ग्राम बोलेगांव पंहुचकर संपूर्ण श्री शिव महापुराण कथा का श्रवण कर पूण्य लाभ अर्जित किया।

### हवन पूजन महायज्ञ पूर्णाहुति महाप्रसाद के साथ संपन्न हुआ भव्य आयोजन

श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन 1 जनवरी 206 को हवन पूजन महायज्ञ, पूर्णाहुति के साथ कथा का समापन हुआ। बतादे कि 1 जनवरी को दीदी रश्मि मिश्रा जी के द्वारा सुबह 10 बजे से 1 बजे तक कथा का वाचन किया गया। इसके पश्चात आयोजन समिति के द्वारा महायज्ञ पूर्णाहूति कर विशाल भण्डारा महाप्रसाद का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या मे भक्त गण महाप्रसाद ग्रहण करने आयोजन स्थल पर पंहुचे। सभी के द्वारा महाप्रसाद ग्रहण कर उक्त संपूर्ण आयोजन की भव्यता के साथ सराहना की गई कि इस प्रकार के आयोजन हमेशा क्षेत्र में होना चाहिये।

### आयोजन समिति ने किया आभार व्यक्त

बोलेगांव में आयोजित श्री शिव महापुराण कथा में जिले के समस्त जनप्रतिनिधि, सामाजिक एवं धार्मिक समितियों के पदाधिकारी, सामाजिक बंधुओ, गणमान्य नागरिक गण सहित बड़ी तादाद मे भक्त गण कथा का श्रवण करने बोलेगांव पंहुचे तथा इस सफल आयोजन की सराहना कि गई। वहीं श्री शिव महापुराण आयोजन समिति बोलेगांव के द्वारा इस सफल आयोजन के लिये समस्त आंगतुको, सहयोगकर्ता, ग्राम वासियों, प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूपी सहयोगकर्ता, प्रशासन एवं श्रृद्धालु भक्तों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। इस धार्मिक आयोजन से ग्राम बोलेगांव पूर्णत‑ शिवमय हो गया और क्षेत्र में अध्यात्मिक चेतना का संचार हुआ।

# क्षेत्र वासियों ने नववर्ष 2026 का मंदिरों में पूजा-अर्चना कर धार्मिक उत्साह के साथ किया स्वागत

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** अंग्रेजी कैलेंडर के नववर्ष के आगमन पर लांजी नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में श्रद्धा और उत्साह का अनोखा मेल देखने को मिला। सूर्योदय से पहले ही लोग नववर्ष के स्वागत में जुट गए। सुबह से ही मंदिरों, धार्मिक स्थलों तथा पर्यटन स्थलों पर श्रद्धालुओं और पर्यटकों की



भीड़ लगी रही, जो देर शाम तक जारी रही। नगर के प्रमुख मंदिरों जैसे मां लंजकाई मंदिर, मां काली मंदिर तथा दादा कोटेश्वर धाम में भक्तों की लंबी कतारें लगीं। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और नववर्ष को सुख, समृद्धि एवं शांति से भरपूर बनाने की कामना की। मंदिर परिसरों में जय माता दी तथा हर-हर महादेव के जयकारे गूंजते रहे, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। लांजी क्षेत्र के प्रसिद्ध पर्यटन एवं धार्मिक स्थल वारी स्थित पांढरी पाठ देवी धाम में भी नववर्ष पर विशेष रौनक रही। भोर से देर शाम तक भक्तों का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया तथा प्रसाद ग्रहण किया। नववर्ष के अवसर पर भजन-कीर्तन एवं आराधना के कार्यक्रम आयोजित हुए, जिनमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

प्राकृतिक सौंदर्य से घिरा पांढरी पाठ देवी धाम वर्ष भर आस्था का केंद्र रहता है, लेकिन नववर्ष पर यहां की छटा निराली थी। मंदिर समिति ने भीड़ प्रबंधन, सजावट तथा विशेष व्यवस्थाओं का इंतजाम किया। पुष्प सज्जा आकर्षण का केंद्र बनी। खराड़ी जलाशय के निकट स्थित इस धाम में परिवारों एवं युवाओं की टोलियां दर्शन के साथ प्रकृति का आनंद लेती नजर आईं। लांजी मुख्यालय से करीब पांच किलोमीटर दूर कटंगी-रमपुरा मार्ग पर स्थित श्री बालाजी मंदिर में नववर्ष मेले का आयोजन हुआ। मंदिर समिति द्वारा सुबह हवन-पूजन के बाद मेले का शुभारंभ किया गया। दिन भर श्रद्धालुओं का आवागमन रहा। रात्रि में छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए, जिन्होंने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया।

कोटेश्वर महादेव मंदिर में भी अपार भीड़ उमड़ी। सूर्योदय से कतारें लग गईं। भक्तों ने बाबा को जल अर्पित कर बीते वर्ष के लिए धन्यवाद दिया और नए वर्ष के लिए सुख-शांति की प्रार्थना की। दोपहर तक भीड़ इतनी बढ़ी कि कतारें नाले तक पहुंच गईं। कुछ श्रद्धालुओं ने मंदिर के निकट पिकनिक भी मनाई। नववर्ष 2026 का स्वागत लांजी क्षेत्र में धार्मिक आस्था, सामाजिक उल्लास और सांस्कृतिक रंगों के साथ हर्षोल्लास से किया गया। मंदिरों में घंटियों की गूंज, भक्तों की भीड़ तथा आयोजनों ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बनाया।

# नेवरवाही में नववर्ष पर विकास कार्यों का हुआ भूमि पूजन एवं लोकार्पण

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** जनपद पंचायत लांजी क्षेत्र के वनांचल ग्राम पंचायत नेवरवाही में नए साल के पहले दिन 1 जनवरी 2026 को विकास कार्यों के भूमि पूजन एवं लोकार्पण का भव्य समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम हाईस्कूल मैदान स्थित सभा मंच पर संपन्न हुआ, जिसमें ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक बड़ी संख्या में भाग लिया। समारोह में ग्राम के कई बहुप्रतीक्षित विकास कार्यों का विधिवत शुभारंभ किया गया। मुख्यमंत्री विशेष निधि से श्रीचंद नागरसे के मकान से अर्जुन टिकेश्वर के मकान तक सीमेंट कांक्रीट (सी.सी.) सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन हुआ, जिसकी अनुमानित लागत 10.50 लाख रुपये है। इसी क्रम में विधायक निधि से शीतला मंदिर परिसर में पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य (लागत 4 लाख रुपये) का भी भूमि पूजन किया गया, जिससे मंदिर का सौंदर्यीकरण होगा और श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। विकसित भारत 卐जी राम जी योजना के तहत लघु तालाब हितग्राही मूलक कार्य (लागत 1.50 लाख रुपये) का शुभारंभ भी हुआ। कार्यक्रम के दौरान न्यू स्टार क्रिकेट क्लब नेवरवाही द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन भी हुआ। विजेता एवं उपविजेता टीमों को मुख्य अतिथियों द्वारा ट्रॉफी एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया, जिससे युवाओं में खेल भावना को बल मिला। इसके अलावा नवनिर्मित हनुमान मंदिर में हनुमान जी की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा एवं लोकार्पण किया गया। साथ ही ज्योतिबा फुले एवं माता सावित्री बाई फुले मंच का भी विधिवत लोकार्पण अतिथियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लांजी-किरनापुर विधायक राजकुमार कर्राहे रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व



विधायक एवं पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष सुश्री हीना कावरे तथा जिला पंचायत सदस्य दुलीचंद राजनीरे उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता झामेन्द्र टिकेश्वर सरपंच नेवरवाही ने की। मंच पर उपसरपंच दुरगलाल मात्रे, पंचायत समन्वयक लेखराज रामटेक्कर, अन्य जनप्रतिनिधि, पंचायत पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं से गांवों में बुनियादी सुविधाओं का तेजी से विस्तार हो रहा है। इन कार्यों से नेवरवाही गांव की आधारभूत संरचना मजबूत होगी और ग्रामीणों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। उन्होंने ग्रामवासियों से विकास कार्यों में सहयोग करने तथा सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की।

# उमंग स्वास्थ्य केंद्र में स्कूली छात्र-छात्राओं को कराया भ्रमण

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप के निर्देशानुसार तथा खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अक्षय उपराडे के मार्गदर्शन में उमंग स्वास्थ्य केंद्र लांजी में तीन प्रमुख शासकीय स्कूलों की छात्र-छात्राओं का विशेष भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया। शासकीय कन्या हाई स्कूल लांजी, शासकीय पी.एम. श्री कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तथा शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लांजी की छात्र-छात्राओं को उमंग स्वास्थ्य केंद्र के परामर्शदाता शिव हरिनखेड़े ने केंद्र का विस्तृत भ्रमण कराया। इस दौरान किशोर-किशोरियों को स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न सेवाओं की जानकारी दी गई तथा आवश्यक परामर्श प्रदान किया गया। भ्रमण के दौरान खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अक्षय उपराडे, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. अंकित खरोले तथा स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रजनी शेंडे ने एनीमिया एवं सिकल सेल की रोकथाम व उपचार, माहवारी स्वच्छता, यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य तथा अन्य स्वास्थ्य मुद्दों पर विस्तार से जानकारी दी। साथ ही किशोरों को करियर संबंधी मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया। परामर्शदाता शिव हरिनखेड़े ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि किशोरावस्था जीवन का अत्यंत महत्वपूर्ण चरण होता है, जिसमें शारीरिक-मानसिक परिवर्तन के साथ व्यक्तित्व का विकास होता है। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी, अनियमित दिनचर्या तथा बढ़ते तनाव के कारण किशोरों का उचित मार्गदर्शन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने भारत सरकार के राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरकेएसके) के उद्देश्य को रेखांकित करते हुए बताया कि इसका मुख्य लक्ष्य किशोर-किशोरियों को शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक एवं सामाजिक रूप से स्वस्थ रखना है, क्योंकि आज के किशोर ही कल के युवा हैं। कार्यक्रम में पोषण, यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य, मादक पदार्थों का दुरुपयोग, असंचारी रोग, चोट-हिंसा तथा लिंग आधारित भेदभाव जैसे विषयों पर जागरूकता फैलाई गई। छात्र-छात्राओं को उमंग स्वास्थ्य केंद्र की सेवाओं, जस्ट आस्क चैटबॉट नंबर 8657024841, हेल्पलाइन 14416 तथा मनहित ऐप के उपयोग की जानकारी दी गई। भ्रमण के दौरान ओपीडी का दौरा कराया गया, जहां सामान्य स्वास्थ्य जांच, दंत परीक्षण, नेत्र परीक्षण तथा एनीमिया जांच जैसी सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। आईसीटीसी काउंसलर श्रीमती प्रमिला कटरे ने किशोरियों को एचआईवी/एड्स, आरटीआई एवं एसटीआई से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। सभी को व्यक्तिगत स्वच्छता, संतुलित पोषण तथा सुरक्षित व्यवहार अपनाने के लिए जागरूक किया गया तथा नियमित फॉलोअप हेतु उमंग क्लिनिक आने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर मेडिकल ऑफिसर डॉ. अंकित तुरकर, डॉ. ओ.पी. नेवारे, बीपीएम मनीष पांडे, एमटीएस श्याम डोहरे, एसटीएलएस विजय पटले, नर्सिंग ऑफिसर आशीष भरने, उमंग शिक्षक एम.के. लाडे एवं श्रीमती गुरवंती सिसोदिया सहित अस्पताल का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# पुरूष वर्ग में बालाघाट व महिला वर्ग में डोंगरगढ़ टीम ने जीता ओपन कबड्डी प्रतियोगिता का खिताब

## तीन दिवसीय कार्यक्रम का मंडई मेले एवं छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ भव्य समापन





**पद्मेश न्यूज। लांजी।** ग्राम पंचायत बिसोनी अंतर्गत ग्राम चिचटोला रोड़ मरार माली समाज भवन प्रांगण में 3 दिवसीय ओपन कबड्डी टूर्नामेंट का भव्य समापन 31 दिसंबर को पुरूष एवं महिला वर्ग के फाईनल मुकाबले के साथ भव्य समापन किया गया। जिसमें पुरूष वर्ग में बालाघाट की टीम ने खोलमारा की टीम को हराकर खिताब पर कब्जा जमाया, वहीं महिला वर्ग में डोंगरगढ़ की टीम ने सिर्री की टीम को फाईनल मुकाबले में शिकस्त दी। आयोजक समिति द्वारा दोनो ही पुरूष एवं महिला विजेता टीम को पुरस्कार स्वरूप 11000 हजार की राशि, शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया वहीं उपविजेता टीमो को भी 7100 रूपये की राशि, शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। समिति द्वारा कोच को भी शील्ड दी गई एवं मुख्य अतिथियों को को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। उक्त आयोजन में समिति द्वारा सेवा की मिशाल पेश करते हुए डोंगरगढ़ की महिला टीम से प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिये राशि न लेते हुए उनकी घर वापसी के लिये वाहन में ईंधन की व्यवस्था भी स्वयं वहन की। खिलाडियों को शील्ड के साथ ईनाम की राशि देकर समिति के सदस्यों एवं मुख्य अतिथियों के द्वारा प्रथम पुरस्कृत हुए खिलाडियों को गोल्ड मेडल एवं द्वितीय पुरस्कृत खिलाडियों को सिल्वर मेडल से सम्मानित किया गया।

### प्रतियोगिता के बाद भव्य मेला एवं छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम का आयोजन

चिचटोला रोड़ में रूद्दी मामा चौक मंड़ई मेला समिति द्वारा आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता के समापन के प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मरार माली समाज भवन प्रांगण (बालाघाट रोड, चिचटोला) में मंडई भराई गई और रात्रि में छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया । जिसमें आशीष बालाघाटी एवं उनकी टीम ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। मेले में भी बड़ी संख्या में पहुंचकर लोगों ने शिरकत की और जमकर खरीदारी की जिससे मेले में व्यापार करने पहुंचे दुकानदारों को सर्दी में भी गर्मजोशी से मुस्कुराते हुए देखा गया। कार्यक्रम के दौरान लांजी के सुप्रसिद्ध सिंगर भास्कर सिंगर ने लगातार कार्यक्रम में तीन दिनों तक अपने गीतों की सुंदर प्रस्तुति पेश की, इस प्रस्तुति ने सभी दर्शकों का मन मोह लिया। इस दौरान कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेने पहुंचे सभी खिलाडि?ों एवं छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम के कलाकारों के भोजन की व्यवस्था भी आयोजन समिति द्वारा की गई थी।

### किया पुरस्कारों का वितरण

ग्राम बिसोनी के पूर्व सरपंच एवं वर्तमान सरपंच प्रतिनिधी विजय वारे व अन्य अतिथियों के हस्ते विजेता टीमों व खिलाडि;ों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि रूद्दी मामा मेला मंडई समिति द्वारा यह कार्यक्रम रूद्दी मामा की याद में प्रतिवर्ष 31 दिसंबर को बड़े ही उत्साह एवं धूमधाम से आयोजित किया जाता है।

### इनकी रही मौजूदगी.

कबड्डी प्रतियोगिता के समापन अवसर एवं मंडई मेला कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि घनश्याम वानखेडे, ग्राम पंचायत बिसौनी के पूर्व सरपंच विजय वारे, ग्रामीणों में बेणीराम ढोक, हरिराम कलपूरे, सितमलाल कश्यप, रामकिशोर नागेश्वर, दसाराम बाहे, घनश्याम रामटेककर, अरुणेंद्र दुरुगकर, तुलसीराम चन्ने, हुकुमचंद जुझार, सूरज स्वामी, सावजी रणदीवे, राजेश अग्रवाल, ओंकार रतोंने, सुरेन्द्र बड़घैया, कोच श्री बागड़े, परदेशी नागेश्वर, प्रेमलाल कलपुरे, परमेश्वर कुथे, बी आर बल्ले, ज्ञानीराम गोटाफोडे, इशूराम घोरमारे, बी.आर सोनवाने, मदन नागेश्वर, बाबूलाल भारद्वाज, ठुनियां बंगाली वाकले, भावजी वाकले, राजेश चोरवाड़े, दिलीप वाकड़े, महेश ढोक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। वहीं रुद्दी मामा मेला समिति से पवन कश्यप, गौरव मानकर, सुभाष चन्ने, निखिल सिल्हारे, सन्नी कश्यप, सुनील दहिकर, राहुल दौने, संदीप कलपुरे, शंकर कलपुरे उपस्थित थे।

लांजी में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# नए साल में आईएएस-आईपीएस-राप्रसे को न्यू ईयर गिफ्ट

## -200 से ज्यादा अधिकारियों के हुए प्रमोशन

भोपाल। मप्र सरकार ने प्रदेश के 200 से ज्यादा आईएएस, आईपीएस, आईएफएस और राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को नए साल का गिफ्ट दिया है। इन सभी अधिकारियों को प्रमोशन दिया गया है। देर रात राज्य सरकार ने प्रमोशन आदेश जारी कर दिए। प्रमोशन किए गए आईएएस अधिकारियों में उप सचिव, अपर सचिव और सचिव स्तर के अधिकारी मुख्य रूप से शामिल हैं। पदोन्नति पाने वालों में मप्र में भारतीय प्रशासनिक सेवा के 40 और भारतीय पुलिस सेवा के 44 अधिकारियों शामिल हैं। सामान्य प्रशासन विभाग ने 2013 बैच के आईएएस अधिकारियों को चयन ग्रेड देने के आदेश जारी किए हैं।

सामान्य प्रशासन विभाग कार्मिक में सचिव पद पर पदस्थ एम सेलवेन्द्रन को प्रमोशन देकर उन्हें प्रमुख सचिव बनाया गया है। हालांकि उनका विभाग नहीं बदला गया है। उधर मध्य प्रदेश कैडर के वर्ष 2010 बैच के आईएएस अधिकारियों को सुपर टाइम स्केल (पे मेट्रिक-14) में प्रमोशन देकर उन्हें सचिव बनाया गया है। प्रमोशन पाने वाले अधिकारियों में मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड जबलपुर में प्रबंध संचालक अनय द्विवेदी, भोपाल कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, स्वास्थ्य आयुक्त तरुण राठी, खाद्य, नागरिक आपूर्ति के कमिश्नर कर्मवीर शर्मा और कोष एवं लेखा विभाग के कमिश्नर भास्कर लक्षकार हैं। उज्जैन संभाग के कमिश्नर आशीष सिंह, आबकारी आयुक्त अभिजीत अग्रवाल, पंचायत संचालक छोटे सिंह, स्वास्थ्य एवं नियंत्रण खाद्य एवं औषधि प्रशासन दिनेश श्रीवास्तव, राजस्व मंडल ग्वालियर सचिव सपना निगम का भी प्रमोशन किया गया है। 2010 बैच के अधिकारी और आयुक्त जनसंपर्क दीपक कुमार सक्सेना, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी आरएस जादौन का भी प्रमोशन किया गया है।

### इन अधिकारियों का बदला विभाग

उधर राज्य सरकार ने पदोन्नति के बाद राजस्व विभाग में अपर सचिव संजय कुमार को सचिव मप्र भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार मंडल एवं कल्याण आयुक्त बनाया है। श्रम विभाग में अपर सचिव बसंत कुर्रे को सह संचालक कौशल विकास बनाया गया है। सुरेश कुमार को संभाग आयुक्त चंबल संभाग मुरैना बनाया गया। चंद्रशेखर वालिंबे को सचिव मुख्यमंत्री, शीलेंद्र सिंह को सचिव नगरीय विकास एवं आवास विभाग बनाए गए हैं। आदेश के अनुसार ऊर्जा विकास निगम भोपाल के एमडी अमनबीर सिंह, मप्र पब्लिक हेल्थ सर्विसेस कॉर्पोरेशन के एमडी मयंक अग्रवाल, खनिज निगम के एमडी एवं प्रशासन एवं खनिकर्म संचालक फ्रेंक नोबल ए., मेट्रो के एमडी एस. कृष्ण चैतन्य, भारतीय चिकित्सा पद्धति एवं होम्योपैथी की आयुक्त उमा माहेश्वरी आर और राजभवन के जनजातीय प्रकोष्ठ की सचिव मीनाक्षी सिंह को अपर सचिव के समकक्ष पदोन्नति दी गई है। राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान की अपर परियोजना संचालक मनीषा सेंतिया, सीएम सचिवालय के उप सचिव विकास मिश्रा और एमएसएमई की उप सचिव रुही खान को भी पदोन्नति देते हुए वर्तमान जगह रखा है। वहीं धार कलेक्टर प्रियंक मिश्र, नरसिंहपुर कलेक्टर रजनी सिंह, नर्मदापुरम कलेक्टर सोनिया मीना, सतना कलेक्टर सतीश कुमार एस, मंडला कलेक्टर सोमेश मिश्रा, इंदौर कलेक्टर शिवम वर्मा, सागर कलेक्टर संदीप जी. आर, राजगढ़ कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, जबलपुर कलेक्टर राघवेंद्र सिंह, पांढुर्णा कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ और गुना कलेक्टर किशोर कुमार कान्याल को पदोन्नति दी गई है। अनूप कुमार सिंह को एमडी पश्चिम विद्युत वितरण कंपनी, कैलाश वानखेड़े को अपर आयुक्त नगरीय प्रशासन और अमर बहादुर सिंह को अपर आयुक्त राजस्व जबलपुर पर प्रमोशन दिया गया है।

### आईपीएस अधिकारियों का भी हुआ प्रमोशन

उधर आईपीएस अधिकारियों का भी प्रमोशन किया गया है। 1994 बैच के अधिकारी एडीजी अजाक आशुतोष राय को प्रमोशन देकर विशेष पुलिस महानिदेशक (अजाक) बनाया गया। 2001 बैच के आईजी जबलपुर प्रमोद वर्मा को प्रमोशन देकर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक जबलपुर जोन बनाया गया। 1999 और 2008 बैच के अधिकारियों को पुलिस महानिरीक्षक (वेतन मैट्रिक्स-14) के पद पर प्रमोशन किया गया है, जिसमें आईजी साइबर निरंजन बी. वायंगणकर, पुलिस मुख्यालय, पुलिस महानिरीक्षक, साइबर, पुलिस मुख्यालय सियाज ए, पुलिस महानिरीक्षक, शिकायत एवं मानव अधिकार ललित शाक्यवार को प्रमोट किया गया है। एसपी राकेश सगर, राघवेन्द्र सिंह बेलवंशी, किरणलता केरकेट्टा, रियाज इकबाल, असित यादव, कुमार प्रतीक, शिवदयाल को प्रमोशन देकर आईजी बनाया गया है। एसपी खंडवा मनोज कुमार राय, रेल एसपी भोपाल राहुल कुमार लोढ़ा, रेल एसपी जबलपुर सिमाला प्रसाद, धार एसपी मयंक अवस्थी और भोपाल डीसीपी विवेक सिंह को डीआईजी बनाया गया। इसी तरह प्रवर श्रेणी 2012 और 2013 बैच के 11 अधिकारियों को वेतन मैट्रिक्स-13 में स्वीकृत किया गया है। इसमें एसपी बड़वानी जगदीश डाबर और टीकमगढ़ एसपी मनोहर सिंह मण्डलोई शामिल हैं।

### एक लाख रु. तक बढ़ गया वेतन

सामान्य प्रशासन विभाग ने 2013 बैच के आईएएस अधिकारियों को चयन ग्रेड देने के आदेश जारी किए हैं। आदेश के तहत अधिकारियों को चयन ग्रेड (सलेक्शन ग्रेड) प्रदान किया गया है, जो 1 जनवरी 2026 से प्रभावशील होगा। चयन ग्रेड मिलने पर अधिकारियों का वेतन पे-लेवल 13 के तहत 1 लाख 23 हजार 100 रुपए से बढ़कर 2 लाख 15 हजार 900 रुपए हो जाएगा। यह ग्रेड वरिष्ठता और निर्धारित सेवा अवधि पूरी करने पर दिया जाता है। इधर, भारतीय वन सेवा के भी 9 अफसरों को प्रमोशन दिया गया है।

# रोजगार आवेदन में भी बहनों से 18 प्रतिशत जीएसटी वसूलेगी सरकार

**- नये साल में आंगनवाड़ी के 4,767 रिक्त पद भरेगी सरकार**

**- एमपी ऑनलाइन चयन पोर्टल से 10 जनवरी तक होंगे आवेदन**

भोपाल (ईएमएस)। जीएसटी वसूलकर लाड़ली बहनों को सरकार रोजगार देगी। महिला एवं बाल विकास द्वारा आंगनवाड़ी के भरे जा रहे करीब 5 हजार पदों के लिये आवेदन में यह जीएसटी 18 प्रतिशत वसूली जाएगी। जबकि इसके लिये आवेदन शुल्क 100 रूपये तय किया गया है।

बता दें कि प्रदेश के विभिन्न जिलों की बाल विकास परियोजनाओं में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं आंगनवाड़ी सहायिकाओं के रिक्त पदों की पूर्ति के लिये पात्र महिलाओं से महिला एवं बाल विकास द्वारा आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। पूर्णतः अस्थायी, मानदेय आधारित एवं मानसेवी पदों के लिये एमपी ऑनलाइन चयन पोर्टल के माध्यम से इसके लिये 10 जनवरी तक आवेदन 100 रूपये शुल्क के साथ लिये जाएंगे। जिसमें आवेदकों को 18 प्रतिशत जीएसटी अलग से वूसली जाएगी।

### भरे जाएंगे 4,767 रिक्त पद

नये साल में प्रदेश की डॉ मोहन यादव सरकार आंगनवाड़ियों में रिक्त 4 हजार 767 पद भरेगी। यह भर्ती प्रक्रिया वर्ष 2025 (फेज-2) के अंतर्गत की जा रही है। इसमें विभिन्न जिलों में कुल 1,573 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं 3,194 आंगनवाड़ी सहायिका पद शामिल है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका पद हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता हायर सेकेंडरी (12वीं उत्तीर्ण) निर्धारित की गई है। साथ ही 01 जनवरी 2025 की स्थिति में आयु 18 से 35 वर्ष के बीच होना आवश्यक है।

### ऐसे चलेगा कार्यक्रम

आवेदन की प्रक्रिया 31 दिसंबर 2025 से प्रारंभ होकर 10 जनवरी 2026 तक चलेगी। आवेदन पत्र में त्रुटि सुधार की अंतिम तिथि 12 जनवरी 2026 निर्धारित की गई है। आवेदिका का उसी ग्राम अथवा नगरीय वार्ड की निवासी होना अनिवार्य है, जहाँ रिक्त पद की पूर्ति की जानी है।

# वोट चोरी का हल्ला मचाने तक सीमित कांग्रेस

**- जमीनी स्तर पर काम करने में किसी ने कोई कोई रुचि नहीं दिखाई**

भोपाल। मतदाता सूची में कथित गड़बड़ी और वोट चोरी पर हल्ला करने वाली कांग्रेस ने एसआईआर के दौरान बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) नियुक्त करने में तो पिछड़ी ही, अब दावा-आपत्ति करने में भी रुचि नहीं दिखा रही है। दरअसल, पार्टी में जमीनी स्तर पर काम करने के लिए कोई रूचि नहीं दिखा रहा है। जबकि प्रदेश में कांग्रेस ने दावा किया था कि सभी 65,014 मतदान केंद्रों पर बीएलए, जिला, विधानसभा क्षेत्र और ब्लाकवार प्रभारी नियुक्त किए हैं। वहीं बूथ लेवल आफिसर पर गणना पत्रक नहीं मिलने के आरोप लगाए। दावा किया कि एक-एक मतदान केंद्र पर मतदाता सूची का सत्यापन होगा लेकिन जब यह करने का समय आया तो गंभीरता कहीं नजर नहीं आई।

गौरतलब है की कांग्रेस ने मप्र सहित देशभर में मतदाता सूची में गड़बड़ी को लेकर खूब हल्ला मचाया। राहुल गांधी ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद भाजपा पर वोट चोरी का आरोप लगाया था। पूरे देश में अभियान चलाया गया। मध्य प्रदेश में कांग्रेस ने प्रत्येक जिले में रैली की। अभियान के समर्थन में 35 लाख हस्ताक्षर कराकर राष्ट्रीय संगठन को सौंपे गए। मतदाता सूची के प्रारूप में जब 42.74 लाख नाम हटाए गए तो खूब हाय-तौबा मचाई। दावा किया गया कि यही वोट चोरी है, जिसके कारण भाजपा की सरकार बनी मगर जब सूची को सही करवाने के लिए दावा-आपत्ति करने का समय आया तो बयानबाजी के अलावा जमीनी स्तर पर काम करने में किसी ने कोई कोई रुचि नहीं दिखाई। स्थिति यह है कि 23 दिसंबर से अब तक कांग्रेस के केवल 127 बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) ने दावा-आपत्ति की प्रक्रिया में भागीदारी की। इन्होंने 237 नाम जोड़ने और 38 के हटाने के लिए दावा-आपत्ति की। जबकि, भाजपा मतदाता सूची को लेकर सतर्क है। 283. बीएलए अब तक 811 नाम जोड़ने और 22 के हटाने के लिए आवेदन कर चुके हैं। मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के अधिकृत बीएलए को यह अधिकार दिया गया कि वे एक साथ 50 आवेदन जमा कर सकते हैं।

### दावे केवल हवा-हवाई

प्रदेश में कांग्रेस ने सभी 65,014 मतदान केंद्रों पर बीएलए, जिला, विधानसभा क्षेत्र और ब्लाकवार प्रभारी नियुक्त किए। बूथ लेवल आफिसर पर गणना पत्रक नहीं मिलने के आरोप लगाए। दावा किया कि एक-एक मतदान केंद्र पर मतदाता सूची का सत्यापन होगा लेकिन जब यह करने का समय आया तो गंभीरता कहीं नजर नहीं आई। अभी तक कोई भी वरिष्ठ नेता किसी भी बूथ पर नहीं पहुंचा। अभी तक राजनीतिक दलों की ओर से नाम जोड़ने और हटाने के लिए कुल 1,067 आवेदन हुए हैं। यह भी 428 बीएलए ने किए हैं। इनमें भी भाजपा के बीएलए की संख्या 283 है यानी इस मामले में भी भाजपा ही सक्रिय कांग्रेस की बात करें तो 65,014 बीएलए में से अब तक 127 ने दावा आपत्ति की प्रक्रिया में भाग लिया है। इन्होंने भी नाम जोड़ने के आवेदन अधिक किए हैं। इससे साफ है कि सूची के लेकर जो आरोप लगाए जा रहे थे वे वास्तव में आरोप ही हैं अन्यथा जिनके नाम हटाए गए उनकी भीड़ मतदान केंद्रों पर लग रही होती। उधर, प्रदेश कांग्रेस कमेटी का एक प्रतिनिधिमंडल पूर्व मंत्री पीसी शर्मा की अगुआई में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा से मिलने पहुंचा। शर्मा ने कहा कि भोपाल के दक्षिण पश्चिम विस क्षेत्र में 63,433 हजार, गोविंदपुरा में 97,052 हजार और नरेला विधानसभा क्षेत्र में 81,235 हजार मतदाताओं के नाम एसआइआर में हटाए गए हैं। इसी तरह पूरे प्रदेश में 42.74 लाख नाम हटाए गए हैं। जबकि, 2023 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस लगभग 33 लाख वोट से हारी है। इससे साफ होता है कि जिनके नाम हटाए गए, उनके कारण यह स्थिति बनी, इसलिए चुनाव को शून्य कर फिर से कराए जाएं।

### पांच जनवरी से आएगी गति

कांग्रेस की इस स्थिति पर संगठन महामंत्री संजय कामले का कहना है कि हमने एक जनवरी से सबको मतदाता सत्यापन के लिए मैदान में उतरने के निर्देश दिए हैं। पांच जनवरी से इसमें गति आएगी। जिला स्तर से सबको सूचियां उपलब्ध करा दी गई हैं। प्रारूप मतदाता सूची में जिनके नाम नहीं हैं और वे पात्रता रखते हैं तो जुड़वाने के लिए फार्म छह, हटवाने के लिए फार्म सात और संशोधन के लिए फार्म आठ भर सकते हैं। सोमवार से शुक्रवार तक सुबह 10 से शाम साढ़े पांच बजे तक प्रत्येक मतदान केंद्र पर बूथ लेवल आफिसर उपलब्ध करेंगे। इनके माध्यम से आवेदन लिए जाएंगे। नाम जोड़ने के लिए फार्म के साथ घोषणा-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

# केनरा बैंक के साथ 2 करोड़ 56 लाख की धोखाधड़ी, सीज प्रापर्टी को रखा बंधक

## आरोपियो में कंपनी प्रोपराइटर, बैंक मैनेजर, पैनल एडवोकेट और गांरटर शामिल

भोपाल/बीना। आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) द्वारा केनरा बैंक ब्रॉच नवलखा के साथ 2 करोड़ 56 लाख की धोखाधड़ी के मामले की जॉच के बाद मेसर्स लक्ष्य इक्विपमेंट एण्ड इंजीनियरिंग के प्रोपरायटर, बैंक के ब्रांच मैनेजर सहित पैनल एडवोकेट के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। कंपनी के प्रोपरायटर और गांरटर ने ऐसी संपत्ति को गिरवी रखा जो पहले ही बिक चुकी थी। वहीं मामले में बैंक मैनेजर और पैनल एडवोकेट की भी मिली भगत सामने आई।

**- यह था मामला**

विभाग द्वारा साझा की गई जानकारी के अनुसार मेसर्स लक्ष्य इक्विपमेंट एण्ड इंजीनियरिंग की प्रोपराइटर नेहा ताम्बी पत्नी मनीष ताम्बी द्वारा विनिर्माण इकाई प्लॉट नंबर 311, इंडस्ट्रियल ग्रोथ सेंटर, पीथमपुर, जिला धार में शीट मेटल कार्यों के विनिर्माण हेतु गारंटर मनीष ताम्बी के साथ 3 अक्टूबर 2020 को केनरा बैंक, नवलखा शाखा में 1 करोड़ 70 लाख रुपये की ओ.सी.सी. लिमिट हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया। इस लोन के लिये नेहा ताम्बी और मनीष ताम्बी द्वारा संयुक्त नाम से फ्लैट नंबर 402, क्लासिक क्राउन, प्लॉट क्रमांक 5/2, ओल्ड पलासिया, इंदौर की रजिस्ट्री 29 नवंबर 2002 को कोलेटरल बंधक के रूप में प्रस्तुत की गई। लोन की मंजूरी के क्रम में केनरा बैंक के तत्कालीन ब्रांच मैनेजर पवन कुमार झा द्वारा संपत्ति एवं विनिर्माण इकाई का निरीक्षण कर 3 अक्टूबर 2020 को विजिट रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, जिसमें संपत्ति विवाद रहित एवं यूनिट संचालित होना बताया गया। प्रकरण की जॉच में सामने आया की केनरा बैंक के तत्कालीन पैनल एडवोकेट विकास कुमार वर्मा द्वारा प्रस्तुत लीगल स्क्रूटनी रिपोर्ट में तथ्यों को छुपाते हुए उक्त संपत्ति को वैध एवं बंधक योग्य दर्शाया गया। वहीं यह भी सामने आया की जिस फ्लैट को केनरा बैंक में कोलेटरल के रूप में बंधक बताया गया था, वह संपत्ति साल 2007 में ही बेचा जा चुका था। और वह फ्लैट पहले से ही बैंक ऑफ इंडिया, कंचन बाग शाखा में बंधक होकर एन.पी.ए. घोषित होने पर सीज किया जा चुका था। इसके बाद उसी संपत्ति के फर्जी दस्तावेजों का उपयोग कर केनरा बैंक से लोन प्राप्त किया गया। यह भी सामने आया की विजिट रिपोर्ट में संचालित बताया गया व्यवसायिक यूनिट अस्तित्व में नहीं है, तथा ओ.सी.सी. खाते से संदिग्ध लेन-देन कर रकम का डायवर्जन किया गया है। मेसर्स लक्ष्य इक्विपमेंट एण्ड इंजीनियरिंग के खाते से मेसर्स ब्लू चिप इक्विपमेंट एण्ड इंजीनियरिंग प्रा.लि. के खाते में राशि स्थानांतरित की गई, जिसमें मनीष ताम्बी डायरेक्टर हैं, तथा दोनों फर्मों का व्यवसायिक पता समान पाया गया।

# जनगणना होने तक सारी सीमाएं फ्रीज

भोपाल। भारत सरकार द्वारा जनगणना की तैयारी पूरी कर ली गई है। सभी राज्यों को सीमाएं फ्रीज करने के आदेश केंद्र सरकार द्वारा दिए गए हैं। मध्य प्रदेश में इसकी अंतिम तारीख 31 दिसंबर थी। जब तक जनगणना का कार्य पूरा नहीं होता है। तब तक कोई भी नया जिला और नई तहसील इत्यादि नहीं बनाई जा सकेगी। नाही सीमाओं पर किसी किस्म का कोई परिवर्तन संभव होगा। जो भी मामले लंबित थे, अब उन सभी मामलों में जनगणना होने के बाद ही कोई परिवर्तन किया जा सकेगा। मध्य प्रदेश में नए जिले और नई तहसील बनाने के जो प्रस्ताव थे। अब उन पर कोई भी विचार या निर्णय राज्य सरकार नहीं ले सकेगी।

# 2025 बीता, अब आईएएस अफसरों को बताना होगी प्रॉपर्टी

भोपाल। 2025 का साल खत्म होते ही प्रदेश के सभी आईएएस, आईपीएस और आईएफएस अधिकारियों के लिए अपनी अचल संपत्ति का ब्यौरा देना अनिवार्य कर दिया गया है। इन अधिकारियों को 1 जनवरी से 31 जनवरी के बीच स्पैरो पोर्टल पर अपनी संपत्ति की जानकारी ऑनलाइन अपलोड करनी होगी। निर्धारित समय-सीमा में जानकारी नहीं देने पर इसका असर अधिकारियों के प्रमोशन पर पड़ेगा। डीओपीटी (डिपार्टमेंट ऑफ पर्सनल ट्रेनिंग) मंत्रालय के आदेश के बाद राज्य शासन के सामान्य प्रशासन विभाग ने प्रदेश के सभी अधिकारियों के लिए वार्षिक अचल संपत्ति विवरण पत्र साल 2025 ऑनलाइन पेश करना अनिवार्य कर दिया है। यह विवरण 1 जनवरी 2026 की स्थिति में तैयार किया जाएगा। जीएडी द्वारा जारी आदेश के अनुसार अखिल भारतीय सेवा (आचरण) नियम 1968 के नियम 16(2) के तहत प्रत्येक अधिकारी को प्रतिवर्ष अपनी अचल संपत्ति का विवरण देना अनिवार्य है। भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार यह प्रक्रिया स्पैरो पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन पूरी की जाएगी।

### आईपीआर नहीं किया तो होगी कार्रवाई

जीएडी के निर्देश में कहा गया है कि सभी संबंधित अधिकारी 1 जनवरी से 31 जनवरी 2026 के बीच अनिवार्य रूप से वेबसाइट पर लॉगिन कर आईपीआर ऑनलाइन भरें। यदि निर्धारित समय-सीमा में आईपीआर पेश नहीं किया जाता है, तो भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार संबंधित अधिकारी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है। सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी विभागाध्यक्षों को इन निर्देशों का सख्ती से पालन कराने के निर्देश दिए हैं। यही व्यवस्था प्रदेश के सभी आईपीएस और आईएफएस अधिकारियों पर भी लागू होगी। अखिल भारतीय सेवा के इन अधिकारियों को 31 जनवरी तक देश-विदेश में स्वयं तथा पत्नी या पति के नाम पर मौजूद अचल संपत्तियों का विवरण देना होगा। एक अन्य आदेश में जीएडी ने मंत्रालय में पदस्थ सभी तृतीय श्रेणी मंत्रालयीन कर्मचारी, सहायक अनुभाग अधिकारी, सहायक ग्रेड-2, सहायक ग्रेड-3, निज सहायक, शीघ्र लेखक, स्टेनोटाइपिस्ट, तकनीकी संवर्ग तथा मंत्री स्थापना में पदस्थ सभी तृतीय श्रेणी मंत्रालयीन कर्मचारियों से भी 31 जनवरी तक अपनी संपत्ति का विवरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

# दिल्ली में जॉइंट सेक्रेटरी बने एमपी के आईएएस राहुल

भोपाल। मध्य प्रदेश में आईएएस, आईएफएस और आईपीएस अधिकारियों की पदोन्नति और नई पदस्थापना का क्रम जारी है। केंद्र और राज्य स्तर पर प्रशासनिक फेरबदल के तहत कई वरिष्ठ अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। दिल्ली में पदस्थ मध्यप्रदेश कैडर के आईएएस अधिकारी राहुल जैन को एक जनवरी से कॉर्पोरेट अफेयर्स मंत्रालय में पदस्थ किया गया है। इससे पहले केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर तैनात आईएफएस अधिकारी असित गोपाल और आईएएस अधिकारी केरोलिन खोंगवार की पदस्थापना को लेकर केंद्र सरकार ने 31 दिसंबर को जारी आदेश में संशोधन किया था। उधर, भोपाल स्थित वन विभाग में पदस्थ आईएफएस अधिकारी बीएस अन्निगेरी को पदोन्नत कर एपीसीसीएफ (वित्त एवं बजट) से पीसीसीएफ (मानव संसाधन विकास) के पद पर पदस्थ किया गया है। इससे पहले इस पद का अतिरिक्त प्रभार पीसीसीएफ बिंदु शर्मा के पास था।

### इन अफसरों को भी मिला प्रमोशन

एक जनवरी को जारी एक अन्य आदेश में वन विभाग ने वन मंडल अधिकारी कार्य आयोजना खंडवा प्रशांत कुमार सिंह, वन मंडल अधिकारी सामान्य वन मंडल अनूपपुर विपिन कुमार पटेल, वन मंडल अधिकारी इंदौर सामान्य वन मंडल प्रदीप मिश्रा, वन मंडल अधिकारी नौरादेही वन्यप्राणी वनमंडल अब्दुल अलीम को प्रवर श्रेणी वेतनमान स्वीकृत करते हुए उनकी पदस्थापना यथावत रखी है। एक अन्य आदेश में वन विभाग ने उप वनमंडल अधिकारी ए प्रभंजन रेड्डी, हिमांशु त्यागी, मेनगा व्ही, ध्रुव श्रीवास्तव, अंशुल तिवारी, गुरलीन कौर, सुदर निवेधन एम., शैलेष माचरा, विकास शर्मा, हितेश खंडेलवाल, पखाले प्रीतेश मनोहर राव, विनोद जाखड़, अक्षत जैन, समीर रंजन और नीरज निश्चल को वरिष्ठ वेतनमान दिए जाने के आदेश जारी किए हैं।

# संघ प्रमुख मोहन भागवत आज से भोपाल में

भोपाल। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत शुक्रवार भोपाल आएंगे। दो दिनों तक वे भोपाल में युवा, प्रमुख जन और महिलाओं से संवाद करेंगे। दरअसल, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर देशभर में जारी प्रवास श्रृंखला के तहत सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत 2 और 3 जनवरी को मध्यभारत प्रांत के भोपाल विभाग केंद्र पर दो दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे समाज के विभिन्न वर्गों से सीधे संवाद करेंगे। कार्यक्रमों का उद्देश्य संघ की 100 वर्षों की यात्रा, वर्तमान सामाजिक परिस्थितियां और देश-समाज निर्माण में नागरिकों की भूमिका पर विमर्श करना है। सरसंघचालक के इस प्रवास के दौरान कुल चार प्रमुख कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें युवा, सामाजिक-धार्मिक नेतृत्व और मातृशक्ति को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। सभी कार्यक्रम चयनित सहभागियों के साथ संवादात्मक स्वरूप में होंगे। संघ के शताब्दी वर्ष के चलते समाज के विभिन्न वर्गों में आरएसएस को लेकर जिज्ञासा और रुचि बढ़ी है। सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत के इस प्रवास के माध्यम से लोगों को संघ के बारे में तथ्यात्मक और वास्तविक जानकारी मिलेगी। साथ ही यह भी स्पष्ट होगा कि देश और समाज के निर्माण में नागरिक किस प्रकार सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं। यह प्रवास संघ के शताब्दी वर्ष में भोपाल के लिए एक महत्वपूर्ण वैचारिक और सामाजिक आयोजन के रूप में देखा जा रहा है। 2 जनवरी को सुबह 9:30 बजे कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में प्रांत स्तरीय युवा संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मध्यभारत प्रांत के सभी 31 जिलों (शासकीय रचना के अनुसार 16 जिले) से ऐसे युवा शामिल होंगे, जिन्होंने शिक्षा, सेवा, नवाचार, सामाजिक कार्य और अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां अर्जित की हैं।

# मध्यप्रदेश में निकाय उपचुनाव में कांग्रेस की बड़ी जीत, पदमा रोहिणी ने लहराया परचम

## पार्षद के 7 पदों में से बीजेपी 4, कांग्रेस 2 पर और एक पर निर्दलीय ने की जीत दर्ज

भोपाल। मध्यप्रदेश में नगरीय निकाय उपचुनाव में कांग्रेस को बड़ी जीत हासिल हुई है। रीवा के नगर परिषद सेमरिया के अध्यक्ष पद के लिए हुए उपचुनाव में कांग्रेस जीत गई है। इधर पार्षद पदों के लिए हुए उपचुनाव में बीजेपी का वर्चस्व कायम है। पार्षद के 7 पदों में से बीजेपी 4 पर जीती है जबकि कांग्रेस 2 पर और निर्दलीय को एक वार्ड में जीत हासिल हुई है।



मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक नगर निकायों के लिए सोमवार को मतदान हुआ था। बुधवार को सुबह गिनती शुरु हुई। सेमरिया में नगर परिषद अध्यक्ष पद के लिए हुए प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव में कांग्रेस की पदमा रोहिणी कुशवाहा विजयी रहीं। पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने उन्हें बधाई देते हुए, कहा कि नागरिक अब बीजेपी के कुशासन से तंग आ चुके हैं। नगर निकायों में हुए उपचुनावों के परिणाम बुधवार को घोषित किए गए। सेमरिया नगर परिषद अध्यक्ष पद पर कांग्रेस की पदमा रोहिणी कुशवाहा ने बीजेपी की आराधना विश्वकर्मा को हराया। उन्हें 4391 वोट मिले जबकि बीजेपी कैंडिडेट को 3648 वोट मिले। प्रदेशभर में 7 वार्डों में पार्षद पदों के लिए भी उपचुनाव हुए। इनमें से 4 पर बीजेपी और 2 पर कांग्रेस जीती जबकि एक वार्ड में निर्दलीय ने जीता है। सेमरिया नगर परिषद अध्यक्ष चुनाव में जीत हासिल करने पर पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने पदमा कुशवाहा को बधाई दी। उन्होंने कहा कि बीजेपी के अत्याचार, अन्याय और जनविरोधी नीतियों से प्रदेश की जनता त्रस्त आ चुकी है और इसका असर चुनावी परिणामों में साफ दिखाई दे रहा है।

# महिला कांग्रेस ने विजयवर्गीय के बंगले के बाहर बजाई घंटिया

भोपाल। प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा इंदौर में दूषित पानी से हुई मौतों और बीमार लोगों को लेकर एक पत्रकार द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में दिए गए बयान के बाद प्रदेश की राजनीति गरमा गई। एक ओर जहां बयान को लेकर सियासी बयानबाजी तेज है। वहीं राजधानी भोपाल में महिला कांग्रेस ने मंत्री के सरकारी निवास का घेराव कर विरोध दर्ज कराया। महिला कांग्रेस की कार्यकर्ता हाथों में घंटियां लेकर मंत्री के निवास पहुंचीं और घंटी बजाकर प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कैलाश विजयवर्गीय के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और उनके इस्तीफे की मांग की। प्रदर्शन में कांग्रेस के पूर्व मंत्री पीसी शर्मा और जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना भी मौजूद रहे। महिला कांग्रेस नेत्रियों ने मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की फोटो पर जूते-चप्पल भी बरसाए।

### सता के नशे में मदमस्त हो गए हैं

पूर्व मंत्री पीसी शर्मा ने कहा कि इंदौर की घटना के बाद इस तरह का बयान यह दर्शाता है कि सत्ता के नशे में भाजपा नेता मदमस्त हो गए हैं। उन्हें लगता है कि ऐसे बयानों के बावजूद जनता उन्हें जिताती रहेगी, लेकिन यह सोच गलत है। उन्होंने मांग की कि घटना में मृतकों के परिवार से एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए, प्रत्येक परिवार को एक करोड़ रुपए मुआवजा मिले और कैलाश विजयवर्गीय से तत्काल इस्तीफा लिया जाए। जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष संतोष कंसाना ने कहा कि यह प्रदर्शन कैलाश विजयवर्गीय के गैर-जि मेदाराना बयान के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि ऐसे संवेदनशील मामले में मंत्री का बयान बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है और इसका विरोध जरूरी है।

# नए साल के पहले दिन कांग्रेस का बड़ा कदम

भोपाल। नए साल के पहले दिन कांग्रेस का बड़ा कदम सामने आया है। गुरूवार से पूरे प्रदेश में पंचायत कांग्रेस कमेटी के गठन की शुरुआत की गई है। जिला, ब्लॉक, के बाद अब वार्ड और पंचायत तक कांग्रेस का विस्तार होगा। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी पंचायत कमेटी गठन कार्यक्रम की शुरुआत की। भोपाल के कोडिया देवका गांव से ग्राम पंचायत कमेटी गठन की शुरुआत हुई। उसके बाद ग्राम टीला खेड़ी हुजूर, भोपाल में किसानों के साथ चर्चा की गई। साल के शुरुआती 3 महीने में हर गांव में कांग्रेस कमेटी बनाने का टारगेट तय है। मामले पर पीसीसी चीफ जीतू पटवारी का बयान सामने आया है। कहा- हमने बहुत महत्वपूर्ण प्रोग्राम बनाया है। गांव स्तर तक, वार्ड स्तर तक कांग्रेस का संगठन गठित हो।

## न्यूजीलैंड के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में विराट बना सकते हैं रिकार्ड

# सहवाग और पोंटिंग को पीछे छोड़ देंगे

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली के पास न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेन्द्र सहवाग और पूर्व ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज रिकी पोंटिंग का रिकार्ड तोड़ने का अवसर है। सहवाग और पोंटिंग ने न्यूजीलैंड के खिलाफ एकदिवसीय में सबसे अधिक छह-छह शतक लगाये हैं। वहीं विराट के नाम भी अभी छह शतक ही हैं। ऐसे में आने वाली तीन मैचों की सीरीज में एक और शतक लगाते ही वह न्यूजीलैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा एकदिवसीय शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन जाएंगे। ऐसा करके वह सहवाग और रिकी पोंटिंग को पीछे छोड़ देंगे, भारत और न्यूजीलैंड के बीच एकदिवसीय सीरीज 11 जनवरी से शुरू होगी। विराट का कीवी टीम के खिलाफ रिकार्ड अच्छा रहा है। उन्होंने कीवी टीम के खिलाफ एकदिवसीय में 1600 से ज्यादा रन बनाये हैं।

विराट ने कीवी टीम के खिलाफ अब तक एकदिवसीय की 33 पारियों में 55.23 की शानदार औसत और 95.50 के स्ट्राइक रेट से 1,657 रन बनाए हैं। पिछले कुछ समय से वह अच्छी लय में हैं। जिससे इस सीरीज में काफी रन बनाने की उम्मीद है। कोहली का न्यूजीलैंड के लिए सबसे अधिक स्कोर नाबाद 154 रन रहा। कोहली ने अब तक कीवी टीम के खिलाफ एकदिवीसीय में छह शतक के अलावा नौ अर्धशतक भी लगाए हैं। वहीं सहवाग ने 23 मैचों में जबकि पोंटिंग ने 50 मैचों में छह शतक लगाये हैं जबकि विराट ने अपने शतक 26 एकदिवसीय में लगाये हैं। इसके अलावा महान सचिन तेंदुलकर ने 41 मैचों में पांच शतक जबकि श्रीलंका के पूर्व सलामी बल्लेबाज सनथ जयसूर्या ने इतने ही शतक 45 मैचों में लगाये हैं। विराट एकदिवसीय विश्वकप 2027 को देखते हुए इस सीरीज में बेहतर प्रदर्शन कर अपनी दावेदारी बनाये रखना चाहेंगे। हाल ही में उन्होंने घरेलू क्रिके में शतक और अर्धशतक लगाये हैं। विराट ने अब तक 308 एकदिवसीय की 296 पारियों में 55.58 की शानदार औसत से 14,557 रन बनाए हैं।



# स्टार फुटबॉलर एमबाप्पे ला लीगा लीग से बाहर हुए

मैड्रिड। रियल मैड्रिड के स्टार फुटबॉलर किलियन एमबाप्पे अभ्यास के दौरान चोटिल हो गये हैं। ऐसे में एमबाप्पे रविवार को ला लीगा में रियल बेटिस के खिलाफ होने वाले मुकाबले में नहीं खेलेंगे। एमबाप्पे ने इस सत्र में सबसे अधिक गोल किये हैं। ऐसे में उनका बाहर होना मैड्रड के लिए करारा झटका है।

क्लब ने कहा , एमबाप्पे के घुटने में चोट आई है। इस कारण वह फिलहाल खेल से दूर रहेंगे। वह कब तक वापसी करेंगे ये अभी नहीं कहा जा सकता है।

मैड्रिड की टीम अब 8 जनवरी को जेद्दा में सुपरकप के दूसरे सेमीफाइनल में एटलेटिको के खिलाफ खेलेगा। इससे साफ है कि टीम इस मुकाबले में अपने इस स्टार स्ट्राइकर के बिन ही उतरेंगी। वह 11 जनवरी को होने वाले फाइनल में भी नहीं खेलेंगे। एमबाप्पे ने इस सीजन में रियल मैड्रिड की ओर से 25 मैचों में से 24 में खेला है, जिस एकमात्र मैच में वह नहीं खेले थे, उसमें चैंपियंस लीग में मैनचेस्टर सिटी के खिलाफ टीम को 2-1 से हार का सामना करना पड़ा था। उन्होंने 18 ला लीगा मैचों में 18 गोल किये हैं।



# सिडनी टेस्ट के बाद खेल को अलविदा कह देंगे ख्वाजा - क्लार्क

मेलबर्न । ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क ने कहा है कि अंतिम एशेज टेस्ट के साथ ही अनुभवी सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा संन्यास की घोषणा कर देंगे। क्लार्क ने कहा कि ख्वाजा पिछले काफी समय से अपनी फार्म और फिटनेस से जूझ रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की एशेज सीरीज का अंतिम टेस्ट मैच चार जनवरी से सिडनी में खेला जाएगा। इस सीरीज में ख्वाजा ने अब तक तीन टेस्ट मैच खेले हैं पर वह प्रभावित नहीं कर पाये हैं। ट्रैविस हेड और जेक वेदराल्ड के अच्छे प्रदर्शन के कारण उन्हें तीनों ही मैचों में मध्यक्रम में उतरना पड़ा था।



साल 2025 ख्वाजा के लिए अच्छा नहीं रहा था। उन्होंने उसमें 10 टेस्ट मैचों में कुल 614 रन बनाए थे। ख्वाजा की बढ़त उम्र के कारण भी वह संन्यास के करीब हैं। उन्हें पर्थ में पहले एशेज टेस्ट के दौरान करियर में पहली बार पीठ में अकड़न भी हुई थी। चोट के कारण वह दूसरा टेस्ट भी नहीं खेल पाए थे। हालांकि, उन्होंने तीसरे मैच में वह वापसी करने में सफल रहे थे। वह मेलबर्न में चौथे मैच में फ्लॉप रहे। क्लार्क का मानना ??है कि उस्मान को सिडनी टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया की अंतिम ग्यारह में शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यह ख्वाजा का फेयरवेल टेस्ट होगा। मुझे उम्मीद है कि वह इस मैच में अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

# शमी की न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज से भारतीय टीम में हो सकती है वापसी

मुम्बई। पिछले काफी समय से भारतीय टीम से बाहर चल रहे अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को अब नये साल में न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज से अवसर मिल सकता है। शमी की साल 2025 में लगातार उपेक्षा हुई, इसके अलावा वह फिटनेस को लेकर भी परेशान रहे जिससे भी उनके भविष्य को लेकर सवाल उठे हैं। वहीं शमी ने इसके बाद घरेलू क्रिकेट में अपने प्रदर्शन से फार्म और फिटने को साबित किया।



वहीं माना जा रहा है कि इस गेंदबाज को इस साल चयनकर्ता अवसर दे सकते हैं। इससे 2027 एकदिवसीय विश्वकप के लिए उनकी वापसी होने की उम्मीद है। शमी के घरेलू प्रदर्शन पर चयनकर्तों की नजरें बनी हुई हैं। ऐसे में उनकी टीम में वापसी कठिन नहीं मानी जा रही है। एक रिपोर्ट के अनुसान शमी पर लगातार चर्चा हो रही है।वह चयन की दौड़ से बाहर नहीं हैं। स चिंता उनकी फिटनेस को लेकर है। ह न्यूजीलैंड एकदिवसीय सीरीज लिए अच्छे दिख रहे हैं। ऐसे में उन्हें इस सीरीज में भी अवसर मिल सकता है। उनके पास लंबा अनुभव है जिसका लाभ लिया जा सकता है।

शमी ने अंतिम बार मार्च 2025 में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में खेला था उसके बाद से ही वह टीम में वापसी नहीं कर पाये। वह वह टूर्नामेंट में मोहम्मद शमी भारत के संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे थे। उन्होंनइ इसी टूर्नामेंट में न्यूजीलैंड के खिलाफ अंतिम मैच था, जबकि टेस्ट में जून 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के बाद से ही टीम से बाहर हैं। उन्होंने घरेलू क्रिकेट में अपने पिछले छह मैचों (तीन विजय हजारे ट्रॉफी और तीन सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी) में 17 विकेट लिए हैं। वहीं रणजी ट्रॉफी में भी उन्होंने इस सीजन सिर्फ चार मैचों में 20 विकेट लिए हैं जिससे पता चलता है कि उनकी गेंदबाजी की धार अभी बनी हुई है। कई दिग्गज क्रिकेटरों ने उनकी टीम में वापसी की मांग की है।

# क्रिस लिन बिग बैश लीग में 4000 रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज बने

एडिलेड । एडिलेड स्ट्राइकर्स के सलामी बल्लेबाज क्रिस लिन ने ऑस्ट्रेलियाई बिग बैश लीग (बीबीएल) में ब्रिस्बेन हीट के खिलाफ हुए मैच में अपनी अर्धशतकीय पारी के दौरान ही अपने 4000 रन पूरे किये। इस प्रकार लिन इस लीग में 4000 रन बनाने वाले वाले पहले खिलाड़ी बन गये हैं। लिन ने अपने 4000 रन 15वें सत्र के 17वें मैच में पूरे किये। लिन की इस मैच में नाबाद 79 रनों की पारी से उनकी टीम को मैच में भी 7 विकेट से जीत मिली। लिन के अब 131 बीबीएल मैचों की 129 पारियों में कुल 4,065 रन हो गये हैं। इसमें एक शतक और 32 अर्धशतक शामिल हैं। स्ट्राइकर्स के गेंदबाजों ने इस मैच में हीट को 19.4 ओवर में 121 रन पर समेट दिया था। जिसके बाद लिन की अच्छी पारी की बदौलत स्ट्राइकर्स ने आसानी से मुकाबला जीता लिया।

# विजय हजारे ट्रॉफी में मुम्बई ने गोवा, कर्नाटक ने पुडुचेरी को हराया

### सरफराज, मयंक और पडिक्कल के शतक

मुम्बई । विजय हजारे ट्रॉफी के चौथे दौर के मुकाबले में मुंबई ने गोवा को 87 रन से हरा दिया। इस मुकाबले में सरफराज खान ने 75 गेंदों में ही 157 रन बनाकर अपनी टीम की जीत में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इससे मुंबई ने 50 ओवर में 8 विकेट पर 444 रन बनाये। सरफराज ने अपनी इस पारी में 9 चौके और 14 छक्के लगाये। उनके अलावा हार्दिक तामोरे ने 53, मुशीर खान ने 60 और ओपनर यशस्वी जायसवाल ने 46 रन बनाये। वहीं गोवा की ओर से दर्शन ने 3 विकेट लिए जबकि वी. कौशिक और ललित यादव को 2-2 विकेट मिले। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए गोवा की टीम 9 विकेट पर 357 रन ही बना पायी। गोवा की ओर से केवल अभिनव तेजराना ने शतकीय पारी पर वह अपनी टीम को हार से नहीं बचा पाये।

वहीं एक अन्य मुकाबले में कर्नाटक ने पुडुचेरी को हराया। इस मैच में कर्नाटक के कप्तान मयंक अग्रवाल और देवदत्त पडिक्कल ने शतक लगाये। इसी के साथ ही पडिक्कल ने इस सत्र का अपना तीसरा शतक लगाया।

पुडुचेरी के खिलाफ मुकाबले में मयंक ने 132 और देवदत्त पडिक्कल ने 113 रन बनाए, जिसकी सहायता से कर्नाटक ने 4 विकेट पर 363 रन बनाए। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए पुडुचेरी की टीम 296 रन ही बना पायी। इस प्राकर कर्नाटक ने 67 रन से मुकाबला जीता

वहीं ग्रुप-बी के एक मुकाबले में बंगाल ने जम्मू-कश्मीर को 9 विकेट से हराया। जम्मू-कश्मीर के दिये 64 रन के लक्ष्य को बंगाल ने 10वें ओवर में ही हासिल कर लिया।

वहीं केरल ने राजस्थान को 2 विकेट से हराकर नॉकआउट में प्रवेश की उम्मीदे बनाये रखीं हैं। केरल ने राजस्थान के खिलाफ 345वें रनों का कठिन लक्ष्य हासिल कर सभी को हैरत में डाल दिया।

# फीफा ने तीन भारतीय मैच रैफरी शामिल किये - एआईएफएफ



नई दिल्ली। विश्व फुटबॉल में अब कई मैच में भारतीय रैफरी नजर आयें। इसका कारण है कि भारतीय मैच अधिकारियों की तादाद बढ़ती जा रही है। फीफा की 2026 अंतरराष्ट्रीय मैच अधिकारियों की सूची में तीन भारतीय रैफरी शामिल किये गये हैं। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने कहा कि एक महिला सहित तीन भारतीय रैफरी फीफा अधिकारी के तौर पर शामिल किया जाना खुशी की बात है। एआईएफएफ के अनुसार फीफा ने भारत की रचना कमानी को महिला रैफरी के तौर पर शामिल किया है जबकि अश्विन कुमार और आदित्य पुरकायस्थ को पुरुष रैफरी के तौर पर जगह मिली है। एआईएफएफ ने कहा कि अश्विन कुमार और आदित्य पुरकायस्थ ने मलेशिया के कुआलालंपुर में एएफसी रैफरी अकादमी से कोर्स पूरा किया था जबकि रचन अभी ये कोर्स कर रही हैं। इसके अलावा भारत के ही मुरलीधरन पांडुरंगन और पीटर क्रिस्टोफर को फीफा सहायक रैफरी के रूप में शामिल किया गया है। इस प्रकार अब साल 2026 के लिए फीफा के अंतरराष्ट्रीय मैच अधिकारियों की सूची में भारत के कुल 19 अधिकारी हो गए हैं।

# राशिद की कप्तानी में टी20 विश्वकप में उतरेगी अफगानिस्तान की टीम

काबुल। अफगानिस्तान ने अगले माह भारत और श्रीलंका मे होने वाले टी-20 विश्व कप 2026 के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम घोषित कर दी है। इस टीम की कप्तानी स्टार स्पिनर राशिद खान को दी गयी जबकि इब्राहिम जादरान को उपकप्तान बनाया गया है। अफगान टीम को विश्वकप से पहले वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 सीरीज भी खेलनी है।

विश्वकप के लिए फजलहक फारूकी और गुलबदीन नईब को टीम में शामिल किया गया है। इन दोनो को ही इससे पहले हुए बांग्लादेश दौरे के लिए भी शामिल नहीं किया गया था। वहीं मुजीब उर रहमान और नवीन-उल-हक को भी टीम में शामिल किया गया है।

नवीन इससे पहले एशिया कप के दौरान फिटनेस कारणों से टीम से बाहर थे।

वहीं युवा मिस्ट्री स्पिनर गजनफर को रिजर्व खिलाड़ियों में रखा गया है। उनके साथ इजाज अहमदजई और जिया उर रहमान शरीफी को भी रिजर्व सूची में शामिल किया है। ।

अफगान टीम पिछली बार टी-20 विश्वकप के सेमीफाइनल में पहुंची थी। उसने तब न्यूजीलैंड, वेस्टइंडीज, ऑस्ट्रेलिया और बांग्लादेश को पराजित किया था। वहीं विश्वकप से पहले अफगानिस्तान और वेस्टइंडीज के बीच 19 से 22 जनवरी तक टी-20 सीरीज खेली जाएगी। टी-20 विश्व कप 2026 में अफगानिस्तान को ग्रुप डी में न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका, यूएई और कनाडा के साथ रखा गया है।

# दोस्तों के साथ गोवा में घूमती दिखी सारा के हाथ में बोतल देखकर भड़के प्रशंसक

पणजी। महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा तेंदुलकर ने अपनी अलग ही पहचान बनायी है। वह फिटनेस इंडस्ट्री से जुड़ी हैं। उनकी सोशल मीडिया पर वह छायी रहती है। वहीं अब उनका एक वीडियो आया है जिससे प्रशंसक हैरान हैं। इसमें सारा तेंदुलकर अपने दोस्तों के साथ ही गोवा की एक सड़क पर दिख रही हैं और उनके हाथ में एक बोतल है जिससे देखकर प्रशंसक नाराज हैं। इससे वह ट्रॉल भी हुई हैं। कुछ लोगों ने उनके हाथ में पकड़ी हुई बोतल को बीयर की बोतल मानने हुए ही उनपर सख्त टिप्पणियां की हैं हालांकि, यह साफ नहीं हो पाया है कि वीडियो कब का है। जहां सोशल मीडिया में हुछ लोगों ने उनकी आलोचना की है। वहीं कई लोग बचाव में भी आये है। कुछ लोगों का कहना है कि ये नये साल के जश्न की तस्वीरें हो सकती हैं।

कई लोगों ने ट्रोल करने वालों की छोटी मानसिकता पर कड़े सवाल उठाए और कहा कि किसी के हाथ में बोतल देखकर ही उसे शराब मान लेना और उस पर ताने कसना ठीक नहीं है। इन लोगों का कहना है कि सारा को अपने अनुसार जीने की आजादी है। साथ ही कहा कि उनके निजी विकल्पों को उनके पिता के करियर से जोड़ना सही नहीं होगा। इससे एक बार फिर दिखा है कि सेलिब्रिटी बच्चों के जीवन में लोग सोशल मीडिया के जरिये दखलअंदाज करते रहते हैं।

सारा ने फिटनेस जगत में अपनी अलग पहचान बनायी है। उन्होंने पिछले साल एक फिटनेस स्टूडियो खोला था। सारा का मानना है कि फिटनेस केवल वर्कआउट या डाइट के बारे में नहीं, बल्कि जीवन में एक सही संतुलन बनाने के बारे में है। वह लोगों को शारीरिक रूप से मजबूत और मानसिक रूप से सजग बनाने का प्रयास कर रही हैं।

# आईसीसी रैंकिंग में दूसरे नंबर पर पहुंचे हैरी और स्टार्क

दुबई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ताजा रैंकिंग में इंग्लैंड के युवा बल्लेबाज हैरी ब्रूक को लाभ हुआ है। ब्रूक तीन पायदान की छलांग लगाकर दूसरे नंबर पर पहुंच गये हैं। एशेज में मेलबर्न क्रिकेट टेस्ट में खेली शानदार पारी से उसके अंक बढ़ें हैं। वहीं ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क भी सीरीज में अच्छी गेंदबाजी के कारण रैंकिंग में 843 अंक लेकर दूसरे नंबर पर पहुंच गये हैं। वहीं भारतीय टीम के जसप्रीत बुमराह 879 अंक लेकर पहले नंबर पर हैं।



बल्लेबाजी रैंकिंग की बात करें तो हैरी ने एमसीजी मैदान में विपरीत हालातों में 59 रनों की पारी खेली थी, इस प्रकार उन्होंने अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। इसी कारण वह आईसीसी टेस्ट बल्लेबाज़ों की रैंकिंग में तीन स्थान ऊपर आये हैं । ब्रूक के अब 846 अंक हो गये हैं। अब उनसे आगे केवल जो रूट हैं। रुट के 867 रेटिंग अंक हैं और वह शीर्ष पर बने हुए हैं।

वहीं इंग्लैंड के गेंदबाजों की रैंकिंग भी इस मैच से बेहतर हुई है। तेज गेंदबाज जोशुआ टोंग ने मेलबर्न में कुल सात विकेट लिए थे जिससे वह 13 स्थान ऊप आकर 30वें नंबर पर पहुंच गए हैं जबकि गस एटकिंसन चार स्थान के लाभ के साथ ही 3वें और ब्रायडन कार्स छह स्थान उछलकर 23वें नंबर पर पहुंच गए हैं। दूसरी ओर ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज़ों का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। इससे उनकी रैंकिंग भी गिरी है। केवल मिचेल स्टार्क को ही सीरीज में अच्छी गेंदबाजी करने के कारण लाभ मिला है। अब मार्श पाकिस्तान के स्पिनर नोमान अली के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। अब स्टार्क के पास अंतिम टेस्ट में बेहतर प्रदर्शन कर नंबर एक पर आने का अवसर है। अभी उनके और नंबर एक पर चल रहे जसप्रीत बुमराह के बीच केवल 36 रेटिंग अंक का अंतर बना हुआ है। ऑस्ट्रेलिया के ही युवा गेंदबाज स्कॉट बोलैंड ने एमसीजी में अच्छा प्रदर्शन किया था। इससे वह रैंकिंग में सातवें स्थान पर पहुंच गए हैं। ये गेंदबाज पहली बार 800 रेटिंग अंक से ऊपर पहुंचा है। वहीं विश्व टेस्ट चैम्पियनशित (डब्ल्यूटीसी) रैंकिंग की बात करें तो ऑस्ट्रेलियाई टीम अंक तालिका में 85.71 फीसदी अंक लेकर नंबर एक पर बरकरार है जबकि न्यूजीलैंड और दूक्षिण अफ्रीका की टीमें दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं।

# भारतीय टीम के लिए बेहद व्यस्त है साल 2026

### टी20 विश्कप कप सहित कई अन्य मुकाबलों में टीम को मिलेगी चुनौती

मुम्बई । भारतीय क्रिकेट टीम का इस साल काफी व्यस्त कार्यक्रम है। भारतीय टी को इसमें टी20 विश्वकप से लेकर एकदिवसीय और टेस्ट सीरीज खेलनी हैं जिसमें टीम बेहतर प्रदर्शन करना चाहेगी। भारतीय टीम को अपने घरेलू मैदानों के साथ ही विदेशी मैदानों पर भी खेलना होगा जिसमें उसके प्रदर्शन की कड़ी परीक्षा होगी।

भारतीय टीम का प्रदर्शन गत वर्ष मिला जुला रहा था। उसमें टीम ने टी-20 और एकदिवसीय क्रिकेट में सफलता हासिल की थी पर टेस्ट में टीम का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। साल 2025 में भारतीय टीम ने जहां चैंपियंस ट्रॉफी और एशिया कप जीते थे। वहीं उसे टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका के हाथों घर पर दो मैचों की टेस्ट सीरीज में हार का सामना करना पड़ा था। साल 2025 भारतीय क्रिकेट टीम के लिए बहुत व्यस्त रहा। अब इस साल भारतीय टीम 11 जनवरी से न्यूजीलैंड के साथ सीरीज से सत्र की शुरुआत करेगी। इस साल भारतीय टीम के सामने सबसे बड़ी चुनौती टी-20 विश्वकप बरकरार रखना रहेगा।

### भारतीय क्रिकेट टीम का साल 2026 का कार्यक्रम

**जनवरी 2026**- न्यूजीलैंड का एकदिवसीय और टी20 सीरीज के लिए भारत दौरा

**11 जनवरी**- भारत और न्यूजीलैंड, पहला एकदिवसीय (वडोदरा)।
4 जन**वरी**-भारत और न्यूजीलैंड, दूसरा एकदिवसीय (राजकोट)।
**18 जनवरी**- भारत और न्यूजीलैंड, तीसरा एकदिवसीय (इंदौर)।
**21 जनवरी**- भारत और न्यूजीलैंड, पहला टी20 (नागपुर)।
**23 जनवरी**- भारत और न्यूजीलैंड, दूसरा टी20 (रायपुर)।
**25 जनवरी**- भारत और न्यूजीलैंड, तीसरा टी20 (गुवाहाटी)।
**28 जनवरी**- भारत और न्यूजीलैंड, चौथा टी20 (विशाखापत्तनम)।
**31 जनवरी**- भारत और न्यूजीलैंड, पांचवां टी20 (तिरुवनंतपुरम)।
**फरवरी-मार्च 2026**- टी20 विश्व कप
**7 फरवरी**- भारत और यूएसए (मुंबई)
**12 फरवरी**- भारत और नामीबिया (दिल्ली)
**15 फरवरी**- भारत बनाम पाकिस्तान (कोलंबो)
**18 फरवरी**- भारत बनाम नीदरलैंड (अहमदाबाद)
**21 फरवरी से 1 मार्च**- सुपर 8 मैच (यदि टीम क्वालीफाई करती है)
**5 मार्च**- सेमीफाइनल (मुंबई)
**8 मार्च**- फाइनल (अहमदाबाद)
**अप्रैल-मई 2026**- इंडियन प्रीमियर लीग)
**26 मार्च - 31 मई**- आईपीएल 2026 का आयोजन
**जून 2026**-अफगानिस्तान का भारत दौरा
**इस दौरे में 3 एकदिवसीय और 1 टेस्ट मैच खेला जाएगा**
**जुलाई 2026**- भारत का इंग्लैंड दौरा
**1 जुलाई - 11 जुलाई**- इंग्लैंड के खिलाफ 5 टी20 मैचों की श्रृंखला (चेस्टर-ले-स्ट्रीट, मैनचेस्टर, नॉटिंघम, ब्रिस्टल, और साउथेम्प्टन)।
14 जुलाई - 19 जुलाई- इंग्लैंड के खिलाफ 3 एकदिवसीय मैचों की सीरीज (बर्मिंघम, कार्डिफ, और लॉर्ड्स, लंदन)।
**अगस्त 2026**- भारत का श्रीलंका दौरा (2 टेस्ट)।
**सितंबर 2026**- अफगानिस्तान के खिलाफ 3 टी20, जापान में एशियाई खेल और वेस्टइंडीज का भारत दौरा (3 एकदिवसीय, 5 टी20)।
**अक्टूबर-नवंबर 2026**- भारत का न्यूजीलैंड दौरा (2 टेस्ट, 3 एकदिवसीय)।
**दिसंबर 2026**- श्रीलंका का भारत दौरा (3 एकदिवसीय, 3 टी20)।

# इस साल 18 एकदिवसीय में खेलते नजर आयेंगे रोहित और विराट

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा और शीर्ष क्रम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली इस साल 18 मैचों में नजर आयेंगे। रोहित और विराट ने पहले ही अंतरराष्ट्रीय टी20 और टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। आजकल एकदिवसीय मैच काफी कम होते हैं। ऐसे में इन्हें कम ही मैच खेलने को मिलते हैं। इससे इनके प्रशंसकों को इसके मैचों का बेसब्री से इंतजार रहता है। ऐसे में नये साल 2026 में भारत कितने एकदिवसीय मैच खेलेगा और कितने मैचों में विराट और रोहित खेलते हुए नजर आएंगे, इसका प्रशंसकों को इंतजार रहता है। साल 2026 कैलेंडर के लिए भारतीय टीम का कार्यक्रम जारी हो गया है। भारतीय टीम इस साल भी बहुत व्यस्त रहने वाली है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार भारत को 2026 में 18 एकदिवीसय मैच खेलने हैं और सभी में इन्हें रखा जाना तय है।

### एकदिवसीय मैचों का कार्यक्रम

**न्यूजीलैंड का भारत दौरा ( जनवरी )**
-
11 जनवरी- पहला एकदिवसीय (वडोदरा)।
14 जनवरी- दूसरा एकदिवसीय (राजकोट)।
18 जनवरी- तीसरा एकदिवसीय (इन्दौर)।

**अफगानिस्तान का भारत दौरा (जून)-**

**भारत का इंग्लैंड दौरा (जुलाई -**
14 जुलाई- पहला एकदिवसीय (बर्मिंघम)।
16 जुलाई- दूसरा एकदिवसीय (कार्डिफ)।
19 जुलाई- तीसरा एकदिवसीय (लंदन)।

**वेस्टइंडीज का भारत दौरा (सितंबर)-**
इस सीरीज में 3 एकदिवसीय मैच खेले जाने हैं।

**भारत का न्यूजीलैंड दौरा (अक्टूबर-नवंबर)-**
इस दौरे पर 3 एकदिवसीय मैच निर्धारित हैं।

**श्रीलंका का भारत दौरा ( दिसंबर )**
साल के अंत में 3 एकदिवसीय मैच खेले जाएंगे।

# मध्यप्रदेश में विकास की बयार...

## - वित्त वर्ष में अब तक 53,100 करोड़ कर्ज लिया सरकार ने



भोपाल। मप्र में सरकार का पूरा फोकस विकास पर है। विकास कार्यों को गति देने के लिए सरकार निरंतर कर्ज ले रही है। 2025 के जाने से पहले मोहन सरकार ने बाजार से 3500 करोड़ रुपए का नया कर्ज उठा लिया है। इसके बाद चालू वित्त वर्ष में मोहन सरकार द्वारा लिया गया कर्ज 53100 करोड़ तक पहुंच गया है। आरबीआई के जरिए तीन किस्तों में यह कर्ज लिया गया है । इसके पहले शीतकालीन सत्र की शुरुआत के दौरान सरकार ने बाजार से कर्ज लिया था। वित्त वर्ष की शुरुआत के पहले सरकार पर 4 लाख 21 हजार करोड़ रुपए का कर्ज था।

मोहन सरकार ने बाजार से 3500 करोड़ रुपए का जो नया कर्ज लिया है उसमें पहला कर्ज 1200 करोड़ रुपए का है जो 5 साल के लिए है और इसका ब्याज के साथ सरकार 31 दिसम्बर 2030 तक भुगतान करेगी। इस राशि से कृषि योजनाओं, सिंचाई और पावर प्रोजेक्ट्स, कम्युनिटी डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स में काम होगा। दूसरा लोन 11 साल के लिए लिया जा रहा है। इस कर्ज की राशि भी 1200 करोड़ रुपए है जो 31 दिसम्बर 2036 तक के लिए है। तीसरा कर्ज 1100 करोड़ रुपए का है जो 23 साल की अवधि में ब्याज के साथ चुकता किया जाएगा। डिप्टी सीएम और वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा बार-बार कर्ज लिए जाने को लेकर इसी माह स्पष्ट कर चुके हैं कि कर्ज नहीं यह निवेश है और यह कर्ज प्रदेश में विकास कार्यों, इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट की खातिर लिया जाता है और इसी में उसका उपयोग होता है।

### कर्ज लेने की लिमिट अभी बाकी बता रही सरकार

सरकार ने अपनी रेवेन्यू को लेकर कहा है कि वित्त वर्ष 2023-24 में सरकार 12487.78 करोड़ के रेवेन्यू सरप्लस में थी। इसमें आमदनी 234026.05 करोड़ और खर्च 221538.27 करोड़ रहा। इसके विपरीत वित्त वर्ष 2024-25 में प्रदेश सरकार की रिवाइज्ड आमदनी 262009.01 करोड़ और खर्च 260983.10 करोड़ बताया है। इस तरह पिछले वित्त वर्ष में भी सरकार की आय 1025.91 करोड़ सरप्लस बताई गई है, जो भी कर्ज लिया जा रहा है वह लोन की लिमिट के भीतर है। एक साल के अंदर बार-बार हजारों करोड़ कर्ज लेकर मध्य प्रदेश की मोहन यादव सरकार विपक्ष के निशाने पर है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी का कहना है कि मध्य प्रदेश की वित्ती स्थिति खराब है और सरकार कर्ज पर कर्ज लिए जा रही है। स्थिति ऐसी हो गई है कि कर्ज चुकाने के लिए भी कर्ज लिए जा रहे हैं। सवाल ये है कि आखिर ये कर्ज कौन चुकाएगी? मध्य प्रदेश की जनता कर्ज के बोझ तले दब रही है।

### मोहन सरकार ने कब-कब लिया कर्ज

इससे पहले सरकार ने दिसंबर की शुरूआत में आज तीन हजार करोड़ का कर्ज लिया। तीनों ही कर्ज आरबीआई के जरिए लिए गए। जिसके ब्याज का भुगतान हर छह माही में 3 जून और 3 दिसम्बर को किया जाएगा। वित्त विभाग द्वारा किए गए नोटिफिकेशन के अनुसार पहला कर्ज एक हजार करोड़ रुपए का होगा, जिसका ब्याज के साथ भुगतान सरकार आठ साल में करेगी। इसके बाद दूसरा कर्ज भी एक हजार करोड़ रुपए का लिया जा रहा है, जिसकी अदायगी सरकार 13 साल में करेगी। तीसरा कर्ज भी एक हजार करोड़ रुपए का होगा, जिसका ब्याज के साथ भुगतान 23 साल की अवधि में सरकार करेगी। तीनों ही कर्ज की अदायगी ब्याज के रूप में जून और दिसम्बर में ही की जाएगी। वहीं 11 नवम्बर को किए गए ऑक्सन के बाद सरकार ने 12 नवम्बर को 1500-1500 करोड़ रुपए के दो कर्ज और 1000 करोड़ का एक अन्य कर्ज लिया था। यह कर्ज 16 साल, 22 साल और 19 साल की के लिए है, जिनका कूपन रेट पर ब्याज भुगतान सालभर में दो बार (छह-छह माह में) किया जाएगा। इसी तरह 28 अक्टूबर को 5200 करोड़ के कर्ज लिए गए थे। तब कर्ज की 2700 करोड़ की पहली राशि 21 साल, 2500 करोड़ की दूसरी राशि 22 साल के लिए ली गई थी।

11 नवम्बर को किए गए ऑक्सन के बाद सरकार ने 12 नवम्बर को 1500-1500 करोड़ रुपए के दो कर्ज और 1000 करोड़ का एक अन्य कर्ज लिया है। यह कर्ज 16 साल, 22 साल और 19 साल की के लिए है।

28 अक्टूबर को 5200 करोड़ के कर्ज लिए गए थे। तब कर्ज की 2700 करोड़ की पहली राशि 21 साल, 2500 करोड़ की दूसरी राशि 22 साल के लिए ली गई थी।

30 सितम्बर को 1500-1500 करोड़ के दो कर्ज लिए गए थे, जिसका भुगतान एक अक्टूबर को हुआ। यह कर्ज 20 साल और 23 साल की अवधि के लिए हैं। इसका भुगतान एक अक्टूबर को हुआ था।

23 सितम्बर को 1500-1500 करोड़ रुपए के दो कर्ज लिए गए हैं जो 18 साल और 21 साल की अवधि के हैं।

नौ सितम्बर को तीन कर्ज लिए गए थे जो 1500-1500 करोड़ तथा एक हजार करोड़ रुपए के थे। यह कर्ज 17 साल, 19 साल और 20 साल की अवधि के लिए हैं।

26 अगस्त को मोहन सरकार ने 2500 करोड़ और 2300 करोड़ रुपए के दो कर्ज लिए थे। यह लोन 20 साल और 18 साल की अवधि के लिए हैं।

इन तिथियों को भी लिया गया लोन

5 अगस्त को 3 कर्ज लिए थे, जिसका भुगतान छह अगस्त को हुआ। इसमें पहला कर्ज 18 साल के लिए 1600 करोड़ का था। दूसरा कर्ज 20 साल के लिए 1400 करोड़ और तीसरा कर्ज 23 साल के लिए 1000 करोड़ रुपए का था। इस तरह कुल 4000 करोड़ रुपए का कर्ज लिया गया था।

30 जुलाई को 4300 करोड़ रुपए के दो कर्ज लिए। दोनों ही कर्ज 17 साल और 23 साल के लिए आरबीआई के माध्यम से लिए गए, जिसका भुगतान सालभर में दो बार कूपन रेट के जरिए ब्याज के रूप में किया जाएगा। ये दोनों ही कर्ज चालू वित्त वर्ष में लिए 7वें और 8वें कर्ज रहे हैं।

8 जुलाई को 2500 और 2300 करोड़ रुपए के दो कर्ज लिए थे। दोनों ही कर्ज 16 साल और 18 साल के लिए आरबीआई के माध्यम से लिए, जिसका भुगतान सालभर में दो बार कूपन रेट के जरिए ब्याज के रूप में किया जाएगा।

आरबीआई के माध्यम से 2 लोन 4 जून को लिए। पहला लोन 16 साल के लिए 2000 करोड़ रुपए का था। सरकार ब्याज के साथ इसकी अदायगी 4 जून 2041 तक करेगी। दूसरा लोन 18 साल के लिए 2500 करोड़ रुपए का था। यह 4 जून 2043 तक ब्याज के साथ चुकाया जाएगा।

सरकार ने चालू वित्त वर्ष का पहला कर्ज 7 मई को लिया था। इस दिन दो कर्ज ढाई-ढाई हजार करोड़ रुपए के लिए थे। मई में ढाई हजार करोड़ का पहला कर्ज 12 साल के लिए लिया था, जिसका ब्याज सात मई 2037 तक चुकाना है। इसी तरह ढाई हजार करोड़ रुपए का दूसरा कर्ज 7 मई को ही 14 साल के लिए लिया है, जिसकी भरपाई सात मई 2039 तक ब्याज के रूप में होगी।

## पृष्ठ 01 का शेष

### *बटालियन नंबर 1 का प्रभाव*

*यह बटालियन दंतेवाड़ा, बीजापुर और सुकमा जिलों में सबसे सक्रिय थी. AK-47, इंसास, स्लृ स्नाइपर गन जैसे हथियारों से लैस सैकड़ों नक्सली इसमें शामिल थे. टेकलगुडेम, बुरकापाल, मिनपा, ताड़मेटला, टहकवाड़ा जैसे हमलों में इसी टीम ने सुरक्षा बलों को भारी नुकसान पहुंचाया. लेकिन लगातार एनकाउंटर और पुलिस दबाव के कारण यह टीम अब बैकफुट पर है।*

### *नवंबर 2025 में डिप्टी सीएम ने की थी परिवार से मुलाकात*

*छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम विजय शर्मा नवंबर 2025 में अचानक सुकमा जिले के कोंटा विकासखण्ड के अतिसंवेदनशील ग्राम पूर्वर्ती पहुंचे थे. जहां उन्होंने गांव में जनचौपाल का आयोजन किया था. इस चौपाल में ग्रामवासी और पूर्वर्ती से संबंध रखने वाले नक्सल लीडर माड़वी हिड़मा एवं बारसे देवा के परिजन भी शामिल हुए थे. जिसमें माड़वी हिड़मा की माता माड़वी पुंजी तथा बारसे देवा की माता बारसे सिंगे भी शामिल थीं. उनके साथ बारसे देवा के परिवार से चाचा बारसे ढुंगा, भाई बारसे भीमा, बारसे सन्ना, बारसे आमता, बारसे सीमडा, भतीजा बारसे मड़का, बारसे हिड़मा, बहु बारसे जोगी एवं माड़?वी हिड़मा के परिजनों में चाचा माड़वी देवा, माड़वी सोमा, चाची माड़वी सुक?की, भाई माड़वी हड़मा, माड़वी मासे, बहु माड़?वी मंगली भी उपस्थित रहे. डिप्टी सीएम ने ने परिजनों से कहा कि उनका प्रयास है कि सभी भटके युवा हथियार छोड़ पुनर्वास कर लेते हैं तो शासन उनका ख्याल रखेगी और समाज के बीच रहकर अहिंसक तरीके से मुख्यधारा में शामिल होकर वे क्षेत्र के विकास के लिए कार्य कर सकते हैं. क्षेत्र के विकास और समृद्धि के लिए सभी के साथ की आवश्यकता है. ये युवा शक्ति क्षेत्र के विकास की नींव बन सकते हैं।*

## बस स्टॉप के नाम अब महापुरुषों के नाम पर

भोपाल। भोपाल के जिन बस स्टॉप पर सिटी बसें रुकती हैं, अब उनके नाम महापुरुषों के नाम पर होंगे। आने वाले दिनों में इन बस स्टॉप को देवी अहिल्याबाई, सुखदेव, बाजीराव पेशवा, राजा भोज, खुदीराम बोस, सम्राट अशोक, बाल गंगाधर तिलक, मंगल पांडे, बाबूलाल गौर, डॉ. राजेंद्र प्रसाद आदि नामों से जाना जाएगा। 54 बस स्टॉप के नामकरण को लेकर प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

देश के लिए बलिदान देने वाले महापुरुषों की स्मृति को चिरस्थायी बनाने और आने वाली पीढ़ी को महापुरुषों के इतिहास से अवगत कराने के मकसद से महापौर मालती राय एवं बीसीएलएल (भोपाल सिटी लिंक लिमिटेड) के डायरेक्टर मनोज राठौर ने यह पहल की है। भोपाल में सभी बस स्टॉपों का नामकरण महापुरुषों के नाम पर किया जा रहा है।

महापौर ने कहा है कि बस स्टॉप के रंगरोगन एवं नियमित साफ-सफाई कराने के साथ भविष्य में जो भी नए बस स्टॉप बनाए जाएंगे या उनका सौंदर्यीकरण होगा, उन सभी के नाम देश के लिए योगदान और बलिदान देने वाले महापुरुषों के नाम पर हो।

## इंदौर हादशे से सबक...भोपाल में पानी की जांच शुरू

### - महापौर ने इंजीनियरों को निरीक्षण करने को कहा

भोपाल । इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से 9 मौतें हो चुकी हैं। इसके बाद भोपाल नगर निगम भी अलर्ट हो गया है। महापौर मालती राय ने सभी इंजीनियरों को निरीक्षण करने के आदेश दिए हैं। जिससे पता चल सके कि कहीं दूषित पानी की सप्लाई तो नहीं की जा रही है। महापौर राय ने सब इंजीनियर, असिस्टेंट इंजीनियर और सुपरवाइजरों को निरीक्षण करने को कहा है। वहीं, अधीक्षण यंत्री और कार्यपालन यंत्री को नजर रखने को कहा है। निरीक्षण के बाद रिपोर्ट देने के आदेश भी दिए हैं।

8 महीने पहले अवधपुरी में पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) की सप्लाई अचानक बंद हो गई थी। जांच में सामने आया कि इलाके में एक प्राइवेट वेंडर द्वारा नाले से जुड़ा खुदाई कार्य किया जा रहा था। इसी दौरान भूमिगत पीएनजी पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे गैस सप्लाई बाधित हुई। इस तरह की स्थिति पीने की पाइप लाइन में तो नहीं, इसे जांचने के लिए बुधवार को नगर निगम की टीम अवधपुरी पहुंची। कुछ घरों से पानी के सैंपल भी लिए गए हैं। बता दें कि सीवेज संबंधित कई शिकायत हर रोज नगर निगम में आती हैं। ऐसे में डर है कि कहीं सीवेज पीने के पानी में तो नहीं मिल रहा? इसकी जांच के लिए टीमें मैदान में उतरी है।

### 3 साल पहले भोपाल में हो चुका हादसा

करीब 3 साल पहले भोपाल में बड़ा हादसा हो चुका है। ईदगाह हिल्स स्थित मदर इंडिया कॉलोनी में रात क्लोरीन गैस के रिसाव से हडकंप मच गया था। बस्ती में रहने वाले लोगों को आंखों में जलन और सांस लेने में तकलीफ होने लगी। इससे लोग घरों से बाहर निकल गए। महिला समेत 3 लोगों को हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। कुछ देर में यह संख्या 10 हो गई थी। इसके बाद पानी की सप्लाई रोक दी गई है। यदि यह पानी सप्लाई हो जाता तो कई लोग बीमार हो सकते थे।

## विभागीय लक्ष्यों और कार्ययोजनाओं की समीक्षा करते हुए सीएस ने अफसरों को दिया निर्देश...

### ईज ऑफ लिविंग और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस से मप्र को अग्रणी राज्य बनाएं

भोपाल। नववर्ष 2026 के पहले दिन मध्यप्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग जैन ने सभी विभागों को नई ऊर्जा और स्पष्ट विजन के साथ काम करने का संदेश दिया। गुरुवार को मंत्रालय वल्लभ भवन में आयोजित बैठक में उन्होंने विभागीय लक्ष्यों और कार्ययोजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के 'विजन 2047-विकसित भारत' के अनुरूप मध्यप्रदेश की भूमिका तय करते हुए योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। मुख्य सचिव ने अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे 'ईज ऑफ लिविंग' और 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' को प्राथमिकता देते हुए आम नागरिक के जीवन, रोजगार और व्यवसाय को सरल, सुगम और पारदर्शी बनाने के लिए नियम-कानूनों में आवश्यक सुधार करें। बैठक के दौरान अधिकारियों ने नववर्ष के अवसर पर मुख्य सचिव अनुराग जैन और पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना को शुभकामनाएं भी दीं। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि चालू वित्तीय वर्ष के शेष तीन माह के निर्धारित लक्ष्यों को समय-सीमा में पूरा किया जाए और वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए मिशन मोड में विभागीय कार्ययोजनाएं तैयार की जाएं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2028 तक अब रोलिंग बजट की व्यवस्था लागू होगी, इसलिए सभी विभाग अगले तीन वर्षों के लिए गरीब, अन्नदाता, युवा और नारी सशक्तिकरण को केंद्र में रखकर योजनाएं तैयार करें। मुख्य सचिव अनुराग जैन ने प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई मुख्य सचिवों की कॉन्फ्रेंस में मध्यप्रदेश के देश के अग्रणी पाँच राज्यों में शामिल होने पर अधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि मानव संसाधन विकास को 'विकसित भारत' के राष्ट्रीय एजेंडे से जोड़ते हुए राज्य स्तर पर ठोस प्रयास किए जाएं। साथ ही 1947 और 1950 से पहले के पुराने नियम-कानूनों की समीक्षा कर उन्हें आम जनता की सुविधा के अनुसार पुन- डिज़ाइन करने के निर्देश दिए।

### बड़े प्रोजेक्ट्स की नियमित निगरानी करें

मुख्य सचिव ने राज्य में चल रही और प्रस्तावित बड़ी परियोजनाओं को समय-सीमा में पूरा करने को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रोजेक्ट टाइम मैनेजमेंट प्लान के तहत साप्ताहिक, मासिक और त्रैमासिक समीक्षा की जाए तथा आवश्यकता पडने पर दैनिक मॉनिटरिंग भी सुनिश्चित की जाए। विभागों के बीच समन्वय से जुड़ी समस्याओं को तत्काल संज्ञान में लाने को कहा गया। इंदौर में हाल में हुई एक घटना पर दुख व्यक्त करते हुए मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए ठोस कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि किसी भी आपात स्थिति में संबंधित विभाग तुरंत राहत और बचाव कार्य शुरू करें और स्थानीय स्तर पर स्थायी समाधान तलाशे जाएं। बैठक में एमपी ई-सेवा ऐप की प्रगति की भी समीक्षा की गई। बताया गया कि ऐप पर अब तक 500 से अधिक सेवाएं उपलब्ध हैं। जनवरी तक 1200 और मार्च 2026 तक 1800 सेवाएं आम नागरिकों को उपलब्ध कराने की योजना है। मुख्य सचिव ने सभी विभागों से समन्वय कर ऐप को अधिक उपयोगी बनाने के निर्देश दिए।

## म्यांमार में भूकंप के झटके महसूस किए गए

नई दिल्ली। म्यांमार में गुरुवार शाम को भूकंप के झटके महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक, इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.6 मापी गई। भूकंप भारतीय समयानुसार शाम 6 बजकर 48 मिनट पर आया और इसकी गहराई जमीन के भीतर करीब 10 किलोमीटर थी।

नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जानकारी देते हुए बताया कि भूकंप का केंद्र म्यांमार में 22.79 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 95.90 डिग्री पूर्वी देशांतर पर स्थित था। फिलहाल इस भूकंप से किसी तरह के जान-माल के नुकसान की खबर नहीं आई है।

इससे पहले भी म्यांमार में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के अनुसार, सोमवार को म्यांमार में 3.9 तीव्रता का एक और भूकंप आया था। यह भूकंप 29 दिसंबर 2025 की रात 9 बजकर 00 मिनट पर दर्ज किया गया था। उस भूकंप का केंद्र 25.75 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 96.50 डिग्री पूर्वी देशांतर पर था, जबकि इसकी गहराई करीब 130 किलोमीटर बताई गई थी।

म्यांमार भूकंप के लिहाज से बेहद संवेदनशील देश माना जाता है। इसकी वजह यह है कि म्यांमार चार प्रमुख टेक्टोनिक प्लेटों—भारतीय, यूरेशियन, सुंडा और बर्मा प्लेट—के बीच स्थित है। इन प्लेटों की आपसी गतिविधियों के कारण यहां अक्सर मध्यम से लेकर तेज तीव्रता के भूकंप आते रहते हैं।

## शिक्षकों को छुट्टियों की मिलेगी ऑनलाइन मंजूरी

### - लोक शिक्षण संचालनालय की नई व्यवस्था
### - ऑनलाइन अटेंडेंस लगाना भी अनिवार्य

भोपाल। शिक्षा विभाग लगातार व्यवस्थाओं में परिवर्तन कर रहा है, ताकि विद्यार्थियों को अत्याधुनिक और बेहतर शिक्षा दी जा सके। वर्तमान शैक्षणिक सत्र शुरू होने के साथ ही शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति के बाद अब शिक्षकों के अवकाश की मंजूरी भी ऑनलाइन करने के आदेश जारी हो गए हैं। लोक शिक्षण संचालनालय ने 31 दिसंबर को आदेश जारी किया कि अब शिक्षकों को छुट्टियों की मंजूरी ऑनलाइन दी जाएगी। शिक्षकों को सीएल, बीएल, ईएल, मेडिकल और चाइल्ड केयर आदि अलग-अलग छुट्टियों की पात्रता रहती है। लंबे समय से ईएल के अवकाश बंद हो गए थे। अब यह शुरू कर दिया गया है। इसमें वर्ष में 10 दिन अर्जित अवकाश लिया जा सकेगा। यह क्रम ऑफिस स्टाफ पर भी लागू किया गया है। लोक शिक्षण संचालनालय ने एक बार फिर से ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने को प्रमुखता देते हुए इसे अनिवार्यता को दोहराया है। शिक्षकों की नाराजगी के बाद उनके लिए भोपाल से फोरी तौर पर राहत दी गई है। सरकारी कर्मचारियों का रविवार का अवकाश तो अनिवार्य रूप से रहता ही है, इसके अलावा 25 सामान्य अवकाश रहेंगे। इस नए वर्ष में चार पर्व और त्योहार रविवार को होने से इन छुट्टियों का लाभ सरकारी कर्मचारियों को नहीं मिलेगा। इसमें संत रविदास जयंती, दीपावली, बिरसा मुंडा जयंती, शिवरात्रि आदि शामिल हैं। इसी तरह 11 ऐच्छिक अवकाश भी रविवार को होने से कर्मचारी इनका लाभ नहीं ले पाएंगे।

## पुणे में शिवसेना उम्मीदवार ने दूसरे कैंडिडेट का फॉर्म निगला, केस दर्ज

### आरोपी बोला- मैं आधिकारिक उम्मीदवार; महाराष्ट्र नगर निगम चुनाव 15 जनवरी को

मुंबई। महाराष्ट्र में नगर निगम चुनाव से पहले एक हैरान करने वाला मामला सामने आया। पुणे में शिवसेना के एक उम्मीदवार पर अपनी ही पार्टी के कैंडिडेट का ए-बी फॉर्म फाडक़र निगल लिया। घटना बुधवार को धनकवड़ी सहकारनगर वार्ड कार्यालय में हुई। बाद में भारती विद्यापीठ पुलिस स्टेशन में शिवसेना के उम्मीदवार उद्धव कांबले के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

पुणे में वार्ड नंबर 34 के लिए शिवसेना के दो उम्मीदवारों को ए-बी फॉर्म जारी किए गए थे। इसके बाद शिवसेना के उम्मीदवारों कांबले और मच्छिंद्र धवले के बीच तीखी बहस हुई। पुलिस के मुताबिक बहस के दौरान, कांबले ने धवले का ए-बी फॉर्म छीन लिया, उन्हें फाड़ दिया और टुकड़े निगल लिए। फॉर्म ए और बी जरूरी दस्तावेज हैं जिनके तहत एक राजनीतिक पार्टी किसी खास नॉमिनी को चुनाव में अपना उम्मीदवार घोषित करती है। बीएमसी समेत 29 नगर निगमों के चुनाव 15 जनवरी को होने हैं, काउंटिंग अगले दिन होगी। नॉमिनेशन प्रक्रिया 23 दिसंबर को शुरू हुई थी, जो 30 दिसंबर को खत्म हुई। 2 जनवरी नामांकन वापस लेने की आखिरी तारीख है। उम्मीदवारों की फाइनल लिस्ट 3 जनवरी को जारी की जाएगी।

मामला दर्ज होने के बाद पुलिस कांबले की तलाश कर रही थी। इस दौरान दस्तावेज निगलने वाले उद्धव कांबले खुद पुलिस स्टेशन पहुंच गए। उन्होंने बताया कि वे पार्टी के कुछ पदाधिकारियों के साथ खुद पुलिस के सामने आए हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि वे वार्ड संख्या 36 से पार्टी के आधिकारिक उम्मीदवार हैं और पार्टी ने उन्हें ए-बी फॉर्म दिया था। हालांकि, चुनाव प्रक्रिया के दौरान उनके कार्यों के कारण उन्हें हिरासत में ले लिया गया है और आगे की जांच जारी है।

## 35 साल पुरानी परंपरा कायम...

### भारत-पाक ने एक-दूसरे को दी परमाणु ठिकानों की जानकारी

नई दिल्ली। भारत और पाकिस्तान ने गुरुवारको एक-दूसरे के साथ अपने परमाणु ठिकानों की लिस्ट शेयर की है। ये ठिकाने वही हैं, जहां दोनों देशों के परमाणु हथियार रखे जाते हैं। यह परंपरा पिछले 35 साल से चल रही है। भारत और पाकिस्तान ने नई दिल्ली और इस्लामाबाद में राजनयिक चैनलों के जरिए इस लिस्ट का आदान-प्रदान किया। यह सूची भारत और पाकिस्तान के बीच परमाणु प्रतिष्ठानों और सुविधाओं पर हमले के निषेध संबंधी समझौते के तहत आती है। यह समझौता 31 दिसंबर 1988 को साइन किया गया था। इसमें लिखा है कि दोनों देश इन परमाणु ठिकानों पर हमला नहीं करेंगे।

समझौता 27 जनवरी 1991 से लागू हुआ। इसके तहत भारत और पाकिस्तान हर कैलेंडर वर्ष के 1 जनवरी को एक-दूसरे को परमाणु ठिकानों के बारे में बताते हैं। पहली बार लिस्ट 1 जनवरी 1992 को शेयर की गई थी। यह लिस्ट ऐसे समय में बदली गई है जब मई 2025 में पहलगाम हमले के जवाब में भारत ने ऑपरेशन सिंदूर चलाया था। इसी दौरान पाकिस्तान के परमाणु ठिकाने किराना हिल्स पर ड्रोन गिरने का दावा किया गया था।

### भारत के पास 180 परमाणु हथियार

स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट की 2025 की रिपोर्ट के अनुसार भारत के पास 180 और पाकिस्तान के पास 170 परमाणु हथियार हैं। ये आंकड़े स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट की 2025 के वर्ल्ड न्यूक्लियर फोर्सेस डेटा पर आधारित हैं, जिसमें दोनों देशों के हथियारों की संख्या स्टॉकपाइल (पूंजीकृत भंडार) के रूप में दी गई है।

## चंदोरी में सड़क दुर्घटना में गंभीर 67 वर्षीय वृद्धा की मौत

### वारासिवनी से मजदूरी करके लौट रही थी बुगन बाई

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। वारासिवनी थाना अंतर्गत कटंगी रोड पर स्थित ग्राम चंदोरी के पास सड़क दुर्घटना में एक वृद्धा गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसकी जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतिका बुगल बाई भरत लाल मानेश्वर ग्राम चँदोरी निवासी है। 31 दिसंबर की शाम 7ः00 बजे करीब यह सड़क दुर्घटना उस समय हुई जब यह वृद्धा वारासिवनी से मजदूरी करके अपने घर जा रही थी। जिला अस्पताल पुलिस ने इस महिला का शव पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुगन बाई अपने पति भरतलाल के साथ मजदूरी करती थी। जिसके परिवार में दो बेटे और दो बेटी है ।सभी की शादी हो चुकी है। बुगल बाई के दोनों बेटे बाहर कमाने खाने गए हैं। बुगल बाई प्रतिदिन मजदूरी करने अपने घर से पैदल वारासिवनी आई थी और पैदल ही अपने घर जाती थी। 31 दिसंबर को भी रोज की तरह बुगन बाई अपने घर ग्राम चंदोरी से पैदल वारासिवनी मजदूरी करने गई थी। शाम 7ः00 बजे करीब बुगन बाई वारासिवनी से मजदूरी करके पैदल अपने घर चंदोरी जा रही थी। तभी कटंगी रोड ग्राम चंदोरी के पास ही कोई अज्ञात वाहन बुगन बाई को ठोस मार कर फरार हो गया। अज्ञात वाहन की ठोकर से बुगन बाई गंभीर रूप से घायल और बेहोश हो चुकी थी। खबर मिलते ही उसका पति भरतलाल और परिवार के अन्य लोग पहुंचे और गंभीर रूप से घायल बुगन बाई को वारासिवनी के सिविल अस्पताल में भर्ती किए थे। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल बालाघाट रिफर किया गया था ।जिला अस्पताल में उपचार के दौरान 1 जनवरी को सुबह 8ः00 बजे बुगन बाई की मौत हो गई। जिला अस्पताल पुलिस ने बुगन बाई का शव का पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिए हैं और धारा 194 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत मर्ग कायम कर मर्ग डायरी अग्रिम कार्रवाई हेतु घटनास्थल से संबंधित पुलिस थाना वारासिवनी भिजवा दी है।

## ईडी ने स्टॉक मार्केट में निवेश के नाम पर ठगी करने वालों को दबोचा, 4 करोड़ रुपए से अधिक की जब्ती की

अहमदाबाद । । प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अहमदाबाद जोनल ऑफिस ने स्टॉक मार्केट निवेश धोखाधड़ी के एक बड़े मामले में मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत महत्वपूर्ण जब्ती की है। ईडी ने मुख्य आरोपी हिमांशु उर्फ पिंटू भावसार और अन्य के ठिकानों से 110 किलोग्राम चांदी के बिस्किट (कीमत करीब 2.4 करोड़ रुपए), 1.296 किलोग्राम सोने के बिस्किट (कीमत लगभग 1.7 करोड़ रुपए), 39.7 किलोग्राम चांदी के गहने, 38.8 लाख रुपए नकद भारतीय मुद्रा, 10.6 लाख रुपए के बराबर विदेशी मुद्रा और विभिन्न संपत्तियों के दस्तावेज जब्त किए हैं। कुल जब्ती की अनुमानित कीमत 4 करोड़ रुपए से अधिक है। ये सभी संपत्तियां अपराध की कमाई मानी गई हैं। यह कार्रवाई खेरालू पुलिस स्टेशन, जिला मेहसाणा में दर्ज एफआईआर के आधार पर की गई, जिसमें हिमांशु भावसार और अन्य पर भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत धोखाधड़ी का आरोप है। एफआईआर के अनुसार, आरोपी ने शिकायतकर्ता को स्टॉक मार्केट में निवेश कर भारी मुनाफा कमाने का लालच दिया, लेकिन निवेशक का पैसा कभी किसी कंपनी के शेयर में नहीं लगाया गया। बल्कि, इसे व्यक्तिगत फायदे के लिए इस्तेमाल किया गया। जांच में पता चला कि गुजरात समेत अन्य राज्यों में कम से कम 6 और एफआईआर दर्ज हैं, जिनमें कुल धोखाधड़ी की राशि 10.87 करोड़ रुपए है।

मास्टरमाइंड हिमांशु भरतकुमार भावसार ने मेहसाणा, विसनगर और वडनगर में कई ऑफिस खोले थे, जहां आम जनता से स्टॉक मार्केट निवेश के नाम पर पैसे जुटाए जाते थे। आरोपी ने उच्च रिटर्न का वादा कर निवेशकों को लुभाया और नियमित फोन कॉल्स के लिए कर्मचारियों को रखा था।

पीएमएलए जांच में सामने आया कि हिमांशु ने सेबी द्वारा जारी इन्वेस्टमेंट एडवाइजर सर्टिफिकेट का दुरुपयोग किया। उन्होंने अपनी व्यक्तिगत क्षमता में विश्वास स्टॉक्स रिसर्च प्राइवेट लिमिटेड, दलाल स्टॉक्स एडवाइजरी प्राइवेट लिमिटेड और देवकी स्टॉक्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम से गैर-पंजीकृत इन्वेस्टमेंट एडवाइजरी गतिविधियां चलाईं। इन तीनों कंपनियों के पास सेबी से कोई वैध रजिस्ट्रेशन नहीं था।

पद्मेश न्यूज़ शहरनामा



/padmeshmedia /padmeshmedia epaper.balaghatexpress.in E-mail: balaghatexpress@gmail.com

## न्यूज गैलरी

### कान्द्रीखुर्द में हिमांशु ट्रेडर्स से जब्त किया गया 80 क्विंटल धान



पद्मेश न्यूज। बालाघाट। किरनापुर तहसील के अंतर्गत ग्राम कान्द्रीखुर्द में 01 जनवरी 2026 को नायब तहसीलदार बबीता सूर्या, मंडी निरीक्षक एवं कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी की टीम द्वारा हिमांशु ट्रेडर्स की जांच की गई। जांच के दौरान गंभीर अनियमितता सामने आई।

जांच टीम ने पाया कि मंडी पोर्टल पर उपलब्ध अभिलेखों के अनुसार संबंधित व्यापारी के पास कुल 148 क्विंटल धान दर्ज पाया गया, जबकि भौतिक सत्यापन के दौरान मौके पर मात्र 80 क्विंटल धान ही उपलब्ध था। शेष धान की अनुपलब्धता को लेकर विभागीय अधिकारियों ने संज्ञान लेते हुए तत्काल कार्रवाई की है। जांच के उपरांत मौके पर उपलब्ध 80 क्विंटल धान को जब्त कर नियमानुसार धान उपार्जन अवधि तक हिमांशु ट्रेडर्स की सुपुर्दगी में सुरक्षित रखने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच की जा रही है, ताकि नियमों के उल्लंघन की स्थिति में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा सके।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि धान उपार्जन व्यवस्था में किसी भी प्रकार की अनियमितता या गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### एक बाघ और दो तेन्दुए काल के गाल में समा गये

# मगरदर्रा सर्किल में मिला मादा तेंदुए का शव

## 20 दिनो में तीन वन्यप्राणियों की मौत से हड़कंप

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। जिले में वन्य प्राणियों की मौत का सिलसिला बदस्तूर जारी है। जहां कभी शिकार तो कभी अन्य कारणों के चलते वन्य प्राणियों को मौत की मौत के मामले लगातार समाने आ रहे है।लगातार वन्य प्राणियों की हो रही इन मौत के बीच उत्तर सामान्य वन मंडल के अंतर्गत आने वाले ग्राम मगरदर्रा सर्किल बिट के खेत मे एक मादा तेंदुए की मौत होने का मामला सामने आया है।जिसमें वन विभाग द्वारा तेंदुए के सर व पेट मे चोट लगने से मौत की आशंका जताई जा रही है।हालांकि यह चोट कैसे लगी फिलहाल यह स्पष्ठ नही हो पाया है।कोई इसे एक महज घटना बता रहा है तो कोई इसे आपसी संघर्ष का नतीजा मांन रहा है।बहरहाल विभागीय टीम द्वारा मृत तेंदुए के अवशेषों को जाच के लिए लैब पहुचाकर, विधि विधान के अनुसार तेंदुए को शव को जलाकर नष्ट किया गया है।वही मामले की हर कोण से जाँच शुरू कर दी गई है।

### खुफिया तंत्र मजबूत कर, शुरू की जांच

बताया जा रहा है कि गुरुवार की सुबह ग्रामीणों द्वारा मगरदर्रा सर्किल,के एक खेत में एक मादा तेंदुए को मृत देखा, जिसकी सूचना उन्होंने विभाग के कर्मचारियों को दी, जहां विभाग के कर्मचारियों ने वरिष्ठ अधिकारियों को मामले से अवगत कराते हुए वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में मृत तेंदुए का पोस्टमार्टम कराकर फॉरेंसिक जांच के लिए सैंपल भोपाल भेजे हैं वही वरिष्ठ अधिकारियों की प्रमुख उपस्थित में म्रत तेंदुए के शव को नष्ट करने की कार्यवाही कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।उधर वन विभाग अधिकारियों ने अपना खुफिया तंत्र मजबूत कर दिया है मामले की जांच शुरू कर दी है।

### आपसी संघर्ष की भी जताई जा रही आशंका

जिले में बढ़ती हिंसक वन्यप्राणियों की संख्या के चलते, अब वन्यप्राणी, अपने क्षेत्र के लिए संघर्ष करने लगे है। जहां



अधिकार क्षेत्र को लेकर आए दिनों होने वाली वर्चस्व की लड़ाई में अक्सर किसी न किसी हिंसक वन्य प्राणी की मौत हो जाती है।शुरूआती दौर में इस घटना की वजह 2 तेंदुओ के बीच आपसी संघर्ष को माना जा रहा है। वही चोट के निशान को देखते हुए इसे चट्टान से गिरने, या कूदने के दौरान पेट व सिर में चोट लगने के भी आशंका जताई जा रही है।

### गुरुवार की सुबह किया गया अंतिम संस्कार

जानकारों की मानें तो तेंदुआ में आपसी संघर्ष आमतौर पर सहवास या क्षेत्रीय वर्चस्व को लेकर होता है. नर तेंदुए अक्सर अपने इलाके की रक्षा के लिए दूसरे तेंदुओं से संघर्ष करते हैं. वहीं, कभी-कभी मादा को भी मार डालते हैं, ।बताया गया कि मगरदर्रा में मादा तेंदुए का शव मिलने के बाद उसे बरामद कर प्रोटोकॉल के तहत गुरुवार को अंतिम संस्कार कर दिया गया है।

### 20 दिनों के भीतर बाघ सहित 3 की हो चुकी है मौत

जिले में तेंदुए की मौत का यह कोई पहला मामला नहीं है बल्कि जिले के भीतर आए दिन ऐसी घटनाएं होती रहती हैं जहां जंगल में तेंदुए का शव होने की जानकारी मिलती रहती है इस माह में 12 दिसम्बर को कटंगी में एक बाघ की मौत का मामला सामने आया था जहा दक्षिण सामान्य वन मंडल बालाघाट के वन परिक्षेत्र कटंगी के बोनकट्टा सर्किल के आंजनबिहरी बीट के कक्ष क्रमांक 562 में एक बाघ की करंट लगने से मौत हो गई थी। अभी इस पूरे मामले की जांच भी पूरी नहीं हो पाई थी कि 22 दिसंबर 2025 को वन परिक्षेत्र उत्तर लामता (सा.) अंतर्गत लामता भागक्ष्1 वृत्त के बीट जनमखार स्थित वनकक्ष क्रमांक 1284 में एक मृत तेंदुआ पाया गया था। 22 दिसंबर का यह मामला सुलझा भी नहीं था कि 31 दिसंबर की रात उत्तर सामान्य वन मंडल के अंतर्गत आने वाले मगरदर्रा सर्किल के एक खेत में मादा तेंदुए का संदिग्ध अवस्था में शव पाया गया है कुल मिलाकर 22 दिनों के अंदर तीन वन्य प्राणियों की मौत हो चुकी है।

### तेंदुए के अंग सुरक्षित

विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मगरदर्रा सर्किल में जो तेंदुआ का शव बरामद किया गया हैं उस मृतक तेंदुए का शव सही सलामत है। तेंदुए के शव से किसी भी प्रकार के अंग नहीं निकाले गए हैं जिससे कहा नहीं जा सकता की इनका शिकार किया गया हो लेकिन शव के सर व पेट मे चोट के निशान मिलना शिकार की ओर भी इशारा कर रहा है ।जिसकी जांच जारी है ।उधर मृत तेंदुए का पंचनामा कार्यवाही कर वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में शव को नष्ट करने की कार्यवाही विभाग द्वारा की गई वहीं विभागीय अधिकारी अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आने के बाद ही यह तय हो पाएगा कि मौत किस कारण से हुई है वही पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने तक इस पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है।

### सैम्पल लेकर जाँच के लिए भेजे गए है- परते

पोस्टमॉर्टम के बाद पशु अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. घनश्याम परते ने बताया कि तेंदुए की नाक, सिर और पेट में चोटें थीं।उन्होंने बताया कि ये चोटें गिरने या किसी बाहरी आघात से हो सकती हैं, लेकिन मारने जैसे कोई स्पष्ट निशान नहीं मिले हैं। आवश्यक जांच के लिए सैंपल ले लिए गए हैं।

### सिर और पेट में चोट के निशान मिले हैं- धुर्वे

वन मंडल अधिकारी रेशम सिंह धुर्वे ने बताया कि मृत मादा तेंदुए के सिर और पेट में चोट के निशान मिले हैं।प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि किसी पेड़ या चट्टान से कूदते समय बेकाबू होकर गिरने से उसे चोटें आईं, जिससे उसकी मौत हो गई। घटनास्थल पर शिकार या करंट लगने के कोई निशान नहीं मिले हैं।

## नए वर्ष की खुशियां मातम में बदली, दो मोटरसाईकिल के बीच हुई भिड़ंत में एक की मौत

पद्मेश न्यूज। कटंगी। बालाघाट जिले के तिरोड़ी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम नांदी के युवाओं को नए साल का जश्न मनाने के लिए दो राज्यों की संयुक्त सिंचाई परियोजना राजीव सागर बांध कुड़वा का दीदार करने के लिए जाना महंगा पड़ गया। नए साल का जश्न मना कर वापस घर की तरफ लौट रहे इन दोस्तों की खुशियां उस वक्त मातम में तब्दील हो गई जब इन्हीं की मोटरसाइकिल आपस में एक दूसरे से भीड़ गई। इस सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। घटना 1 जनवरी गुरुवार की शाम करीब साड़े 6 बजे के आसपास की है। हादसा महकेपार चौकी क्षेत्र के अंबेझरी से कन्हड़गांव के बीच सड़क मार्ग में हुआ है।



प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम नांदी से आदर्श पिता विमलेश नाने, अमल पिता शंकर ठवकर, सागर पिता सालिकराम बागडे, भूपेंद्र पिता आनंद राव बोपचे, आर्यन पिता बस्तीराम भलावे और क्रिश लांजेवार गुरुवार की सुबह दो अलग-अलग बाइक पर सवार होकर नए साल का जश्न मनाने के लिए राजीव सागर बंध गए हुए थे। शाम के वक्त घर की तरफ वापस लौटते वक्त इन्हीं की बाइक आपस में टकरा गई। घायलों ने बताया कि रेत से एक बाइक फिसल गई जिस कारण पीछे आ रही दूसरी बाइक भी सीधे सामने चल रही बाइक से जाकर टकरा गई। जिससे दोनों ही बाइक में सवार यह सभी लोग गिरकर घायल हो गए। हादसे के बाद संजीवनी 108 और डायलङ्ग 112 को सूचना दी गई दोनों ही आपातकालीन वाहन मौके पर पहुंचे और घायलों को सरकारी अस्पताल कटंगी लाया गया। सरकारी अस्पताल में चिकित्सक डॉ विनोद भलावी ने सागर की मौत की पुष्टि की है। हादसे में आर्यन भलावी के सिर पर चोट लगने से वह भी गंभीर रूप से घायल हुआ है जिसे जिला अस्पताल बालाघाट रेफर किया गया है। आदर्श नाने का एक हाथ फ्रैक्चर हुआ है। जबकि अन्य तीन युवाओं को मामूली चोट आई है।

स ?क हादसे की सूचना मिलते ही नांदी गांव के लोग बड़ी संख्या में अस्पताल पहुंचे। यहां घायलों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। बताया जा रहा है कि सड़क हादसे में मरने वाले युवक के माता-पिता नहीं है और वह बचपन से ग्राम नांदी में अपने किसी रिश्तेदार के यहां रहता था। हादसे में युवक की मौत की खबर सूनने बाद शाम होते ही पूरे गांव में मातम छा गया।

## माँ ने पूछा-गाली देना कहाँ से सीखा, तीन साल के बच्चे ने बोला आंगनवाड़ी से!!

### फिर बच्चे की मां और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आपस में भिड़ी- मारपीट में दोनों घायल

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। मलाजखंड थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम भीमजोरी में 3 साल के बच्चे द्वारा घर में गाली देने की भड़ास इस बच्चे की मां ने आंगनवाड़ी केंद्र में आकर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता से निकाली।और इस महिला ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के साथ मारपीट की तो वहीं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ने भी इस महिला की जमकर पिटाई कर उसे जान से मारने की धमकी दे दी। मलाजखंड पुलिस ने मारपीट में घायल आंगनवाड़ी कार्यकर्ता नीलम पति लोकेश मरकाम 34 वर्ष और महिला शिबा खान पति शकील खान 28 वर्ष के द्वारा की गई रिपोर्ट पर दोनों के विरुद्ध मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में अपराध दर्ज किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शिबा खान घरेलू काम करती है। जिसके पति ठेकेदारी करते हैं। जिसका बड़ा बेटा 3 साल का है और वह अपने गांव की आंगनवाड़ी केंद्र में पढ़ने जाता है। किंतु पिछले कुछ दिनों से यह बच्चा घर में गालियां देने लगा था। शिबा खान ने अपने बेटे को डांट फटकार लगाते हुए पूछी की गाली देना कहा से सीखा है। बच्चे ने बताया कि आंगनबाड़ी में। 1 जनवरी को सुबह 10 बजे शिबा खान अपने बेटे को लेकर आंगनबाड़ी केंद्र गई वहा पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नीलम मरकाम को गालिया देते हुये बोली कि तुम मेरे बेटे को गालियां देना सिखाते हो, पढ़ाई लिखाई नहीं सिखाते हो और वह जोर-जोर से आंगनवाड़ी कार्यकर्ता नीलम मरकाम को अश्लील गालियां देने लगी। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता नीलम मरकाम ने शिबा खान से बोली की तुम लोग घर में गालियां देकर बात करते हो तो बच्चे गालिया ही सीखेंगे ।जिसके बाद आंगनवाड़ी कार्यकर्ता नीलम मरकाम ने शिबा खान को बोली की जो भी बात करना है आराम से बताओ। यह कहते ही शिबा खान गुस्से भ ?क गई और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता फिल्म मरकाम को हाथ बुक्के से मारपीट करने लगी तभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता नीलम मरकाम भी शिबा खान पर हावी हो गई और वह भी शिबा खान को मारपीट करने लगी। दोनों एक दूसरे को हाथबुक्के से मारपीट करने लगे। दोनों के चिल्लाने की आवाज सुनकर मौके पर उपस्थित लोगों ने बीच बचाव किये। मारपीट में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता नीलम मरकाम और और शिबा खान दोनों चोटिल हो गए थे। दोनों का इलाज करवाया गया और दोनों के द्वारा मलाजखंड पुलिस थाने में रिपोर्ट की गई। मलाजखंड पुलिस ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता नीलम मरकाम के द्वारा की गई रिपोर्ट पर शिबा खान के विरुद्ध अश्लील गालियां देकर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में भारतीय न्याय संहिता और अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम कि संबंधित धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया है और शिबा खान के द्वारा की गई रिपोर्ट पर भी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता नीलम मरकाम के विरुद्ध मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

## गर्रा मेला में चाकू बाजी में युवक घायल

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। कोतवाली क्षेत्र में आने वाले ग्राम गर्रा के मेला में बीती रात चाकू बाजी में एक युवक घायल हो गया। चाकू बाजी का करने का आरोप घायल युवक नितेश पिता भोज लाल पटले 25 वर्ष वार्ड नंबर 11 गर्रा बालाघाट निवासी ने अपने गांव के ही प्रणव नामक युवक पर लगाया है। घायल इस युवक युवक का इलाज जिला अस्पताल बालाघाट में किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार निलेश पटले ट्रक में हेल्परी करता है। 31 दिसंबर की रात में नीलेश पटले गर्रा के मेला में घूम रहा था। तभी गर्रा का ही प्रणव नाम का युवक उसके पास आया और बोला कि तुमने मुझे मोबाइल बेचा था और मुझे पुलिस लेकर गई थी ।प्रणव निलेश पटले से मोबाइल के रुपए मांगने लगा। इसी को लेकर के दोनों के बीच विवाद हो गया और प्रणय ने चाकू निकाल कर निलेश पटले पर वार किया, चाकू का वार निलेश पटले के दाएं हाथ की हथेली में लगा। प्रणव के साथ में एक और लड़का था ।जिसके साथ प्रणव ने मिलकर निलेश पटले को हाथबुक्के से मारपीट कर उसे जान से मार डालने की धमकी दे दी। सूचना मिलती ही मौके पर पहुंची डायल 112 से नीलेश पटले को जिला अस्पताल लाकर भर्ती किया गया। जिला अस्पताल पुलिस ने निलेश पटले का बयान लेकर अस्पताल तहरीर अग्रिम कार्रवाई हेतु कोतवाली भिजवा दी है।

पैसा ठीक होने के बाद देना
शादी से पहले एवं शादी के बाद
उम्र की अधिकता से कमजोर सेक्स, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, लिंग का छोटापन, टेडापन, निःसंतान, शुक्राणुओं की कमी, शुगर से आयी कमजोरी आदि सभी सेक्स समस्याओं का शर्तिया ईलाज किया जाता है।
पता-जगजीवन आयुर्वेदिक दवाखाना
गुरूनानक पेट्रोल पंप के सामने समाजवाड़ी रोड, बालाघाट, मो. 9243880464







स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.9, गुजरी चौक, बालाघाट (म.प्र.) से मुद्रित कराकर दैनिक बालाघाट एक्सप्रेस कार्यालय, काली पुतली चौक, बालाघाट(म.प्र.) से प्रकाशित, **प्रधान संपादक : उमेश बागरेचा**, मो.नं. :9425138710,
**स्थानीय संपादक : डॉ. विपिन बिहारी शांडिल्य**, ई-मेल- balaghatexpress@gmail.com पंजीयन क्रं. MPHIN/2009/32311, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट